kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स
सिर्फ सच

वर्ष-14 | अंक-274 | शनिवार, 08 नवम्बर 2025 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12



प्रत्येक व्यक्ति को यह जानकारी होनी चाहिए कि यदि स्वस्थ रहना है तो किन आदतों को अपनाना और किन्हें त्यागना आवश्यक है। राज्यपाल ने राजभवन के अधिकारियों एवं कार्मिकों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वास्थ्य ही सबसे बड़ा धन है।
आनंदीबेन पटेल

युद्धाभ्यास 'त्रिशूल' में भारत ने पश्चिमी सरहद पर हवा से जमीन तक दिखाई ताकत 11

बैंक चोर गिरोह का सरगना 'मामू' गिरफ्तार 12

प्रधानमंत्री ने कांग्रेस का नाम लिए बिना कहा

# वंदे मातरम को तोड़ने वाली विभाजनकारी सोच अभी भी देश के लिए चुनौती

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

नयी दिल्ली । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस का नाम लिए बिना शुक्रवार को कहा कि एक विभाजनकारी सोच ने 1937 में राष्ट्र निर्माण के महामंत्र वंदे मातरम के कुछ अंशों को निकालकर तोड़ दिया था और वंदे मातरम के इस विभाजन ने देश के विभाजन के भी बीज बो दिये थे। उन्होंने देशवासियों विशेष रूप से युवाओं को आगाह करते हुए कहा कि यह विभाजनकारी सोच आज भी देश के लिए चुनौती बनी हुई है और इससे सावधान रहने की जरूरत है।

श्री मोदी ने राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने के मौके पर यहां आयोजित स्मरणोत्सव समारोह को संबोधित करते हुए यह बात कही। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने एक स्मारक सिक्का तथा स्मारक डाक टिकट जारी किया और वंदे मातरम को समर्पित पोर्टल की भी शुरूआत की। केन्द्र सरकार ने वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने के अवसर को मनाने के लिए साल भर चलने वाले कार्यक्रमों की घोषणा की है। ये कार्यक्रम अगले एक वर्ष तक पांच चरणों में आयोजित किए जायेंगे।

श्री मोदी ने आजादी से लेकर अब तक वंदे मातरम की देश निर्माण में महत्वपूर्ण यात्रा का उल्लेख करते हुए कहा कि वंदे मातरम से जुड़ा एक और विषय है जिसकी चर्चा करना उतना ही आवश्यक है। उन्होंने कहा आजादी की लड़ाई में वंदे मातरम की भावना ने पूरे राष्ट्र को प्रकाशित किया था। लेकिन दुर्भाग्य से1937 में वंदे मातरम के महत्वपूर्ण पदों को एउसकी आत्मा के एक हिस्से को अलग कर दिया गया था। वंदे मातरम को तोड़ दिया गया था । उसके टुकडे किये गये थे। वंदे मातरम के इस विभाजन ने देश के विभाजन के बीज भी बो दिये थे। राष्ट्र निर्माण के इस महामंत्र के साथ यह अन्याय क्यों हुआ । ये आज की पीढी को भी जानना जरूरी है क्योंकि वही विभाजनकारी सोच विभाजनकारी सोच देश के लिए आज भी चुनौती बनी हुई है।

उन्होंने जोर देकर कहा कि हम सब को मिलकर इस सदी को भारत की सदी बनाना है। उन्होंने कहा यह सामर्थ्य भारत में है। हमें इसके लिए खुद पर विश्वास करना है।

उन्होंने नकारात्मक सोच वाले लोगों से सतर्क रहने का आह्वान करते हुए कहा कि इनकी शंका पैदा करने की कोशिश को नाकाम करना होगा। उन्होंने कहा कि नकारात्मक सोच वाले लोग शंका पैदा करने की ● शेष पेज 11 पर



**मोदी बोले**

- विद्या, समृद्धि और शक्ति से आज वंदे मातरम की संकल्पना को साकार कर रहा भारत : प्रधानमंत्री
- यह विभाजनकारी सोच आज भी देश के लिए चुनौती बनी हुई है और इससे सावधान रहने की जरूरत है।
- वंदे मातरम आजादी के परवानों का तराना होने के साथ ही यह भी बताता है कि इस आजादी की रक्षा कैसे करनी है।

## वंदे मातरम स्वतंत्रता का गीत ही नहीं भारत के जागरण का पहला मंत्र भी : शाह

कैनविज टाइम्स ब्यूरो



नई दिल्ली। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि 'वंदे मातरम्' केवल भारत का राष्ट्रीय गीत नहीं बल्कि स्वतंत्रता संग्राम की आत्मा और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की पहली घोषणा है। यह गीत भारत के जागरण और अडिग संकल्प का प्रतीक है और आने वाली पीढ़ियों के लिए हमेशा प्रेरणा का स्रोत रहेगा। वंदे मातरम केवल शब्दों का गीत नहीं बल्कि देशभक्ति और संस्कृति की गहन भावना को व्यक्त करने वाला साधन है। गृह मंत्रालय के अनुसार अमित शाह ने अपने ब्लॉग में लिखा कि वंदे मातरम् ने हमेशा भारतीय समाज में सामूहिक चेतना और एकता को जागृत किया। साल 1875 में जगद्धात्री पूजा के दिन बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय ने इस गीत की रचना की थी। इसके शब्दों में प्रार्थना और भविष्यवाणी दोनों समाहित हैं। बंकिम बाबू ने यह गीत केवल साहित्यिक रचना के रूप में नहीं लिखा बल्कि यह भारत के सांस्कृतिक नागरिक चेतना को जगाने का पहला संदेश था। उन्होंने कहा कि यह गीत भाषा और क्षेत्र की सीमाओं को पार करते हुए पूरे भारत में गूंजा। तमिलनाडु में सुब्रमण्यम भारती ने इसे तमिल में प्रस्तुत किया और पंजाब में स्वतंत्रता सेनानियों ने इसे ब्रिटिश शासन के खिलाफ नारे के रूप में गाया। ● शेष पेज 11 पर

# भारत के युवा बनेंगे नए भारत के प्रेरक : उपराष्ट्रपति

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

सोनीपत/नई दिल्ली। उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि सही शिक्षा और कौशल से हमारे युवा नव भारत के निर्माण में मुख्य भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने छात्रों को आत्मविश्वास, अनुशासन और मेहनत के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि मूल्य आधारित शिक्षा और चरित्र निर्माण ही सच्ची सफलता की कुंजी है। उन्होंने यहां एसआरएम यूनिवर्सिटी दिल्ली-एनसीआर, सोनीपत, हरियाणा के तीसरे दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेते हुए स्नातक हो चुके विद्यार्थियों को बधाई दी।



उन्होंने कहा कि उनकी डिग्रियां केवल शैक्षणिक उपलब्धि नहीं बल्कि उन मूल्यों, अनुशासन और मानसिक दृढ़ता का प्रतीक हैं, जो उन्होंने विश्वविद्यालय में अपने समय के दौरान विकसित किए हैं। उन्होंने कहा कि तकनीकी दक्षता और अकादमिक उत्कृष्टता के साथ-साथ छात्रों में अच्छे संस्कार, चरित्र और सामाजिक जिम्मेदारी का होना आवश्यक है। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की सराहना करते हुए कहा कि यह नीति बहुविषयक शिक्षा, लचीलापन और अनुसंधान आधारित विकास के लिए एक मार्गदर्शिका प्रदान करती है। उपराष्ट्रपति ने विकसित भारत 2047 के लक्ष्य का उल्लेख करते हुए कहा कि यह समावेशी और समान विकास के लिए है। सरकारी प्रयासों से अनुसूचित जाति और जनजाति के छात्रों, ग्रामीण क्षेत्रों और महिलाओं ● शेष पेज 11 पर

## विक्रांत जेटली को हर संभव सहायता दी जा रही है : विदेश मंत्रालय

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली । विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में हिरासत में लिए गए भारतीय सेना के पूर्व मेजर विक्रांत जेटली को भारत सरकार सभी जरूरी और संभव सहायता उपलब्ध करा रही है। उल्लेखनीय है कि भारतीय सेना के पूर्व अधिकारी मेजर विक्रांत जेटली फिल्म अभिनेत्री सेलिना जेटली के भाई हैं।सेना से निवृति लेने के बाद वे 2016 से आबूधाबी में एक निजी कम्पनी में कार्यरत थे। 2024 में उन्हें अचानक बिना किसी ठोर कारण बताए हिरासत में ले लिया गया। शुरूआती दौर में देश की सुरक्षा का हवाला दिया गया पर अब तक उस संबंध में कोई ठोस तथ्य नहीं दिए गए। हाल ही में दिल्ली हाईकोर्ट ने भी इस मामले का संज्ञान लिया था और सेलिना जेटली ने भी सोशल मीडिया के माध्यम से मार्मिक अपील की थी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को साप्ताहिक पत्रकार वार्ता में एक प्रश्न के उत्तर में बताया कि अबू धाबी में हिरासत में लिए गए मेजर विक्रांत को लेकर हमें राजनयिक पहुंच प्राप्त हुई है और चार बार हमारे राजनयिक उनसे मिले हैं। हमारा दूतावास हर संभव मदद उन्हें मदद दे रहा है और परिवार के साथ भी संपर्क में हैं, जिसमें उनकी पत्नी भी शामिल है। दिल्ली हाई कोर्ट के निर्देश के अनुसार भी हमारा दूतावास हर संभव मदद दे रहा है।

## दिल्ली के आईजीआई एयरपोर्ट पर एटीसी में गड़बड़ी, 100 से ज्यादा उड़ानें प्रभावित

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आईजीआई) एयरपोर्ट पर शुक्रवार को अफरा-तफरी का माहौल दिखा। एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) सिस्टम में तकनीकी खराबी आने के कारण 100 से ज्?यादा उड़ानें प्रभावित हो गईं। दिल्ली एयरपोर्ट के अधिकारियों ने एटीसी में तकनीकी समस्या के कारण आईजीआईए पर उड़ान में हो रही बाधा के लिए खेद जताया है, जिससे उड़ान संचालन प्रभावित हो रहा है। एयरपोर्ट अथॉरिटी ने उड़ानों में देरी पर जारी एक एडवाइजरी में बताया कि उनकी टीम डायल (दिल्ली अंतरराष्?ट्रीय हवाई अड्डा लिमिटेड) सहित सभी हितधारकों के साथ मिलकर इस समस्या का जल्द से जल्द समाधान ● शेष पेज 11 पर

## संक्षेप

### ईडी की हवाला कारोबारियों के खिलाफ दिल्ली, गोवा में कई ठिकानों पर छापेमारी

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दुबई में 'अघोषित' संपत्ति रखने वाले भारतीयों के खिलाफ एक जांच के तहत शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और गोवा में हवाला कारोबारियों के ठिकानों पर छापेमारी की। ये छापेमारी विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फ़ेमा) के तहत की जा रही है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि प्रवर्तन निदेशालय मुख्यालय इकाई दुबई में भारतीयों की अघोषित संपत्तियों के संबंध में विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फ़ेमा) के तहत हवाला कारोबारियों के दिल्ली और गोवा स्थित कई ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। अधिकारियों ने बताया कि ये छापेमारी विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फ़ेमा) के तहत की जा रही है, जो फिलहाल जारी है। दिल्ली और गोवा में संबंधित पुलिस बलों के साथ निकट समन्वय में संदिग्ध हवाला ऑपरेटरों के खिलाफ विशेष सूचना के आधार पर सुबह से ही छापेमारी जारी है।

### इंदौर की एक और गौरवपूर्ण उपलब्धि, अंतरराष्ट्रीय पैरा एथलीट पूजा गर्ग राष्ट्रीय पुरस्कार 2025 के लिए चयनित

इंदौर । मध्य प्रदेश के इंदौर शहर को एक और गौरवपूर्ण उपलब्धि प्राप्त हुई है। इंदौर की बेटी और अंतरराष्ट्रीय पैरा एथलीट पूजा गर्ग (अग्रवाल) का चयन भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा घोषित राष्ट्रीय पुरस्कार 2025 के लिए किया गया है। उन्हें यह सम्मान श्रेष्ठ दिव्यांगजन श्रेणी में प्रदान किया जाएगा। यह पुरस्कार दिसंबर 2025 में नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु प्रदान करेंगी। जनसम्पर्क अधिकारी महिपाल अजय ने शुक्रवार को जानकारी देते हुए बताया कि पूजा गर्ग की जीवन यात्रा साहस, संघर्ष और प्रेरणा का प्रतीक है। वर्ष 2010 में एक गंभीर दुर्घटना में रीढ़ की हड्डी (स्पाइनल कॉर्ड) में चोट लगने के बाद भी उन्होंने हार नहीं मानी। कठिन पुनर्वास और 13 सर्जरियों के बाद उन्होंने न केवल सामान्य जीवन की ओर वापसी की, बल्कि कैंसर जैसी गंभीर बीमारी को भी मात दी। आज वे भारत की अंतरराष्ट्रीय पैरा कैनो खिलाड़ी हैं और एशियन पैरा कैनो चैंपियनशिप 2025 (थाईलैंड) में दो कांस्य पदक जीतकर देश का गौरव बढ़ा चुकी हैं। वर्ष 2024 में उन्होंने 14 हजार 400 फीट ऊँचे नाथुला पास (सिक्किम) पर मोटरबाइक से पहुँचकर भारतीय तिरंगा लहराया, जिसके लिए उनका नाम वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स Տ लंदन में दर्ज किया गया।

# मैं भारत जाऊंगा : ट्रंप

एजेंसी

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत के साथ व्यापार समझौते को लेकर जारी वार्ता पर संतोष व्यक्त करते हुए आज स्पष्ट संकेत दिये कि वह अगले साल भारत की यात्रा कर सकते हैं। यहां व्हाइट हाउस में गुरूवार को संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को एक 'दोस्त' और 'बेहतरीन व्यक्ति' करार देते हुए कहा कि भारत ने काफी हद तक रूसी तेल की खरीद बंद कर दी है। ट्रंप ने भारत के खिलाफ इस साल अगस्त में पचास प्रतिशत आयात शुल्क लगा दिए थे जिसमें से 25 प्रतिशत शुल्क रूस से तेल और हथियार खरीदे जाने के विरोध में लगाए गए। उनका आरोप है कि इस लेन- देन से रूस को यूक्रेन के खिलाफ युद्ध जारी रखने में मदद मिल रही है। हालांकि भारत हमेशा से ही इस आरोप का खंडन करता रहा है। गौरतलब है कि ट्रंप का यह बयान उस समय आया है जब दोनो देश एक द्विपक्षीय व्यापार समझौते को लेकर एक उच्च स्तरीय वार्ता 'पूरी करने में संलग्न हैं। संवाददाताओं द्वारा उनके भारत की यात्रा पर जाने की योजना के बारे में



पूछे जाने पर उन्होंने संवाददाताओं से कहा,'' हम इस बारे में काम कर रहे हैं। मैं भारत जांऊगा। प्रधानमंत्री मोदी एक बेहतरीन व्यक्ति हैं और मैं वहां जरूर जाऊंगा।'' ट्रंप ने कहा कि उनकी यह यात्रा अगले साल हो सकती है। उनका यह बयान भारत द्वारा इस साल ''क्वाड'' शिखर सम्मेलन की मेजबानी और उनकी वहां मौजूदगी के बारे में बनी अनिश्चितताओं के बीच आया है। क्वाड एक अनौपचारिक मंच है जिसमें जापान, अमेरिका, आस्ट्रेलिया और भारत शामिल हैं और यह भारत- प्रशांत क्षेत्र में समृद्धि और सुरक्षा को बढ़ाने के लक्ष्य के साथ गठित किया गया है। हालांकि इस शिखर सम्मेलन की तय तारीख के बारे में अभी कोई पुष्टि नहीं हुई है। ● शेष पेज 11 पर

## हिन्दू एकता व हिन्दू राष्ट्र के लिए सड़कों पर हैं लाखों सनातनी : धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री

नई दिल्ली । दिल्ली के छतरपुर स्थित कात्यायनी शक्ति पीठ से शुक्रवार को बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के नेतृत्व में सनातन हिन्दू एकता पदयात्रा 2025 शुरू हुई। यह पदयात्रा वृंदावन स्थित श्री बांके बिहारी मंदिर तक जाएंगी। 10 दिन की यह पदयात्रा दिल्ली, हरियाणा से गुजरते हुए उत्तर प्रदेश के वृंदावन में 16 नवंबर को संपन्न होगी। बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री ने पदयात्रा प्रारंभ करते हुए कहा कि आज दिल्ली में लाखों सनातनी हिंदू एकता व हिंदू राष्ट्र के लिए सड़कों पर हैं, यह देश एक नया अध्याय लिख रहा है। यह एक वैचारिक यात्रा है। इसमें सनातनियों को एक करने के लिए, हिंदुओं को जगाने लिए, हिंदुओं को जागरूक करने व सामाजिक समरसता के लिए यह पदयात्रा निकाली जा रही है। उन्होंने कहा कि जब तक भारत हिंदू राष्ट्र नहीं बनेगा, तब तक यह यात्राएं निकाली जाएंगी। धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा कि हिंदू राष्ट्र की परिकल्पना तभी पूर्ण होगी, जब आम जनमानस एकजुट होकर यही आवाज लगाए। हम कागजों पर हिंदू राष्ट्र नहीं ● शेष पेज 11 पर

# वायु सेना को जल्द मिलेंगे एलसीए तेजस-1ए, इंजन आपूर्ति के लिए एचएएल का अमेरिकी कंपनी से हुआ करार

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। अमेरिकी कंपनी जीई एयरोस्पेस और हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के बीच एफ-404 इंजनों की आपूर्ति के लिए शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण समझौते पर सहमत हो गए। इस इंजन का इस्तेमाल एलसीए तेजस मार्क-1ए लड़ाकू विमानों में किया जाएगा, जिन्हें निकट भविष्य में भारतीय वायु सेना में शामिल किया जाना है। इंजन को लेकर बुनियादी समस्याओं का समाधान होने के बाद अब विमान के उत्पादन में तेजी आने की उम्मीद बढ़ी है। एचएएल को रक्षा मंत्रालय ने इस साल सितंबर में ही 97 तेजस मार्क-1ए विमानों का नया ऑर्डर दिया है। एचएएल के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक डॉ. डीके सुनील ने कहा कि एक अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक कीमत वाले 113 जीई-404 इंजनों के ऑर्डर के लिए बातचीत पूरी होने के बाद अनुबंध हो गया है। एचएएल का लक्ष्य वित्तीय वर्ष 2032-33 तक सभी 180 विमानों का निर्माण पूरा करना है। डॉ. सुनील ने कहा



- इंजन को लेकर गतिरोध का समाधान होने के बाद अब विमान के उत्पादन में तेजी आने की उम्मीद बढ़ी

कि जीई ने हमें एक साल में 12 इंजन देने का वादा किया था । इस साल हमें 10 इंजन मिल सकते हैं, शेष इंजन हमें अगले वित्तीय साल (मार्च) तक मिल जाएंगे। हम 10वें विमान का ढांचा बना चुके हैं और 11वां विमान तैयार है। रक्षा मंत्रालय ने भारतीय वायु सेना के लिए एचएएल को कुल 180 एलसीए तेजस मार्क-1ए लड़ाकू विमानों का ऑर्डर दे रखा है। एचएएल के साथ इसका पहला समझौता फरवरी, 2021 में 48 हजार करोड़ रुपए का हुआ था। इस अनुबंध में 73 तेजस मार्क-1ए जेट और 10 प्रशिक्षण विमान शामिल थे। रक्षा मंत्रालय की ओर से 25 सितंबर को 97 एलसीए मार्क-1ए लड़ाकू विमानों का दूसरा ऑर्डर दिया गया, जिसमें 68 सिंगल सीटर और 29 ट्विन सीटर विमान हैं, जिनकी डिलीवरी 2027-28 में शुरू होकर छह वर्षों में पूरी होगी। इन विमानों के निर्माण के लिए एचएएल को 2024 में इंजन की पहली खेप मिलने की उम्मीद थी, लेकिन इस बीच कंपनी जीई एयरोस्पेस (जीई) ने एफ-404 इंजन का उत्पादन बंद कर दिया। अनुबंध के अनुसार एचएएल को इसी साल मार्च (2025) से तेजस मार्क-1ए लड़ाकू विमानों की आपूर्ति करनी थी, लेकिन इसमें लगने वाले इंजन की अमेरिका से आपूर्ति में देरी की वजह से इंतजार लंबा हो गया। अमेरिकी कंपनी ने अब तक एचएएल को महज चार इंजनों की आपूर्ति की है और इस वित्तीय वर्ष के अंत तक भारत को 12 जीई-404 इंजन मिलने की उम्मीद है। रक्षा मंत्रालय से नया ऑर्डर मिलने के बाद एचएएल ने अमेरिकी कंपनी के साथ बातचीत का दौर तेज कर दिया और आखिरकार मेहनत रंग लाई। इंजन को लेकर बुनियादी समस्याओं का समाधान ● शेष पेज 11 पर

कांग्रेस के कनपट्टी में कट्टा सटा कर राजद ने घोषित करवाया मुख्यमंत्री उम्मीदवार

# राजद ने अनुसूचित जाति के कांग्रेस अध्यक्ष का किया अपमान

एजेंसी

पटना। बिहार के औरंगाबाद और भभुआ में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि अनुसूचित समाज के प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष को राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने किया अपमानित है। कांग्रेस के अनुसूचित समाज के प्रदेश अध्यक्ष को भी राजद ने अपमानित किया है। जंगलराज वालों के पास हर वो चीज है, जिससे यहां के लोगों को खतरा है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि राजद नेताओं को जहां मौका मिलता है, वे कांग्रेस को अपमानित करने से बाज नहीं आते। कांग्रेस की कनपट्टी में कट्टा सटा कर राजद ने अपने को मुख्यमंत्री घोषित कराया। कांग्रेस को वही सीटें दी, जो दो दशक से राजद नहीं जीत पाई है। संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस में कांग्रेस को अनुसूचित जाति के प्रदेश अध्यक्ष को नहीं बुलाया गया।

प्रधानमंत्री ने भीड़ से पूछा कि अपनों को धोखा देनेवाले आपके हो सकते हैं क्या राजद के लोग युवाओं को नौकरी देने की बजाय अभी से रंगदार बनाने में लग गए हैं। कट्टा, दोनाली, फिरौती, रंगदारी की पढ़ाई पढ़ाने लगे हैं। मोदी ने आगे कहा कि जंगल राज वाले नौकरी के बदले जमीन घोटाला मामले में जमानत पर चल रहे हैं। ये नौकरी क्या देंगे आप सोच सकते हैं। भीड़ से पूछा- बिहार को कट्टा सरकार चाहिए क्या, आवाज आई नहीं। पहले चरण के मतदान में हुए बंपर मतदान पर प्रधानमंत्री ने कहा कि अभी से ही पराजय का कारण ढूंढने में राजद-कांग्रेस के लोग लग गए हैं। इस बार बिहार में राजग की अब ● शेष पेज 11 पर



- राजद नेताओं को जहां मौका मिलता है, वे कांग्रेस को अपमानित करने से बाज नहीं आते
- अभी से ही पराजय का कारण ढूंढने में राजद-कांग्रेस के लोग लग गए हैं

## स्वर्णिम बिहार बनाने के लिए राजग उम्मीदवारों का करें समर्थन : योगी



पश्चिम चंपारण। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को लौरिया के विधायक, भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार और भोजपुरी कलाकार विनय बिहारी के पक्ष में शुक्रवार को जनसभा की और लोगों से उन्हें फिर से विधानसभा में भेजने की अपील की। योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) पर निशाने साधते हुए कहा कि राजद के लोग लालटेन लेकर आते थे, केरोसिन बेच देते थे, फिर अंधेरे में डकैती डालते थे। अराजकता पैदा करना इनका जन्मसिद्ध अधिकार है। मतदाताओं को चेताते हुए उन्होंने कहा कि राजद- कांग्रेस वाले बहकाने आएंगे। जब यह 15 वर्ष सत्ता में थे, तो नौजवानों को ठगते थे। नौकरी के बहाने उनकी जमीन हड़प डाली थी। अपहरण उद्योग बन चुका था। नया उद्योग नहीं लगता था। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में अपहरण उद्योग बंद हुआ। गुंडागर्दी रोकने पर प्रभावी कदम उठाए गए। विकास कार्यों को तेजी से बढ़ाया गया। अब नए भारत का नया बिहार है। जब बिहार समृद्ध होता है, तो भारत समृद्ध होता है। उन्होंने स्वर्णिम बिहार के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) उम्मीदवारों को जिताने की अपील की। सीएम योगी ने कहा कि जिन्होंने 2005 के पहले बिहार के जंगलराज, अराजकता, गुंडागर्दी, भ्रष्टाचार को देखा है, वे वर्तमान पीढ़ी को भी बताएं। अब लालटेन का समय नहीं है। बिहार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन और ● शेष पेज 11 पर

## जंगल राज नहीं चाहिए तो एनडीए को जिताएं: अमित शाह



भागलपुर । जिले के बिहपुर विधानसभा क्षेत्र के मड़वा स्थित मध्य विद्यालय मैदान में शुक्रवार को विशाल जनसभा को भारत सरकार के गृह मंत्री अमित शाह ने संबोधित किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि 20 साल पहले का बिहार और अभी का बिहार में बहुत अंतर है। हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मिलकर काफी विकास किया है।

उन्होंने कहा कि आज महिलाओं को 10 हजार रुपया एवं 125 यूनिट बिजली फ्री करवा दिया गया है। आने वाले ● शेष पेज 11 पर

## बिहार में विपक्ष फैला रहा है अफवाह महिलाओं से 10-10 हजार रुपये वापस नहीं लिए जाएंगे: नीतीश कुमार



पटना । बिहार विधानसभा के दूसरे चरण के चुनाव के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। राजग के अन्य नेताओं की तरह प्रदेश के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी शुक्रवार को केसरिया विधानसभा में जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के उम्मीदवार शालिनी मिश्रा और कल्याणपुर विधानसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार सचिन्द्र प्रसाद सिंह के समर्थन ● शेष पेज 11 पर

# एनटीपीसी के 51वें स्थापना दिवस पर मेजा ऊर्ज़ा निगम में हुआ भव्य समारोह

**कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य कार्यकारी अधिकारी अशेष कुमार चट्टोपाध्याय के प्रेरणादायक संबोधन से हुआ**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कोराव प्रयागराज । एनटीपीसी के 51वें स्थापना दिवस के अवसर पर मेजा ऊर्ज़ा निगम (प्रा.) लिमिटेड में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया।दिन की शुरुआत ईएमजी विभाग द्वारा आयोजित वृक्षारोपण अभियान से हुई, जिसके अंतर्गत 2,470 पौधे लगाए गए, जो संगठन की पर्यावरणीय प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य कार्यकारी अधिकारी अशेष कुमार चट्टोपाध्याय के प्रेरणादायक संबोधन से हुआ। उन्होंने एनटीपीसी की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए सभी कर्मचारियों के प्रयासों की सराहना की। इसके पश्चात उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों संग केक काटा और शुभकामनाएँ दीं।इस अवसर पर एमयूएनपीएल के सर्विस बिल्डिंग में प्रथम ईवी चार्जिंग स्टेशन का उद्घाटन भी किया गया, जो संगठन की हरित अवसंरचना को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।एनटीपीसी के 50 वर्षों की उत्कृष्टता के उपलक्ष्य में मेजा ऊर्ज़ा निगम ने दो सामाजिक पहलें भी आरंभ कीं – स्थानीय युवाओं के कौशल विकास हेतु 40 अभ्यर्थियों को "मशीन ऑपरेटर (टूल रूम)" ट्रेड में 4 माह का निशुल्क रोजगारोन्मुखी आवासीय प्रशिक्षण, सीपेट, लखनऊ में मिलेगा।परियोजना क्षेत्र के ग्रामों में 50 हैंडपंप स्थापना योजना, जिसके माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी।

चट्टोपाध्याय ने कहा, "मेजा ऊर्ज़ा निगम युवाओं के कौशल विकास, स्वावलंबन और ग्रामीण कल्याण के लिए निरंतर कार्यरत है।

उन्होंने प्रशिक्षण में नामांकित 10 बालिकाओं की सराहना करते हुए कहा कि वे अन्य युवतियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेंगी।इस अवसर पर नरेंद्र नाथ सिन्हा (महाप्रबंधक, प्रचालन एवं अनुरक्षण), आनंद प्रकाश (महाप्रबंधक, परियोजना), अशोक कुमार सामल (महाप्रबंधक, अनुरक्षण), डॉ. मनीषा पांडे (मुख्य चिकित्सा अधिकारी), विवेक चन्द्र (विभागाध्यक्ष, मानव संसाधन) एवं अजय सिंह (उप महाप्रबंधक, मानव संसाधन) सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# डग्गामार बस का ब्रेक फेल, बाल बाल बचे राहगीर

**किसी तरह रोक पाये बस , कुछ समय के लिए लगा जाम**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कोराव, प्रयागराज। एक तरफ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री का सख्त फरमान है कि डग्गामार वाहनों पर प्रतिबंध लगाया जाए साथ ही प्रेशर हॉर्न कत्तई न लगाकर बजाए लेकिन कोराव क्षेत्र में बड़े पैमाने पर डग्गामार छोटे बड़े वाहन बस फर्राटा भरते नजर आ रहे है जिम्मेदार सरकारी महकमा कोई कार्यवाही करने से कतरा रहा आखिर इसके पीछे क्या वजह है जबकि परिवहन विभाग द्वारा जो बस संचालित हो रही उनमें प्रेशर हॉर्न नही लगा है लेकिन डग्गामार जितनी बसे सड़क पर फर्राटा भर रही है सबमे प्रेशर हॉर्न लगा हुआ है जिससे हार्ट के पेसेंट के पास प्रेशर हॉर्न बजाने से परेशानी उठाना पड़ रहा है।

ज्यादातर बसे जर्जर हालत में नियम कानून को ताक पर रखकर चला रहे है बस के मालिक की पकड़ भी ऊची रहती है साथ ही हर प्रकार के लोग भी पाल कर रखे है यदि कोई विरोध करता है तो उसको पिटवा देते है डग्गामार बसों के कारण परिवहन विभाग द्वारा संचालित बसों को पूरा समय तक स्टैंड पर रुकने नही दिया जाता सवारी भी उनसे छीनकर अपने मे बैठाने का कोसिस कम किराया लेने का प्रलोभन देकर बैठाते है शुक्रवार शाम साढ़े पाँच बजे के आसपास हिंदुस्तान पेट्रोल पंप बैदवार के पास एक बस स्टार्ट नही हो रही थी धक्का देकर स्टार्ट करना चाहे स्टार्ट तो हो गई लेकिन बस रोक नही पाए चुकी अचानक ब्रेक फ़ेल हो गई गुजर रहे राहगीर बाल बाल बच गए किसी तरह प्रयास करके बस को मुख्य संपर्क मार्ग पर रोक पाये ब्रेक फ़ेल हो जाने के कारण ड्राइवर घबड़ा गया कुछ समय के लिए बस खड़ी हो गई तब तक पीछे दो और डग्गामार बस व अन्य छोटे वाहन की कतार लग गई सब हॉर्न बजाने लगाने जब राहगीर अपना वाहन खड़ा करके जाम लगने का कारण जाने तो ज्ञात हुआ कि ब्रेक ही फ़ेल हो गया जिस कारण बस को अब चलाना खतरा से खाली नही है लेकिन बस थोड़ी देर बाद पुनः स्टार्ट किये और ब्रेक काम करने लगी जाम हटा आवागवन सुचारू रूप से शुरू हुआ फिलहाल क्षेत्रीय लोगो ने उच्चाधिकारियो का ध्यान आकृष्ट कराते हुए डग्गामार बस संचालन व प्रेसर हॉर्न पर लगाम लगाने की माँग की है

## लतीफपुर में कालगर्ल को शरण देने का अड्डा बना रिसार्ट

कोराव, प्रयागराज। कोरावं के जमोहरा (लतीफपुर) में एक रिसॉर्ट ( फ़िल्म सिटी) में काल गर्ल को शरण देने का मामला सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। आरोप है कि रिसॉर्ट में मोटी रकम लेकर काल गर्ल को शरण दिया जा रहा है, जिससे नव निहाल बच्चों, छात्र-छात्राओं और समाज के लोगों पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। रिसॉर्ट जंगल पहाड़ में बना हुआ है और इसमें एसी कमरे भी हैं। लोगों का आरोप है कि रिसॉर्ट में आने-जाने वालों का कोई हिसाब-किताब नहीं रखा जाता, जिससे कभी भी कोई अप्रिय घटना घट सकती है। क्षेत्र के कुछ पार्टी कार्यकर्ताओं ने इस मामले को सोशल मीडिया पर उठाया है और शासन-प्रशासन से कार्रवाई की मांग की है।

## कानून व्यवस्था को लेकर गंगानगर पुलिस अलर्ट

प्रयागराज। कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए डीसीपी गंगानगर कुलदीप गुनावत ने देर रात पुलिस बल के साथ सड़कों पर फ्लैग मार्च किया। फाफामऊ क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाते हुए ब्लैक फिल्म लगी गाड़ियों पर कार्रवाई की गई। संदिग्ध वाहनों की तलाशी ली गई और लोगों से संवाद कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया। डीसीपी ने थाना प्रभारी को सतर्कता बरतने और चौकसी बढ़ाने के निर्देश दिए।

## नाबालिग की हत्या में पुलिस पर उठे सवाल

प्रयागराज। घूरपुर थाना क्षेत्र में नाबालिग लड़की की खुलेआम हत्या के 24 घंटे बाद भी पुलिस और एसओजी अपराधियों तक नहीं पहुंच पाई है। परिजनों में आक्रोश है कि अब तक लापरवाह थाना प्रभारी पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। अपराधियों की गिरफ्तारी में देरी से पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। लोग पूछ रहे हैं– आखिर मठाधीश थाना प्रभारी को कौन बचा रहा है और खुलेआम हो रहे अपराधों का जिम्मेदार कौन है।

## वंदे मातरम के 150 वर्ष पर सामूहिक गायन

प्रयागराज। राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' के 150 गौरवशाली वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर डीसीपी गंगानगर कुलदीप गुनावत ने पुलिस कार्यालय में सामूहिक गायन कार्यक्रम आयोजित किया। अधिकारियों और कर्मचारियों ने देशभक्ति से ओतप्रोत माहौल में एक स्वर में राष्ट्रगीत गाया। डीसीपी ने कहा कि वंदे मातरम् देश की एकता, सम्मान और राष्ट्रभावना का प्रतीक है, जो हर भारतीय को गर्व और प्रेरणा देता है।

## 100 करोड़ की ठगी मामले में फरार पटाखा कारोबारी कादिर ने किया सरेंडर, कोर्ट ने भेजा जेल

प्रयागराज । 100 करोड़ की ठगी मामले में फरार चल रहे पटाखा कारोबारी कादिर ने शुक्रवार को जनपद न्यायालय प्रयागराज की कोर्ट नंबर-9 में सरेंडर कर दिया। लंबे समय से फरार कादिर के खिलाफ कोर्ट से गैर-जमानती वारंट (एनबीडब्ल्यू) जारी था।सूत्रों के अनुसार, सुप्रीम कोर्ट से याचिका खारिज होने के बाद कादिर ने जनपद न्यायालय में आत्मसमर्पण किया। अदालत ने सरेंडर स्वीकार करते हुए उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजने का आदेश दिया है।कादिर के खिलाफ प्रयागराज के शाहगंज सहित कई थानों में ठगी के कई मामले दर्ज हैं। बताया जा रहा है कि आरोपी पर करोड़ों रुपए की धोखाधड़ी और निवेशकों से रकम हड़पने के गंभीर आरोप हैं।सरेंडर के बाद अब पटाखा माफिया कादिर को नैनी सेंट्रल जेल भेजा गया है।

## उमेश पाल हत्याकांड: इलाहाबाद हाईकोर्ट ने चार आरोपियों की जमानत खारिज की, अतीक अहमद के बहनोई अखलाख भी शामिल

प्रयागराज। बहुचर्चित उमेश पाल हत्याकांड मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट से आरोपियों को बड़ा झटका लगा है। न्यायमूर्ति शेखर कुमार यादव की एकल पीठ ने मामले की सुनवाई करते हुए चार आरोपियों की जमानत अर्जी खारिज कर दी है।जिन आरोपियों की जमानत खारिज की गई है, उनमें माफिया अतीक अहमद के बहनोई अखलाख, वकील विजय मिश्रा, ड्राइवर कैश, और नौकर नियाज़ शामिल हैं।हाईकोर्ट ने सभी आरोपियों की संलिप्तता को गंभीर मानते हुए फिलहाल जमानत देने से इंकार कर दिया। कोर्ट में इस मामले की अगली सुनवाई तय प्रक्रिया के अनुसार आगे होगी।

## 19 नवम्बर को होगी 40वीं अखिल भारतीय प्राइजमनी इंदिरा मैराथन, विजेताओं को मिलेंगे 9.75 लाख रुपए के इनाम

प्रयागराज। खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश एवं जिला प्रशासन प्रयागराज के संयुक्त तत्वावधान में 40वीं अखिल भारतीय प्राइजमनी इंदिरा मैराथन का आयोजन आगामी 19 नवम्बर 2025 को किया जाएगा। यह मैराथन पुरुष एवं महिला दोनों वर्गों में 42.195 किलोमीटर दूरी की होगी।मैराथन के विजेता खिलाड़ियों को कुल ?9,75,000 (नौ लाख पचहत्तर हजार रुपए) की इनामी राशि प्रदान की जाएगी। पुरुष एवं महिला वर्ग के प्रथम स्थान विजेता को ?2,00,000, द्वितीय स्थान पर ?1,00,000, तृतीय स्थान पर ?75,000, तथा ग्यारहवें स्थान तक ?10,000-?10,000 के सांत्वना पुरस्कार दिए जाएंगे।मैराथन का शुभारंभ सुबह 6:30 बजे आनंद भवन, प्रयागराज से होगा। धावक शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए मदन मोहन मालवीय स्टेडियम में फिनिश लाइन पार करेंगे। पुरस्कार वितरण समारोह उसी दिन दोपहर 2:30 बजे मदन मोहन मालवीय स्टेडियम में आयोजित होगा।यह जानकारी क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी प्रयागराज प्रेम कुमार ने दी।

## डीएम ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ ईवीएम वीवीपैट वेयर हाउस का किया निरीक्षण



रायबरेली। मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश लखनऊ के निर्देशानुसार जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षिता माथुर ने कलेक्ट्रेट स्थित ईवीएम/वीवीपैट वेयर हाउस का मासिक वाह्य निरीक्षण राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने वेयर हाउस की साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने ईवीएम/वीवीपैट वेयर हाउस की सुरक्षा, लाग बुक, सीसीटीवी कैमरा आदि के बारे में जानकारी ली। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ सहित अन्य संबंधित अधिकारी व राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# बीएचएस और जीएचएस के खाते अब प्रिंसिपल डीएम और पुलिस कमिश्नर मिलकर चलाएंगे

**इलाहाबाद हाईकोर्ट का बड़ा फैसला**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने शहर के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों बॉयज हाईस्कूल एंड कॉलेज (BHS) और गर्ल्स हाईस्कूल एंड कॉलेज (GHS) से जुड़ी वर्षों पुरानी प्रबंधकीय लड़ाई पर बड़ा और अंतरिम आदेश दिया है। कोर्ट ने कहा है कि अब संस्थानों के बैंक खाते प्रिंसिपल, जिलाधिकारी द्वारा नामित अधिकारी और पुलिस कमिश्नर की ओर से संयुक्त रूप से संचालित किए जाएंगे।

न्यायमूर्ति सौरभ श्याम शमशेरी की एकल पीठ ने यह आदेश द इलाहाबाद हाईस्कूल सोसाइटी और अन्य की याचिका पर सुनाया। कोर्ट ने कहा कि प्रबंधन विवाद का निपटारा सिविल कोर्ट से कराया जाए, ताकि पारदर्शिता बनी रहे।हाईकोर्ट ने यह भी निर्देश दिया कि संस्थानों के सुचारू संचालन के लिए इलाहाबाद हाईकोर्ट के पूर्व न्यायाधीश जस्टिस उमेश कुमार को पर्यवेक्षक (Observer) नियुक्त किया गया है। उन्हें संस्थानों के सभी रिकॉर्ड की जांच का अधिकार दिया गया है। साथ ही, एक स्वतंत्र चार्टर्ड अकाउंटेंट के माध्यम से हर तीन महीने में ऑडिट कराने का भी निर्देश दिया गया है।पर्यवेक्षक को दोनों विद्यालयों में कार्यालय और आवश्यक स्टाफ उपलब्ध कराया जाएगा। इस आदेश के साथ हाईकोर्ट ने 13 लंबित रिट याचिकाओं के समूह का निस्तारण भी कर दिया।यह फैसला लंबे समय से चल रहे सीआईपीबीसी (Church of India, Pakistan, Burma & Ceylon) और सीएनआई (Church of North India) के बीच नियंत्रण विवाद पर आया है, जो इन दोनों संस्थानों के प्रबंधन अधिकारों को लेकर दशकों से चला आ रहा था।

# विकास खण्ड कोरॉव में पं0 दीनदयाल उपाध्याय शिविर का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कोराव, प्रयागराज। विकास खण्ड कोरॉव में शुक्रवार को टौंगा कला पेट्रोल पम्प के बगल में पं0 दीन दयाल उपा0 पशु आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ ग्राम प्रधान प्रतिनिधि भीम रजक, पूर्व प्रधान सोनू मिश्रा, भोलानाथ यादव; प्रगतिशील पशुपालक राधिका प्रसाद तिवारी व मेवालाल की गरिमामयी उपस्थिति में गो पूजन के साथ किया गया।

जिसमें पशुपालक गोष्टी के तहत डा0 ईश्वरी नारायण यादव, उपमुख्य पशुचिकित्साधिकारी, कोरॉव द्वारा, पशुओं के प्रबन्धन रख-रखाव, सरकारी योजनाओं का जानकारी जैसे पशुओं की टैगिंग, आन लाइन पंजीकरण, पशुधन क्रेडिट कार्ड व उपयोग, जोखिम प्रबंधन के तहत पशु बीमा व उसकी प्रक्रिया आदि पर पशुपालकों से विस्तार में चर्चा की गयी। पशुओं को चिकित्सा सेवा डा0 संजीव कुमार सिंह पशुचिकित्साधिकारी खीरी द्वारा दी गई। शिविर में छोटे-बड़े कुल 858 पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण व निः शुल्क औषधि वितरण किया गया। सहयोगी वर्ग राजेश्वर प्रताप सिंह वेट0 फार्मेसिस्ट, सुशील कुमार, सतीश कुमार यादव, अनुरुद्र कुमार, वीरेंद्र कुमार, अमन भास्कर, लवकुश, अशोक कुमार व अरुण आदि का सहयोग सराहनीय रहा।

## जिलाधिकारी ने किया पुस्तक मेले का निरीक्षण

रायबरेली। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने फिरोज गांधी डिग्री कॉलेज मैदान में आयोजित आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी पुस्तक मेले का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न प्रकाशकों के स्टॉल देखे और छात्रों व पाठकों से संवाद किया। उन्होंने पुस्तक पठन को ज्ञान वृद्धि का सर्वोत्तम साधन बताते हुए विद्यार्थियों को अधिक से अधिक पुस्तकें पढ़ने के लिए प्रेरित किया।जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मेले में स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था एवं सुरक्षा की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।इस अवसर पर जिला समाज कल्याण अधिकारी सृष्टि अवस्थी, विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थी व अन्य लोग उपस्थित रहे।

# 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूर्ण होने पर प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का संगम सभागार में सजीव प्रसारण

**जनपद के विभिन्न कार्यालयों व विद्यालयों में हुआ वंदे मातरम का सामूहिक गायन**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज । राष्ट्रवाद के अग्रदूत बंकिमचंद्र चटर्जी द्वारा वर्ष 1875 में रचित राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट स्थित संगम सभागार में किया गया।इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों ने एक साथ वंदे मातरम् का सामूहिक गायन किया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा, अपर जिलाधिकारी (आपूर्ति) विजय शर्मा, जिला विकास अधिकारी जी.पी. कुशवाहा, उप निदेशक दिव्यांगजन सशक्तीकरण, सहायक निदेशक सूचना इन्द्रमणि पाण्डेय, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी अशोक कुमार गौतम, पाण्डुलिपि अधिकारी गुलाम सरवर, प्राविधिक सहायक राकेश वर्मा सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।इसके साथ ही जनपद के विभिन्न कार्यालयों और विद्यालयों में भी वंदे मातरम् का सामूहिक गायन किया गया।'वंदे मातरम्' गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 07 नवम्बर 2025 से 07 नवम्बर 2026 तक चार चरणों में विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे –प्रथम चरणः 07 नवम्बर से 14 नवम्बर 2025 तकद्वितीय चरणः 19 जनवरी से 26 जनवरी 2026 तकतृतीय चरणः 07 अगस्त से 15 अगस्त 2026 तकचतुर्थ चरणः 01 नवम्बर से 07 नवम्बर 2026 तककार्यक्रमों का आयोजन भव्य एवं राष्ट्रभावना से ओत-प्रोत वातावरण में किया जाएगा।

# प्रेमिका के दबाव से परेशान युवक ने टोंस नदी में कूदकर दी जान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। जिले में एक युवक ने प्रेमिका के लगातार दबाव और झगड़ों से तंग आकर आत्महत्या कर ली। मामला तब शुरू हुआ जब युवक के घरवाले शादी के लिए राजी नहीं हुए, तो प्रेमिका खुद उसके घर पहुंच गई और वहीं रहने लगी।

जानकारी के मुताबिक, प्रेमिका चार दिन तक युवक के घर रही। इस दौरान दोनों के बीच लगातार विवाद और मारपीट होती रही। युवक के परिवार वाले जब उसे घर से जाने को कहते, तो वह झगड़ा करने लगती। प्रेमी के समझाने पर वह कहती – "पहले मांग में सिंदूर भरो, तभी जाऊंगी।"परिवार और मोहल्ले के लोगों की बीच-बचाव की कोशिशें भी नाकाम रहीं। बातचीत के दौरान लड़की ने वहां से जाने के लिए पहले ?5 लाख की मांग की, जिस पर युवक तैयार हो गया। लेकिन कुछ देर बाद उसने15 लाख की मांग कर दी।लगातार तनाव और मानसिक दबाव से परेशान होकर युवक ने टोंस नदी में छलांग लगा दी। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस और गोताखोरों ने करीब 10 घंटे की तलाश के बाद शव बरामद किया।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# न्याय पंचायत मऊ के पूरे अहलादी में सांसद खेल महोत्सव फिट युवा फॉर विकसित भारत 2025 का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली। विकासखंड क्षेत्र की न्याय पंचायत मऊ के पूरे अहलादी स्थित खेल मैदान में आज शुक्रवार को सांसद खेल महोत्सव ''फिट युवा फॉर विकसित भारत 2025 के अंतर्गत बीडीओ वर्षा सिंह की अध्यक्षता में खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें मऊ गर्वी और कोटवा मोहम्मदाबाद न्याय पंचायतों के बच्चों ने प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व ब्लाक प्रमुख (मऊ प्रधान प्रतिनिधि) सत्येंद्र प्रताप सिंह एवं बीडीओ वर्षा सिंह के द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर धूप दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण के पश्चात राष्ट्रगान से शुरू हुआ। आपको बता दें कि, फिट युवा फॉर विकसित भारत के तहत आयोजित खेल महोत्सव में कबड्डी, खो-खो, 100 मीटर 200 मीटर दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद, पचास मीटर बालिका दौड़ आदि खेल कराए गए। विकास खंड अधिकारी वर्षा सिंह ने बताया कि, यह उत्सव जमीनी स्तर के खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंच तक पहुंचने का अवसर देगा। खेल महोत्सव में कबड्डी, खो-खो, 100 मीटर 200 मीटर दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद, पचास मीटर बालिका दौड़ आदि कई प्रतियोगिताएं न्यायपंचायत, विकास खण्ड, विधानसभा फिर लोकसभा स्तर पर कराई जाएंगी। यहां विजेता प्रतिभागियों को राज्य और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में खेलने का मौका मिलेगा। मऊ खेल मैदान में आज दो पंचायतों कोटवा मोहम्मदाबाद और मऊ के विद्यालयों के विजेता प्रतिभागियों को पूर्व ब्लाक प्रमुख व मऊ प्रधान प्रतिनिधि सत्येंद्र प्रताप सिंह के द्वारा पुरस्कृत किया गया।

न्याय पंचायत स्तरीय प्रतियोगिता में सीनियर बालक वर्ग की 100 मी. दौड़ और 200 मीटर की दौड़ में छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व ब्लाक प्रमुख सत्येंद्र प्रताप सिंह ने सभी बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया और कहा कि, ग्राम पंचायत स्तर पर ऐसे आयोजन होने से छात्रों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ावा देना और शारीरिक एवं मानसिक विकास को प्रोत्साहित करना है। इन प्रतियोगिताओं में विभिन्न खेल लंबी कूद, ऊंची कूद, कबड्डी, खो-खो, गोला फेंक आदि शामिल होते हैं।


**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना (ई–निविदा)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि **01.12.2025** को **15:00** बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेगें यदि कोई मैनुवल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदाकर्ता निविदा फार्म का मूल्य व धरोहर राशि का भुगतान केवल ireps पोर्टल पर उपलब्ध आनलाईन भुगतान प्रणाली में नेट बैकिंग,डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड इत्यादि किया जायेगा। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपाजिट रसीद एफ डी आर द्वारा भुगतान स्वीकार नहीं किये जायेगे।

| | | | |
|---|---|---|---|
| निविदा सूचना संख्या | 01142025 दिनांकः 07.11.2025 | | |
| निविदा संख्या | 23-Sr-DEN-VI-LKO-2025-26 | | |
| कार्य का नाम | सहायक मण्डल इंजीनियर–प्रयाग एवं सहायक मण्डल इंजीनियर, उन्नाव के अन्तर्गत टर्नआउट्स के प्रतिस्थापन का कार्यः टीटीआर (एफएस टीडब्ल्यूएस, डब्ल्यूसीएमएससी)-32 सेट और टीडब्ल्यूएस-13 सेट। | | |
| अनुमानित लागत | ₹13760660.08 | धरोहर राशि | ₹218800.00 |
| कार्य की समापन अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से आठ माह। | | |
| निविदा डालने का पारंभ | 17.11.2025 | | |
| निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 01.12.2025 at 15:00 Hrs. | | |
| बेबसाईट | www.ireps.gov.in | | |

नोटः 1. निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है।

3465/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

उप–मुख्य अभियन्ता/नि.–अयोध्या/उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए निर्धारित प्रोफॉर्मा पर मोहर बन्द **ई–निविदाएँ दो पैकेट** में आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम व स्थान | उत्तर रेलवे पर लखनऊ मंडल के अयोध्या कैंट–अकबरपुर सेक्शन पर एल–क्रॉसिंग संख्या 96–ए के स्थान पर 4 लेन आरओबी (रेलवे भाग) का निर्माण कार्य। |
| 2 | कार्य पूरा करने की अवधि | 12 (बारह) माह |
| 3 | कार्य की अनुमानित लागत | रु. 2601.89 लाख |
| 4 | धरोहर राशि | रु. 14,51,000.00 |
| 5 | ई निविदा जमा करने की तारीख/समय एवं निविदा खुलने की तारीख | निविदाएँ दिनाँक 04.12.2025 को 11:30 बजे तक आई.आर.ई.पी.एस. के बेबसाइट www.ireps.gov.in पर अपलोड की जा सकती है तथा दिनाँक 04.12.2025 को समय 11.30 बजे खोली जाएगी। |
| 6 | विस्तृत निविदा सूचना व प्रपत्र | विस्तृत निविदा सूचना व निविदा प्रपत्र दिनाँक 13.11.2025 से आई.आर.ई.पी.एस. के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध रहेंगे व दिनांक 20.11.2025 से 04.12.2025 तक ई–निविदा अपलोड की जा सकती है। |

संख्याः 252–टेण्डर/उप–मुख्य अभियन्ता/नि.–अयोध्या/लखनऊ
दिनांकः 07.11.2025

3460/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# डिप्टी सीएम ने बीकेटी में वर्चुअल जुड़कर ग्राम चौपाल को किया संबोधित

**उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने वर्चुअली जुड़कर ग्रामवासियों, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और स्वयं सहायता समूहों की बहनों को सम्बोधित किया और प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी भी साझा की**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बीकेटी, लखनऊ । विकासखंड बख्शी का तालाब अंतर्गत ग्राम पंचायत उसरना में शुक्रवार को ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। ग्राम चौपाल को उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने वर्चुअली जुड़कर ग्रामवासियों,जनप्रतिनिधियों,अधिकारियों और स्वयं सहायता समूहों की बहनों को सम्बोधित किया और प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी भी साझा की।उन्होंने कहा कि प्रदेश के प्रत्येक जनपद के सभी विकासखंडों में हर शुक्रवार को दो ग्राम पंचायतों में इस तरह का आयोजन होता है,ग्राम चौपाल का मुख्य कारण है कि ग्राम पंचायत में ही ग्रामवासियों की समस्याओं का समाधान हो जाए वो चाहे राजस्व विभाग,ग्राम्य विकास,समाज कल्याण,कृषि विभाग या अन्य किसी विभाग से संबंधित समस्या हो उसका जल्द से जल्द नियमानुसार समाधान होना चाहिए,उसमें भी अगर कोई अधिकारी/कर्मचारी लापरवाही बरतता है तो उसके विरुद्ध तत्काल कठोर कार्यवाही की जाएगी।उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों ने सिर्फ़ देश और प्रदेश को लूटने का काम किया है,पहले जब योजनाओं का अगर सौ रुपए किसी पात्र को भेजा जाता था तो उसके पास पहुंचते पहुंचते सिर्फ़ पंद्रह रुपए ही पहुंचते थे लेकिन अब मोदी जी और योगी जी की सरकार के द्वारा अगर किसी योजना का रुपया भेजा जाता है तो पूरा पैसा उस पात्र के खाते में पहुंचता है।आयोजित 'ग्राम चौपाल' में जनता की भागीदारी और विकास की बातों से गांव में नई ऊर्जा का संचार होगा। वही इस मौके पर कार्यक्रम में उपस्थित शासन-प्रशासन के अधिकारियों ने ग्रामवासियों की समस्त प्रकार की शिकायतों का निस्तारण करने का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों शिखा सिंह,साहब सिंह व अन्य को प्रमाण-पत्र भी वितरित किए गए। इस मौक़े पर डीडीओ लखनऊ,डीसी मनरेगा,डीसी डीआरडीए, बीडीओ बीकेटी पूजा पांडे,प्रधान प्रतिनिधि ग्राम-उसरना चंद्रिका सिंह,सुनीत सिंह,पंचायत सचिव अनामिका सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# छात्राओं को आत्मरक्षा ज्ञान अवश्य होना चाहिए: मनोज वर्मा

**पंडित दीन दयाल उपाध्याय अवध सांस्कृतिक क्लब तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में सेल्फ डिफेंस कार्यशाला का आयोजन**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजाजीपुरम में प्राचार्या प्रोफ़ेसर सुषमा देवी के संरक्षण में मिशन शक्ति, पंडित दीन दयाल उपाध्याय अवध सांस्कृतिक क्लब तथा राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के संयुक्त तत्वावधान में सेल्फ डिफेंस (आत्मरक्षा) कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया।

प्राचार्य महोदया ने अपने उद्बोधन में छात्राओं को जीवन में निरंतरता के महत्व को बताया एवं बचाव से आक्रमण ज्यादा महत्वपूर्ण है, इसके बारे में छात्राओं को समझाया तथा 'अति सर्वत्र वर्जते' श्लोक के अर्थ को भी समझाया कि किसी भी चीज की अति हमारे लिए कभी भी अच्छी नहीं होती है। अतः हमें अपने जीवन को अनुशासित रखने का प्रयास करना चाहिए। कार्यशाला में मुख्य अतिथि मनोज वर्मा, असिस्टेंट डिप्टी कंट्रोलर सिविल डिफेंस लखनऊ ने कहा कि प्रत्येक छात्राओं को आत्मरक्षा की जानकारी होनी चाहिए, जिससे किसी भी आपातकालीन स्थिति में वो अपनी व दूसरों की भी रक्षा कर सकने में सक्षम रहे। सीखने की कोई उम्र नहीं होती है, किसी भी समय आत्मरक्षा की कला को आत्मसात किया जा सकता है। विशिष्ट अतिथि मास्टर पीयूष कुशवाहा ने छात्राओं को ताइक्वांडो की विभिन्न तकनीकों एवं आत्मरक्षा के व्यावहारिक उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दरमियान अतिथियों ने छात्राओं को आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी बनने के लिए प्रेरित किया तथा दैनिक जीवन में आत्मरक्षा के कौशल के महत्व पर प्रकाश डाला व छात्राओं को ताइक्वांडो की विभिन्न तकनीकों जैसे किक, ब्लॉक, पंच और सेल्फ डिफेंस मूव्स के माध्यम से आत्मरक्षा के तरीके सिखाए। आयोजन में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक एवं 186 छात्राओं ने प्रतिभाग किया एवं कार्यशाला से लाभ अर्जित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राध्यापक प्रोफ़ेसर रीता अग्निहोत्री, प्रोफ़ेसर शीलधर दुबे, प्रोफ़ेसर प्रीति बाजपेई, प्रोफ़ेसर प्रियंका शर्मा, श्रीमती किरण लता वर्मा, डॉ. निशी मिश्रा तथा श्रीमती साधना सिंह यादव का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन प्रोफ़ेसर प्रीति बाजपेई तथा श्रीमती साधना सिंह यादव के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ निशी मिश्रा द्वारा किया गया।

## नवनिर्मित अंत्येष्टि स्थल का हुआ उदघाटन



लखनऊ । विकास खंड गोसाईगंज की ग्राम पंचायत बक्कास के प्रधान राजेश कुमार द्वारा राज विभाग की ओर से प्राप्त हुए अन्त्येष्टि स्थल का निर्माण कराकर विधि विधान से पूजन अर्चना कर उसका उदघाटन किया गया इसी के साथ ही भगवान भोलेनाथ की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के बाद यह ग्रामवासियों को समर्पित किया गया। इसी मौके पर जय स्वच्छता जय पर्यावरण मित्र द्वारा हरिशंकरी वाटिका बनाई गई साथ ही ग्राम वासियों के सहयोग से 101 पौधों का रोपण किया गया। जय स्वच्छता जय पर्यावरण मित्रों द्वारा कि संकल्प लिया गया कि वे समय समय पर इस अन्त्येष्टि स्थल को पेड़ पौधों पुष्पों से सजाते रहेंगे। इस मौके पर विनोद कुमार गौड़ सचिव, अंशुमान प्रताप सिंह कंसल्टिंग इंजीनियर, संदीप कुमार यादव, रोजगार सेवक, कुमारी अंचलराज पंचायत सहायक, मनोज कुमार सफाई कर्मी, अवधेश सिंह, अर्जुन सिंह, सतीश यादव, सुधीर कुमार, दिलीप कुमार, पंडित राजकुमार शुक्ला, रामप्रकाश मौर्य, रमेश सिंह, रामखेलावन, हरिराम, सुनील सहित गांव के सम्मानित व्यक्ति उपस्थित रहे। ग्राम वासियों के चेहरे पर साफ साफ प्रसन्नता झलक रही थी कि अब उनको यह सुविधा उनके गांव में ही मिल गई। पहले किसी की मृत्यु होने के बाद अंतिम संस्कार की कोई सुविधा ग्राम पंचायत में नहीं थी। अब ग्राम प्रधान व सचिव के अथक प्रयास से गांव में ही अंत्येष्टि स्थल का निर्माण कर दिया गया।डीपीआरओ जितेंद्र कुमार गौड़ व एडीओ पंचायत कमल किशोर शुक्ला की इस नेक कार्य में महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने स्वास्थ्य केंद्रो के लिए जारी किये जन कल्याण से जुड़े उचित दिशा निर्देश

लखनऊ। जनपद में हर व्यक्ति को स्वास्थ्य सेवाएं समय से और दवाएं उचित दर पर मिलें । इसको लेकर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एन.बी. सिंह ने शुक्रवार को सभी स्वास्थ्य केंद्रों को निर्देश जारी किए हैं।मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि सरकार की मंशा है कि समाज के हर तबके के व्यक्ति को समय से स्वास्थ्य सेवाएं और उचित दामों पर दवाएं मिलें इसको लेकर विभाग गंभीर है । इसी क्रम में यह निर्देश दिए जा रहे हैं । उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य केंद्रों में 200 से अधिक दवाएं उपलब्ध हैं । इसलिए कोई भी चिकित्सक किसी भी मरीज को बाहर की दवा कतई न लिखे , अगर आवश्यक है तो जेनेरिक दवा ही लिखे। इसके साथ ही दवा का प्रिस्क्रिप्शन अस्पताल के पर्चे पर ही लिखें । सादी पर्ची पर और बाहर की दवा लिखने वाले चिकित्सकों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी । चिकित्सक स्वास्थ्य केंद्रों पर समय से आएं और अपनी सेवाएं दें। यदि कोई चिकित्सक अनुपस्थित मिलता है तो उक्त अस्पताल के अधीक्षक जिम्मेदार होंगे ।

## बंद घरों की रेकी कर चोरी की घटना को अंजाम देने वाला चोर हुआ गिरफ्तार

लखनऊ। थाना अलीगंज पुलिस टीम को एक सफलता उस वक़्त हासिल हुई जब उसने अपने थाना क्षेत्र के कई घरो ने चोरी की घटना को अंजाम देने वाले एक अभियुक्त को अपनी गिरफ्त मे ले लिया बताया जा रहा है कि अभियुक्त बंद पड़े घरों की रेकी कर उन्हे अपना निशाना बनाता और घटना को अंजाम देता था। पुलिस की गिरफ्त मे आये अभियुक्त का नाम मोहम्मद अकरम उर्फ़ पप्पू उर्फ़ चिकना है जो कुतुबपुर डालीगंज का निवासी है। पुलिस ने अभियुक्त के पास से 6750 रुपये के साथ कई आभूषण और उसके द्वारा घटना मे प्रयोग की जाने वाली इंडिगो कार को भी बरामद करने का दावा किया है। बताया जा रहा है कि 26 अक्टूबर को अभियुक्त द्वारा एक चिकित्सक के बंद घर को निशाना बना कर चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था जिसका उक्त थाने मे मुकदमा पंजीकृत हुआ था उसी मुकदमे की पड़ताल मे जुटी अलीगंज पुलिस ने सर्विलांस टीम डी सी पी उत्तरी की मदद से व मुखबिर खास से मिली पुख्ता जानकारी के आधार पर ये सफलता प्राप्त की है।अभियुक्त के विरुद्ध अन्य थाना अपराधों की भी जानकारी ली जा रही है फिलहाल अभियुक्त पर विधिक कार्यवाही अलीगंज पुलिस द्वारा कर दी गई है।

# 8 और 9 नवम्बर को नई दिल्ली में आयोजित नेशनल अर्बन कॉन्क्लेव में प्रतिभाग करेंगे नगर विकास मंत्री एके शर्मा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री श्री ए.के. शर्मा 8 और 9 नवम्बर को नई दिल्ली में आयोजित नेशनल अर्बन कॉन्क्लेव में प्रतिभाग करेंगे। यह कॉन्क्लेव केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा आयोजित किया जा रहा है, जिसमें देशभर के राज्य सरकारों के शहरी विकास विभागों के मंत्री, वरिष्ठ अधिकारी, नगर निकायों के प्रतिनिधि और विशेषज्ञ सम्मिलित होंगे।

कार्यक्रम में शहरी विकास, स्वच्छता, स्मार्ट सिटी मिशन, आवास, जल निकासी, नगर नियोजन, हरित नगरीकरण और सस्टेनेबल अर्बन ग्रोथ जैसे प्रमुख विषयों पर विस्तार से चर्चा होगी।मंत्री श्री शर्मा 8 नवम्बर को नई दिल्ली के द्वारका स्थित यशोभूमि इंडिया इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर पहुंचेंगे,जहां वे विभिन्न सत्रों में उत्तर प्रदेश की उपलब्धियों और शहरी विकास की दिशा में राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे नवाचारों को साझा करेंगे।उन्होंने बताया कि यह कॉन्क्लेव राज्यों के बीच अनुभवों के आदान-प्रदान और शहरी विकास की नीति निर्माण प्रक्रिया को और सशक्त बनाने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश के शहरों में अभूतपूर्व परिवर्तन हो रहा है, और उत्तर प्रदेश इस दिशा में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। मंत्री श्री शर्मा 9 नवम्बर की रात को कार्यक्रम में प्रतिभाग करने के उपरांत लखनऊ के लिए रवाना होंगे।

## वंदे मातरम् एकात्मकता एवं गौरव का प्रतीक: घनश्याम शाही

लखनऊ । अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा शुक्रवार को लखनऊ के बक्शी तालाब स्थित एस.आर. ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन्स में राष्ट्र गौरव एवं भारतीय एकता के प्रतीक भारत के राष्ट्रीय गीत ल्ववंदे मातरम्ल्क की 150वीं वर्षगांठ के अवसर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर बंकिमचंद्र चटर्जी द्वारा रचित इस अमर गीत को 5 हज़ार से अधिक विद्यार्थियों ने एक साथ गाते हुए माँ भारती को नमन किया। कार्यक्रम में एस.आर. ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन्स के वाइस चेयरमैन पीयूष सिंह चौहान एवं अभाविप पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र के क्षेत्रीय संगठन मंत्री घनश्याम शाही प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र के क्षेत्रीय संगठन मंत्री घनश्याम शाही ने इस अवसर पर कहा,''राष्ट्रीय एकात्मकता एवं गौरव का प्रतीक बंकिमचंद्र चटर्जी द्वारा रचित 'वंदे मातरम्' गीत हमें अपने उन्नयन काल से दिशा दिखाता आया है। आज विद्यार्थियों के इतने विशाल समूह द्वारा एक स्वर में इस गीत का गान इतिहास और वर्तमान दोनों में इसकी महत्ता को पुनः स्थापित करता है। इन विद्यार्थियों को देखकर विश्वास होता है कि भारत सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ रहा है।

# हजारों विद्यार्थियों ने जाना ट्रैफिक नियमों का महत्व, कहा, जान है तो जहान है

**इस अभियान में न्यू नालंदा एकेडमी, सरकारी स्कूल, बीएसडी अकेडमी और एक्सपर्ट कोचिंग सेंटर के हजारों छात्रों ने भाग लिया**




कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ, ठाकुरगंज। कोतवाली क्षेत्र फरीदीपुर स्थित न्यू नालंदा एकेडमी में शुक्रवार को यातायात जागरूकता माह के तहत सड़क सुरक्षा अभियान आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम पुलिस उपायुक्त यातायात के निर्देशन और अपर पुलिस उपायुक्त यातायात के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

अभियान में न्यू नालंदा एकेडमी, पास के सरकारी स्कूल,बीएसडी अकैडमी और एक्सपर्ट कोचिंग सेंटर के हजारों छात्रों ने भाग लिया। ट्रैफिक अधिकारियों ने बच्चों को हेलमेट की अनिवार्यता, ट्रैफिक संकेतों, पैदल चलने और सिग्नल पालन के नियमों की जानकारी दी। टीआई देवेश शाही ने कहा दो पहिया वाहन चलाते समय खुद भी हेलमेट पहनें और पीछे बैठा व्यक्ति भी। खुद सुरक्षित रहें और दूसरों को भी सुरक्षित रखें।कैंट सहायक टीआई राहुल वर्मा ने कहा कि बिना हेलमेट चलने पर सिर में गंभीर चोट लग सकती है। इसलिए हर सफर सुरक्षा के साथ करें।अभियान में ट्रैफिक पार्क प्रभारी सुमित मिश्रा और नालंदा एकेडमी के संचालक मुकेश कटियार भी मौजूद रहे। साथ ही क्षेत्र में पुलिस टीम ने लाउड हेलर से लोगों को नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया।सड़क सुरक्षा सबकी जिम्मेदारी है।

# मलिहाबाद सीएचसी में जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के लिए मांगे गये 200 रुपये

**पीड़ित महिला नें सीएचसी अधीक्षक को लिखित शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की लगाई गुहार**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मलिहाबाद, लखनऊ। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) मलिहाबाद में कार्यरत कर्मचारियों पर एक महिला ने जन्म प्रमाण पत्र बनवाने में लापरवाही और धन उगाही का आरोप लगाया है। पीड़िता ने सीएचसी अधीक्षक को लिखित शिकायत देकर मामले की जांच और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

मधवापुर गांव निवासी नसरीन बानो पत्नी अजीम ने बताया कि उनके पुत्र आमिर फरहान का जन्म सीएचसी मलिहाबाद में हुआ था। अस्पताल से जारी जन्म प्रमाण पत्र में बच्चे का नाम गलत दर्ज हो गया था। गलती सुधारवाने के लिए उन्होंने 6 मई 2025 को 370 रुपये की फीस जमा कर नया प्रमाण पत्र बनवाने के लिए आवेदन किया, लेकिन अब तक सही प्रमाण पत्र नहीं दिया गया। नसरीन बानो का आरोप है कि अस्पताल के कर्मचारी उनसे बार-बार केंद्र पर बुलाने के बाद भी कार्य नहीं कर रहे हैं और अतिरिक्त 200 रुपये की मांग कर रहे हैं।

उन्होंने बताया कि 6 नवंबर को भी उन्हें बुलाया गया था, लेकिन प्रमाण पत्र नहीं मिला। महिला का कहना है कि सीएचसी के कुछ कर्मचारी अनावश्यक रूप से लोगों को परेशान कर रहे हैं और बिना अतिरिक्त पैसे लिए काम नहीं करते। इस संबंध में सीएचसी अधीक्षक ने बताया कि संबंधित कर्मी के खिलाफ पहले भी शिकायतें मिल चुकी हैं। मामले में स्पष्टीकरण सहित रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजी गई है और जांच उपरांत कार्रवाई की जाएगी।

# चिड़िया घर की दीवार फंाद कर हिरणों के बच्चों को चोरी करने का प्रयास

**सफारी कीपर की तहरीर पर वन अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज**

**इंस्पेक्टर हजरतगंज की टीम के हत्थे चढ़ा एक आरोपी, अन्य की तलाश**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । मकानों, दुकानों और घरों में चोरों द्वारा चोरी करते सुना होगा, लेकिन अब बेखौफ बदमाश नवाब वाजिद अली शाह प्राणी उद्यान (चिड़िया घर )को भी नहीं छोड़ रहे हैं। हाईसिक्योरिटी जोन हजरतगंज क्षेत्र के पुराने पुलिस मुख्यालय के पास स्थित चिड़िया घर मानों हर समय सुरक्षा के घेरे में रहता है, लेकिन इसी सुरक्षा में सेंध लगाते हुए बेखौफ चोरों ने दीवार फंाद कर फ़ेंसिंग तोड़कर हिरणों के बच्चों को दौड़ा-दौड़ाकर चोरी करने की कोशिश कर रहे थे। वहां पर तैनात सुरक्षाकर्मियों को ज़रा भी भनक नहीं लगी, पास में पुराने पुलिस मुख्यालय की छत से राजेश मिश्रा नाम के शख्स की नजर पड़ी तो वे शोर मचाते हुए दौड़े। तब जाकर चिड़िया घर में तैनात कर्मचारियों की नींद टूटी और घेरेबंदी कर चारों चोरों को दबोचने के लिए दौड़े, लेकिन वह दीवार के किनारे लगे गूलर के पेड़ के सहारे भाग निकले।

इंस्पेक्टर हजरतगंज विक्रम सिंह के मुताबिक डियर सफारी कीपर मोहन राम की तहरीर पर मुकदमा दर्ज एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि तीन आरोपियों की तलाश में उनके संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है।

**हाईसिक्योरिटी जोन हजरतगंज स्थित चिड़िया घर में सुरक्षा में सेंध**

पुलिस को दी गई तहरीर में डियर सफारी कीपर मोहन राम ने बताया कि नवाब वाजिद अली शाह प्राणी उद्यान (चिड़िया घर ) की दीवार के किनारे लगे गूलर के पेड़ की डाल में रस्सी के सहारे चार लोग भीतर घुस आए और हिरणों के बच्चों को दौड़ा-दौड़ाकर चोरी करने लगे।मोहन राम ने पुलिस को बताया कि इस दौरान पुराने पुलिस मुख्यालय की छत राजेश मिश्रा नाम के शख्स की नजर पड़ी और वह शोर मचाते हुए दौड़े, लेकिन इससे पहले बदमाश गूलर के पेड़ के सहारे दीवार फंाद कर मौके से भाग निकले।मोहन राम की तहरीर पर मुकदमा दर्ज इंस्पेक्टर हजरतगंज विक्रम सिंह की टीम ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि अभी अन्य आरोपी पुलिस की पकड़ से दूर हैं।

# ग्राम गढ़ा में अपना दल (एस) की मासिक बैठक सम्पन्न

**कार्यकर्ताओं को आगामी चुनावों के लिए तैयार रहने का आह्वान**




कैनविज टाइम्स संवाददाता

नगराम, लखनऊ। मोहनलालगंज विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत गढ़ा में अपना दल (एस) की मासिक बैठक उत्साहपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष हरिओम पटेल ने की। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी त्रिस्तरीय पंचायत एवं विधानसभा चुनाव 2027 को ध्यान में रखते हुए अभी से ही संगठन को मजबूत करने की आवश्यकता है।

जिलाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं से जमीन स्तर पर तन-मन-धन से कार्य करने और प्रत्येक बूथ को सशक्त बनाने का आह्वान किया। उन्होंने आरक्षण व्यवस्था के अनुसार व्यापार मंच के जिलाध्यक्ष विकास पटेल को वार्ड संख्या 20 के अंतर्गत जिला पंचायत सदस्य पद के लिए अधिक से अधिक मत दिलाने की अपील की। इस दौरान उपस्थित जनता ने विकास पटेल को समर्थन देने का आश्वासन भी दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष किसान मंच रामकुमार पटेल ने कहा कि अपना दल (एस) दलित, पिछड़े और शोषित समाज की आवाज को मजबूती से उठाने वाला संगठन है। उन्होंने कहा कि पार्टी समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय पहुँचाने के लिए निरंतर कार्यरत है। विशिष्ट अतिथि परमेश्वर धिमान एवं राजबहादुर पटेल ने भी कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक मजबूती पर बल दिया। कार्यक्रम का संचालन युवा मंच के जिलाध्यक्ष राहुल पटेल ने किया। बैठक में कन्हैया लाल, दिलीप पटेल, आयुष पटेल, हरिशंकर, शिवकुमार, अन्नू वर्मा, नीरज, धर्मेंद्र, कुलदीप, लक्की, विमला, आलोक, राजबहादुर सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता एवं ग्राम वासी उपस्थित रहे। बैठक के अंत में कार्यकर्ताओं ने सरदार पटेल के आदर्शों पर चलने और संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त करने का संकल्प लिया।

# सतत वृद्धि करने वाले महिला समूहों को किया जाए प्रोत्साहित: मुख्य सचिव

**मुख्य सचिव ने कहा कि लखपति दीदी कार्यक्रम महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव एस.पी. गोयल की अध्यक्षता में शुक्रवार को लखपति महिला कार्यक्रम की द्वितीय राज्य स्तरीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण को गति देने तथा स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) के माध्यम से स्थायी आय सृजन पर विस्तृत चर्चा हुई।

अपने संबोधन में मुख्य सचिव ने कहा कि लखपति दीदी कार्यक्रम महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सभी संबंधित विभागों द्वारा अपनी योजनाओं में समूह की महिलाओं को प्राथमिकता दी जाए, ताकि वे स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से प्रतिवर्ष एक लाख रुपये से अधिक की स्थायी आय अर्जित कर सकें।उन्होंने कहा कि ऐसे समूहों की पहचान की जाए, जो अपनी आजीविका में सतत वृद्धि कर रही हैं, उन्हें प्रोत्साहित किया जाए और उनके उत्पादों की बेहतर ब्रांडिंग की दिशा में कदम उठाए जाएं। मिशन द्वारा सभी विभागों से समन्वय कर महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के प्रयास सुनिश्चित किए जाएं।उन्होंने पंचायती राज विभाग को निर्देश दिए कि ग्राम पंचायतों में स्ट्रीट लाइट की स्थापना, संचालन, मरम्मत एवं रखरखाव में सूर्य सखियों को वरीयता दी जाए। यूपीनेडा द्वारा पीएम कुसुम योजना के तहत महिला किसानों को अनुदान पर सिंचाई सोलर पंप वितरित किए जाएं। स्कूल ड्रेस की सिलाई तथा मिड-डे-मील हेतु मसाले एवं खाद्य तेल का क्रय भी समूहों द्वारा किया जाए।बैठक में मिशन निदेशक यूपीएसआरएलएम दीपा रंजन ने बताया कि प्रदेश में 35.94 लाख महिलाओं का चिन्हांकन किया गया, जिनमें से 29.68 लाख महिलाओं का डिजिटल आजीविका रजिस्टर में आय विवरण दर्ज है। वर्तमान में 18.55 लाख लखपति दीदियां बन चुकी हैं। नमो ड्रोन दीदी परियोजना के तहत वर्ष 2024-25 में 114 समूह सदस्य ड्रोन दीदी बनीं। वर्ष 2025-26 के लिए 2283 ड्रोन दीदियों के लक्ष्य के सापेक्ष 493 का चयन हो चुका है। 20 लाख एसएचजी सदस्य पशुपालन कार्य कर रही हैं।बैठक में अपर मुख्य सचिव समाज कल्याण एल.वेंकटेश्वर लू, प्रमुख सचिव सहकारिता सौरभ बाबू सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण आदि उपस्थित थे।

# शारीरिक व मानसिक रूप से रहे फिट : एसएसपी

**वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ0 बृजेश कुमार सिंह ने पुलिस लाइन बदायूँ में साप्ताहिक शुक्रवार परेड की सलामी ली**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बदायूँ द्वारा रिजर्व पुलिस लाईन में शुक्रवार परेड की ली गई सलामी। शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए पुलिसकर्मियों को लगवाई गयी दौड़ शस्त्रों के संचालन एवं उचित रख-रखाव हेतु अभ्यास कराया गया। परेड उपरान्त रिजर्व पुलिस लाइन का निरीक्षण कर समस्त शाखाओं एवं पुलिस परिसर निर्माणाधीन कार्यों आदि को चैक कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बदायूँ ''डॉ0 बृजेश कुमार सिंह'' द्वारा पुलिस लाइन बदायूँ में साप्ताहिक शुक्रवार परेड की सलामी ली गयी। परेड का संचालन क्षेत्राधिकारी उझानी/लाइन ''डॉ0 देवेन्द्र कुमार'' द्वारा किया गया। तत्पश्चात परेड में उपस्थित समस्त पुलिसकर्मियों को शारीरिक व मानसिक रुप से फिट रहने हेतु परेड ग्राउण्ड में दौड़ लगवाई गयी तथा टोलीवार पुलिसकर्मियों का टर्न आउट चैक करते हुए सम्पूर्ण ड्रिल की कार्यवाही करवाई गयी। इस दौरान शस्त्रों के संचालन एवं उचित रख-रखाव हेतु अभ्यास कराया गया। परेड के पश्चात रिजर्व पुलिस लाइन बदायूँ का निरीक्षण किया गया, क्वार्टर गार्द, शस्त्रागार, गार्दरुम, जीपी स्टोर, यातायात कार्यालय, परिवहन शाखा, जीडी कार्यालय, केन्द्रीय पुलिस कैन्टीन, गैस एजेन्सी, आरओ प्लांट, पुलिस कन्ट्रोल रुम, क्रिप्टो सेन्टर पुलिस रेडियो शाखा, पुलिस मॉडर्न स्कूल बदायूँ, आटा/मसाला चक्की, भोजनालय, पुलिसकर्मियों के बैरक साथ ही निर्माणाधीन कार्यों आदि का निरीक्षण किया गया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी नगर रजनीश कुमार उपाध्याय, क्षेत्राधिकारी उझानी डॉ0 देवेन्द्र कुमार, क्षेत्राधिकारी बिसौली सुनील कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी दातागंज के0के0 तिवारी, क्षेत्राधिकारी सहसवान कर्मवीर सिंह, पुलिस उपाधीक्षक प्रशिक्षु गौरव उपाध्याय एवं प्रतिसार निरीक्षक इन्द्रजीत सिंह व समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष एवं चौकी प्रभारी तथा पुलिस लाइन के समस्त शाखा प्रभारी उपस्थित रहे।

## मार्ग दुर्घटना में घायल महिला ने इलाज के दौरान तोड़ा दम

बदायूं। बिजनौर-बदायूं हाईवे पर स्थित गांव बंसतनगर के निकट रविवार की शाम शादी समारोह से लौटते वक्त बाइक तेज रफ्तार पिकअप से बचते हुए अनियंत्रित हो गई और काफी दूर तक फिसलती गई। हादसे में बाइक सवार दंपति घायल हो गए। महिला के सिर में गंभीर चोट लगी थी। बुधवार की रात जिला मुख्यालय पर एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। परिवार के लोगों ने हादसे की सूचना पुलिस को नहीं दी है। मोहल्ला संख्या पांच की प्रजापति कॉलोनी निवासी बब्लू प्रजापति और उनकी पत्नी सविता देवी (35) और उनका पुत्र अनमोल बदायूं नगला निवासी अपने साले महेंद्र की पुत्री के विवाह में शामिल होने के लिए रविवार को अपनी बाइक से गया था। घर लौटते समय बिजनौर-बदायूं हाईवे पर स्थित गांव बसंतनगर के निकट सामने से आ रही पिकअप गाड़ी से बचने के चक्कर में उसकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर फिसल गई। हादसे में बाइक सवार सविता देवी और बब्लू घायल हो गए। सविता देवी के सिर में गंभीर चोट लगने पर उन्हें बदायूं के निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। उपचार के दौरान सविता देवी ने बुधवार की रात दम तोड़ दिया। कोतवाल मनोज कुमार सिंह ने बताया कि परिवार के लोगों ने हादसे की सूचना कोतवाली पुलिस को नहीं दी है। बृहस्पतिवार को परिवार के लोगों ने सविता का कछला घाट पर अंतिम संस्कार कर दिया।

## खेत में मचान से लटका मिला युवक का शव, आत्महत्या की आशंका

गुन्नौर, संभल। कोतवाली क्षेत्र में शुक्रवार को एक युवक का शव खेत में बने मचान से फंदे पर लटका मिला। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।थाना प्रभारी अखिलेश प्रधान ने बताया कि शुक्रवार दोपहर करीब बारह बजे सूचना मिली कि कस्बा गुन्नौर की सीमा में लेखपाल विचित्रपाल के खेत में एक युवक का शव लटका हुआ है। पुलिस मौके पर पहुंची तो मृतक की शिनाख्त टिंकू (22 वर्ष) पुत्र बबलू, निवासी मोहल्ला जुलेपुरा, कस्बा गुन्नौर के रूप में हुई।बताया गया कि टिंकू शराब पीने का आदी था, जिससे अक्सर घर में विवाद रहता था। प्राथमिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि पारिवारिक तनाव के चलते युवक ने आत्महत्या कर ली होगी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## एनएचएम की टीम ने किया महिला अस्पताल का निरीक्षण

बदायूं। जिला महिला अस्पताल में बनी 100 शैय्या बिल्डिंग का राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) की टीम ने निरीक्षण किया। इसके बाद टीम ने अस्पताल का भी निरीक्षण किया। उन्होंने वहां पर तैनात डॉक्टरों, कर्मचारियों से बात की।] वहीं, मरीजों से इलाज के संबंध में जानकारियां लीं। जांच के बाद टीम जांच रिपोर्ट लेकर चली गई। टीम आने की सूचना लगते ही अस्पताल में सुबह से ही तैयारियां चल रहीं थीं। जिला महिला अस्पताल की सीएमएस डॉ. शोभा अग्रवाल ने बताया कि टीम आई थी। जांच में सब कुछ सही मिला है। अब वह वापस लौट गई है।

## उसहैत थाना क्षेत्र में 18 वर्षीय युवक की हत्या, आरोपियों ने थाने में किया समर्पण

बदायूँ। उसहैत थाना क्षेत्र में शुक्रवार को एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जहाँ गेहूँ की बुवाई के बहाने बुलाकर 18 वर्षीय युवक ज्ञानेंद्र की हत्या कर दी गई। इस घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई जानकारी के अनुसार, ग्राम चेतराम नगला निवासी ज्ञानेंद्र पुत्र राजवीर कोआज प्रातः 5 बजे भगवान सिंह पुत्र ओमकार निवासी ग्राम चेतराम नगला तथा शुभम तोमर पुत्र नरेंद्र सिंह तोमर ज्ञानसिंह को मय ट्रैक्टर एवं रोटावेटर सहित गेहूँ की बुवाई में मदद करने के बहाने अपने साथ ले गए थे। आरोप है कि इन लोगों ने उसकी हत्या कर दी जब देर शाम तक जब वह घर नहीं लौटा तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। इसी दौरान गांव के बाहर खेतों के पास उसका शव बरामद हुआ। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुँची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपियों की तलाश शुरू की। दबाव बढ़ने पर मुख्य आरोपी सहित उसके सहयो गियों ने थाने पहुँचकर आत्मसमर्पण कर दिया। थाना प्रभारी उसहैत ने बताया कि प्राप्त तहरीर के आधार पर मामले में हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। सभी आरोपियों से पूछताछ की जा रही है, हत्या के कारणों का खुलासा जल्द किया जाएगा। इस वारदात से गांव और आसपास के क्षेत्रों में दहशत का माहौल है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है।

## ककोड़ा मेला में बारबालाओं का अश्लील डांस, धार्मिक आस्था हुई शर्मसार

बदायूँ। थाना कदरचौक क्षेत्र अंतर्गत ककोड़ा मेला, जो हर वर्ष श्रद्धा और भक्ति का प्रतीक माना जाता है, इस बार अपनी पवित्रता को लेकर सवालों के घेरे में आ गया है। मेले में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान बारबालाओं द्वारा किए गए अश्लील डांस ने श्रद्धालुओं की धार्मिक भावनाओं को आहत कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मेले में देर रात तक तेज संगीत पर बारबालाओं ने नृत्य प्रस्तुत किया, जिसमें फिल्मी गानों पर ठुमके लगाए गए। इस दृश्य को देखकर वहां मौजूद महिलाओं और बुजुर्गों ने विरोध भी जताया, लेकिनआयोजकों ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि धार्मिक मेले जैसे पवित्र आयोजन में ऐसे फूहड़ कार्यक्रमों पर पाबंदी होनी चाहिए। उन्होंने प्रशासन से इस पर सख्त कार्रवाई की मांग की है ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाएं दोबारा न हों। एक श्रद्धालु ने कहा, ककोड़ा मेला आस्था का केंद्र है, यहां इस तरह के प्रदर्शन न सिर्फ अनुचित हैं बल्कि धार्मिक मर्यादा का भी अपमान करते हैं। फिलहाल प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों ने कहा है कि यदि किसी ने मेला नियमों का उल्लंघन किया है तो उसके खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी ।

## एक दिवसीय तनाव प्रबन्धन कार्यशाला का आयोजन

बदायूँ। रिजर्व पुलिस लाइन के सभागार में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, बदायूँ की अध्यक्षता में ल्लएक दिवसीय तनाव प्रबन्धन कार्यशाला का आयोजन किया गया । वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बदायूँ, डा0 बृजेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में रिजर्व पुलिस लाइन बदायूँ के सभागार में उत्तर प्रदेश पुलिस फैमिली वेलफ़ेयर एसोसिएशन के तत्वाधान में ग्रीन हर्बल हेल्थ सेंटर योजना के तहत तनाव प्रबन्धन के सम्बन्ध में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया । इस कार्यशाला का उद्देश्य तनाव प्रबन्धन के विभिन्न पहलुओं से अवगत किया गया जिससे की समस्त पुलिस स्टाफ को शारीरिक , मानसिक, सामाजिक, भावनात्मक, जीवनशैली और विभिन्न विषयों में प्राथमिकता तय करने में सहायता प्रदान करना रहा। उक्त सभी विधियों को सही प्रकार से जीवन में अपनाने से तनाव स्त्रोतो से निपटने औऱ शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ करने व नकारात्मक विचार को दूर करने एवं पुलिस विभाग में हो रही अनवरत आत्महत्याएं रोकने तथा तनाव को कम किया जा सकता है। पुलिस लाइन में आयोजित तवान प्रबंधन कार्यशाला में डॉ0 बृजेश कुमार सिंह वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, डॉ0 हृदेश कठेरिया अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, विजयेन्द्र द्विवेदी अपर पुलिस अधीक्षक नगर, डॉ0 देवेन्द्र कुमार क्षेत्राधिकारी लाइन/उझानी, रजनीश कुमार उपाध्याय क्षेत्राधिकारी नगर, अशोक कुमार सिंह क्षेत्राधिकारी यातायात, गौरव उपाध्याय क्षेत्राधिकारी, इन्द्रजीत सिंह प्रतिसार निरीक्षक जनपद बदायूँ एवं पुलिस के अन्य अधिकारी/कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

## आज से कार्ड धारकों को होगा निःशुल्क खाद्यान्न का वितरण

बदायूँ। जिलाधिकारी अवनीय राय ने बताया कि पात्र गृहस्थी तथा अन्त्योदय कार्डधारकों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अन्तर्गत माह नवम्बर 2025 के सापेक्ष आवंटित खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण 08 से 25 नवम्बर 2025 के मध्य कराया जाएगा। उन्होंने खाद्यान्न के उठान एवं वितरण के सम्बन्ध में अधिकारियों को दिशा निर्देश निर्गत किये है।उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अन्तर्गत आच्छादित अन्त्योदय लाभार्थियों को प्रति कार्ड धारक 14 कि0ग्रा0 गेहूँ, 21 कि0ग्रा0 फोर्टीफायड चावल (कुल 35 कि0ग्रा0) खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण किया जायेगा।उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अन्तर्गत पात्र गृहस्थी योजना के अर्न्तगत 02 कि0ग्रा0 गेहूँ, 03 कि0ग्रा0 चावल (कुल 5.0 कि0ग्रा0 खाद्यान्न) प्रति यूनिट निःशुल्क वितरण किया जायेगा।

# फॉर्मर रजिस्ट्री न कराने पर सम्मान निधि से वंचित हो सकते हैं किसान

**कृषि विभाग के आंकड़ों के अनुसार, जिले में कुल 5.36 लाख किसानों की फॉर्मर रजिस्ट्री होनी है। अब तक सिर्फ 2.70 लाख किसानों ने ही अपनी रजिस्ट्री कराई है**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। जिले में किसानों की फॉर्मर रजिस्ट्री का कार्य गति नहीं पकड़ पा रहा है। शासन की ओर से किसानों के डिजिटल डेटाबेस को तैयार कराने की यह महत्वपूर्ण पहल ठंडे बस्ते में जाती दिख रही है। रजिस्ट्री नहीं कराने वाले किसानों को अब प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि समेत अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल सकेगा।

कृषि विभाग के आंकड़ों के अनुसार, जिले में कुल 5.36 लाख किसानों की फॉर्मर रजिस्ट्री होनी है। अब तक सिर्फ 2.70 लाख किसानों ने ही अपनी रजिस्ट्री कराई है। बाकी किसान अब तक इस दिशा में कोई रुचि नहीं दिखा रहे हैं। शासन के निर्देश पर पिछले आठ माह से यह अभियान चल रहा है, लेकिन किसानों की सुस्ती के कारण इसका लक्ष्य अभी पूरा नहीं हो पा रहा है। अब नवंबर में इस काम को पूरा किया जाना है। रजिस्ट्री नहीं कराई तो अन्य योजनाओं का भी नहीं मिलेगा लाभ उप कृषि निदेशक मनोज कुमार ने बताया कि फॉर्मर रजिस्ट्री कराने वाले किसानों को सम्मान निधि सहित कई योजनाओं का लाभ बिना किसी झंझट के मिलेगा, लेकिन जिन किसानों ने अब तक रजिस्ट्री नहीं कराई है, वे इन सुविधाओं से वंचित रह जाएंगे। उन्होंने कहा कि किसान अपने निकटतम जन सेवा केंद्र या कृषि विभाग के सुविधा केंद्रों पर जाकर रजिस्ट्री करवा सकते हैं। क्या है फॉर्मर रजिस्ट्री फॉर्मर रजिस्ट्री एक डिजिटल डेटाबेस प्रक्रिया है, जिसमें किसान की पहचान, भूमि विवरण, फसल जानकारी और संपर्क विवरण दर्ज होते हैं। इस रजिस्ट्री के तहत प्रत्येक किसान को एक यूनिक कोड दिया जाता है। जब यह कोड विभागीय वेबसाइट पर दर्ज किया जाता है तो किसान की संपूर्ण जानकारी प्रदर्शित हो जाती है। इससे योजनाओं में पारदर्शिता आती है और किसान को बार-बार दस्तावेज जमा करने की आवश्यकता नहीं पड़ती। कृषि विभाग की अपील उप कृषि निदेशक ने जिले के किसानों से अपील की है कि वे जल्द फॉर्मर रजिस्ट्री कराकर शासन की योजनाओं से जुड़ें। कृषि विभाग द्वारा गांव-गांव में कैंप लगाकर भी रजिस्ट्री कराने की व्यवस्था की जा रही है ताकि कोई भी किसान योजना से वंचित न रह जाए।

# आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने मानदेय न मिलने के विरोध में दिया धरना

**आरोप है, कि बाल विकास परियोजना अधिकारी अर्चना सिंह द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का चार-चार महीने का मानदेय रोका है**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अनूपशहर, मुरादाबाद। ब्लॉक में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को चार महीने का मानदेय न मिलने के विरोध में प्रदर्शन किया।शुक्रवार को ब्लॉक परिसर में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने सावित्री चौधरी के निर्देशन में धरना देकर प्रदर्शन किया तथा बाल विकास परियोजना अधिकारी के कार्यालय में ताला लगा दिया।

उनका आरोप है, कि बाल विकास परियोजना अधिकारी अर्चना सिंह द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का चार-चार महीने का मानदेय रोका है। जबकि आंगनबाड़ी बहनें पूरी निष्ठा और ईमानदारी से अपना कार्य कर रही हैं। चाहे वह पोषण कार्य हो, टीकाकरण, सर्वेक्षण या विद्यालयों में सहयोग। इसके बावजूद उनका मानदेय समय पर नहीं दिया जा रहा है।पहले से ही आंगनबाड़ी बहनों को अल्प मानदेय मिलता है। और अब चार महीनों से भुगतान नहीं हुआ है। तो बहनों की आर्थिक स्थिति अत्यंत कठिन हो चुकी है। अनेक बार आवेदन और अनुरोध करने के बाद भी कोई समाधान नहीं निकला है। प्रदर्शन का ज्ञापन लेने के लिए नायब तहसीलदार खुशबू सिंह मौके पर पहुंची और एक सप्ताह में समस्या का निस्तारण कराने का भरोसा देकर धरना समाप्त कराया। दूसरी ओर सीडीपीओ अर्चना सिंह का कहना है, कि ब्लॉक क्षेत्र में 228 आंगनबाड़ी हैं, जिसमें से 54 आंगनबाड़ियों द्वारा सरकारी योजना का कार्य नहीं किया। उन्हें छह बार नोटिस भी दिए गए। इसी कारण उनका मानदेय रोका गया है।

# बिसौली में होटल किया सील, दो दिन पहले वीडियो हुआ था वायरल

**मामले का संज्ञान लेते हुए इंस्पेक्टर हरेंद्र सिंह ने नायब तहसीलदार के साथ की कार्रवाई**

कैनविज टाइम्स संवाददात

बदायूं। बिसौली कस्बे के दबतोरी रोड पर स्थित एक होटल को पुलिस व तहसील प्रशासन ने बृहस्पतिवार को सील कर दिया है। दो दिन पहले होटल से युवतियों को निकालते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था।

संज्ञान लेते हुए इंस्पेक्टर हरेंद्र सिंह ने नायब तहसीलदार के साथ कार्रवाई की है। हालांकि टीम को होटल से ऐसी कोई आपत्तिजनक वस्तु नहीं मिली है। फिर भी वीडियो के आधार पर कार्रवाई की गई है। बिसौली स्थित एक होटल में सेक्स रैकेट संचालित होने का कई बार दावा किया गया, लेकिन किसी अधिकारी ने संज्ञान नहीं लिया। दो दिन से इस होटल का एक वीडियो सोशल साइड पर वायरल हो रहा है। बृहस्पतिवार को इंस्पेक्टर हरेंद्र सिंह पुलिस टीम के साथ व नायब तहसीलदार सृजन सिंह प्रशासन टीम के साथ होटल पहुंच गए। उन्होंने पूरे होटल की छानबीन की। कमरे खुलवाकर देखे, लेकिन कोई आपत्तिजनक वस्तु नहीं मिल सकी। लोगों का कहना है कि संचालक को आभास था कि वीडियो वायरल होने के बाद होटल को कभी भी चेक किया जा सकता है। यही वजह है कि उसने होटल से सभी आपत्तिजनक चीजों को हटवा दिया था। इंस्पेक्टर हरेंद्र सिंह ने बताया कि छापेमारी के दौरान होटल के अंदर कोई आपत्तिजनक गतिविधि नहीं पाई गई है। हालांकि, वायरल वीडियो को देखते हुए और एहतियात के तौर पर उस ओयो संचालित होटल को सील कर दिया गया है।

# हमला कर दो महिलाओं समेत तीन लोगों को किया घायल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

शिकारपुर । सलेमपुर थाना क्षेत्र के गांव रिझोड़ा में एक परिवार के आठ लोगों ने घर में घुसकर दो महिलाओं समेत तीन लोगों को लाठी डंडों से हमला कर घायल कर दिया। बंटी पुत्र रामकिशन ने पुलिस में दर्ज कराए मामले में कहा है कि गांव निवासी सोनू, रिंकू, राहुल, प्रीति, लाला, अभय, नितिन, सोनम ने एक राय होकर घर पर लाठी डंडों से हमला बोल दिया। जिसमें वह और आरती पत्नी अजय तथा हर कौर पत्नी रामकिशन घायल हो गए। पुलिस ने सभी आठों आरोपियों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया है।उधर के रुपए वापस मांगने पर दंपति को पीटा शिकारपुर। तहसील शिकारपुर क्षेत्र के पहासू कस्बे में उधार के रुपए मांगने पर दंपति के साथ एक दंपति ने अपने पुत्र के साथ मिलकर मारपीट की। कस्बा पहासू की अनाज मंडी निवासी श्रीमती चंचल पत्नी राजेश ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि अनाज मंडी निवासी जयवीर सिंह ने पिछले दिनों उनसे बीस हजार रुपए उधार लिए थे। रुपए वापस मांगने पर जयवीर सिंह ने अपनी पत्नी रेखा और पुत्र काकू के साथ मिलकर उन दोनों के साथ मारपीट की। जिसमें दोनों घायल हो गए। पुलिस ने आरोपी दंपति और उनके पुत्र के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया है।

## बाइक की किस्त जमा न करने पर फायरिंग, दो युवक घायल

शिकारपुर। तहसील शिकारपुर के पहासू थाना क्षेत्र के कसूमी गांव में खरीदी गई बाइक की किस्त जमा न होने पर फाइनेंसर पर गाली गलौज, मारपीट और फायरिंग करने का आरोप लगाते हुए नामजद मुकदमा दर्ज कराया गया है। नरेश पुत्र नेत्रपाल सिंह ने पुलिस में दर्ज कराए मामले में कहा है कि उनके भतीजे गुरुवेश पुत्र उदल सिंह ने अपने एक साथी से बाइक खरीदी थी। बाइक की किस्त टूटने पर गांव निवासी फाइनेंसर ने अपने तीन अन्य साथियों के साथ मिलकर गाली गलौज करते हुए लाठी डंडों से हमला किया और फायरिंग की। जिसमें उसके दो भतीजे अमन पत्र धीरज और पुष्पेंद्र पुत्र शेर पाल घायल हो गए। दोनों घायलों को उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## अलग-अलग मामलों में तीन लोग गिरफ्तार

शिकारपुर। तहसील क्षेत्र शिकारपुर में अलग-अलग जगह से तीन लोगों को अलग-अलग मामलों में गिरफ्तार किया गया है। शिकारपुर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक चंदगीराम ने बताया कि गांव बादशाहपुर पंचगाई निवासी दानिश खान पुत्र राजू को गांव गेट के पास से छुरी, इसी गांव निवासी हसरत उर्फ बोना पुत्र राहत अली खान को गांव गेट के पास से 20 पव्वा देसी शराब और शिकारपुर के मोहल्ला खेल निवासी सटोरिया शाहनवाज मलिक पुत्र आस मोहम्मद को हैप्पी ब्लू बर्ड पब्लिक स्कूल के पास से सट्टा पर्ची और नगदी के साथ गिरफ्तार किया गया है।

# राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुआ कार्यक्रम

**बच्चे भारत को 2047 में विकसित बनाने के लिए प्रत्येक मिनट का करें सदुपयोगः सीडीओ**

**वंदे मातरम् आत्म सम्मान एवं आत्म प्रेरणा का भाव हैः एडीएम**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सम्भल, बहजोई। राष्ट्रवाद के अग्रदूत बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय ( बंकिमचन्द्र चटर्जी) जी द्वारा वर्ष 1875 में रचित राष्ट्रगीत ल्लवंदे मातरमङ्क के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में ल्लवंदे मातरमङ्क के सामूहिक गायन एवं स्वदेशी का संकल्प कार्यक्रम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की अध्यक्षता में लखनऊ में आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम का सजीव प्रसारण कलक्ट्रेट सभागार बहजोई में किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष हरेन्द्र सिंह रिंकू जी के प्रतिनिधि जिला पंचायत सदस्य अवधेश प्रताप सिंह तथा जिला विकास अधिकारी राम आशीष , परियोजना निदेशक डीआरडीए ज्ञान सिंह, डिप्टी कलक्टर निधि पटेल, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ शैलेन्द्र सिंह तथा अधिशासी अभियंता सिंचाई विभाग राजीव कुमार एवं जिला विद्यालय निरीक्षक सर्वेश कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अलका शर्मा एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी तथा विद्यालयों के छात्र एवं छात्राएं सभी के द्वारा राष्ट्रगीत ल्लवंदे मातरमङ्क का सामूहिक गायन भी किया गया। सभागार में कार्यक्रम के अन्तर्गत मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य तथा अपर जिलाधिकारी तथा मुख्य विकास अधिकारी द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। परियोजना निदेशक डीआरडीए ज्ञान सिंह द्वारा जिला पंचायत सदस्य तथा अपर जिलाधिकारी तथा मुख्य विकास अधिकारी का पुष्प देकर स्वागत एवं सम्मान किया गया। जिला विकास अधिकारी ने वंदे मातरम् गीत के इतिहास के विषय में विस्तार से बताया गया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय गीत सांस्कृतिक विरासत की धरोहर है। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि वंदे मातरम् गीत राष्ट्रीय जागरण का प्रथम मंत्र था। वैदिक ऋचाओं से प्रेरणा लेकर इस गीत को बनाया गया। वंदे मातरम् गीत ने भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन को ऊर्जा प्रदान की तथा भारत की आज़ादी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मुख्य विकास अधिकारी ने सभागार में उपस्थित बच्चों से आह्वान किया कि 2047 में देश को विकसित भारत के रूप में बनाने के लिए प्रत्येक मिनट का सदुपयोग करें वंदे मातरम् गीत से प्रेरणा लें देश को आगे बढाने में अपनी भूमिका निभाएं। जिला पंचायत सदस्य अवधेश प्रताप सिंह ने सभी को हार्दिक बधाई दी।

## दहेज की मांग पूरी न होने पर महिला को पीटा

शिकारपुर। कोतवाली क्षेत्र के गांव मीरापुर निवासी महिला को ससुरालियों ने अतिरिक्त दहेज में कार और पांच लाख रुपए न मिलने पर मारपीट कर मायके में छोड़कर फरार होने का मामला सामने आया है। श्रीमती कौशल्या शर्मा पुत्री चेतन प्रकाश ने पुलिस में दर्ज कराए मामले में कहा है कि उसकी शादी गत 2 फरवरी 2025 को जिला गाजियाबाद के नंदग्राम थाना क्षेत्र के गांव शमशेर निवासी मनीष कौशिक के साथ हुई थी। शादी में काफी दहेज दिए जाने के बावजूद भी ससुराल के लोग खुश नहीं थे और अतिरिक्त दहेज बतौर कार और पांच लाख रुपए की मांग शुरू कर दी गई। मांग पूरी न होने पर उसका कई बार शारीरिक और मानसिक उत्पीड़न किया गया। पुलिस में दर्ज कराए मामले में कहा गया है कि पति मनीष कौशिक, ससुर मदन शर्मा, सास राजेश देवी, जेठ विकास चौहान और जेठानी कल्पना शर्मा ने एक राय होकर उसकी लाठी डंडों से पिटाई की और उसके गांव छोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने ससुराल पक्ष के पांच लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया है।

# सूचना आयुक्त ने अधिकारियों के साथ की बैठक

**आरटीआई के प्राविधानों का गंभीरतापूर्वक पालन करने के निर्देश**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मुरादाबाद। राज्य सूचना आयुक्त उत्तर प्रदेश मोहम्मद नदीम द्वारा जिलाधिकारी श्री अनुज सिंह और मुख्य विकास अधिकारी सुश्री मृणाली अविनाश जोशी की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में सूचना का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत नामित जिले के जन सूचना अधिकारी और प्रथम अपीलीय अधिकारियों के साथ बैठक की गई।

बैठक के दौरान उन्होंने नगर निगम, बेसिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा, स्वास्थ्य विभाग और पंचायती राज विभाग के साथ-साथ खंड विकास अधिकारी बिलारी, खंड विकास अधिकारी कुंदरकी और तहसीलदार सदर कार्यालय में लंबित आवेदन पत्रों के निस्तारण की स्थिति के संबंध में जन सूचना अधिकारियों से जानकारी ली तथा निर्देशित किया कि जन सूचना अधिकारी प्रत्येक आवेदन पत्र का निर्धारित 30 दिवस के भीतर अनिवार्य रूप से निस्तारण करना सुनिश्चित करें।उन्होंने कहा कि अधिकारियों द्वारा सूचना का अधिकार के अंतर्गत नियमों का पालन करने में लापरवाही बरती जा रही है परिणामस्वरूप 780 प्रकरणों में जन सूचना अधिकारियों को दंडित करते हुए उनसे जुर्माना की धनराशि वसूलने की नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने कहा कि आरटीआई के प्राविधानों को लेकर अधिकारियों को गंभीरता बरतनी होगी और आवेदक को स्पष्ट और समयबद्ध सूचना उपलब्ध कराने में कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि अधिकारी सूचना का अधिकार अधिनियम और उत्तर प्रदेश सूचना का अधिकार नियमावली 2015 के प्राविधानों और उद्देश्यों के बारे में जानकारी रखें और गंभीरतापूर्वक पालन करें।राज्य सूचना आयुक्त ने जिलाधिकारी से कहा कि विभिन्न विभागीय कार्यक्रमों की मॉनिटरिंग के दृष्टिगत आयोजित मासिक बैठकों के दौरान आरटीआई के मामलों के निस्तारण की भी समीक्षा की जाए।जिलाधिकारी ने भी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी अधिकारी अपने कार्यालय में अभिलेखों को दुरुस्त कराएं और आरटीआई के प्राविधानों के अनुरूप सूचनाओं को प्रदान करने में कोई लापरवाही न बरतें।

उन्होंने कहा कि मासिक बैठकों में भी लंबित प्रकरणों की मॉनिटरिंग की जाएगी।इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण कुंवर आकाश सिंह, अपर नगर आयुक्त श्री अतुल कुमार, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व श्रीमती ममता मालवीय, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह सहित अन्य अधिकारी गण मौजूद रहे।

# धान की पैदावार के आंकलन के लिए डीएम ने की क्राफ्ट कटिंग



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । सदर तहसील क्षेत्र सोनबरसा गाँव में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में धान की पैदावार का आकलन करने के उद्देश्य से चार किसानों के खेतों में क्रॉप कटिंग प्रयोग कराया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने स्वयं मौके पर पहुंचकर धान की कटाई कर उप ज का परीक्षण कराया। क्रॉप कटिंग के दौरान कृषक परशुराम के गाटा संख्या -- 4 क्षेत्रफल 43.30 वर्ग मीटर में 18.700 किलोग्राम,कृष क संतोष कुमार के गाटा संख्या-26, क्षेत्रफल 43.30 वर्ग मीटर में 15.000 किलोग्राम, कृष क हरीलाल के गाटा संख्या-3, क्षेत्रफल 43.30 वर्ग मीटर में 21.500 किलोग्राम तथा कृषक श्यामू के गाटा संख्या-5, क्षेत्रफल 43.30 वर्ग मीटर में 19.300 किलोग्राम धान की उपज प्राप्त हुई। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी क्रॉप कटिंग प्रयोग पारदर्शी ढंग से कराए जाएं ताकि जिले में धान की औसत उपज का सटीक आकलन किया जा सके। उन्होंने कहा कि क्रॉप कटिंग प्रयोग न केवल उत्पादन के सही मूल्यांकन में सहायक होते हैं बल्कि इससे किसानों को फसल बीमा योजना के अंतर्गत मिलने वाले लाभ की गणना भी अधिक सटीक रूप से की जा सकती है। कार्यक्रम का उद्देश्य क्षेत्र में कृषि उत्पादन की वास्तविक स्थिति का आंकलन कर किसानों के हित में योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना था।इस अवसर पर तहसील दार सदर मनीष कुमार,अपर सांख्यिकीय अधि कारी योगेंद्र प्रसाद चौहान,जिला समन्वयक इफको टोकियो गोंडा विजय सिंह,संबंधित ग्राम के लेखपाल, राजस्व निरीक्षक, ग्राम प्रधान तथा अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# वन्दे मातरम की 150 वी वर्षगांठ पूर्ण होने पर जिला पंचायत सभागार में विभिन्न कार्यक्रम



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा । राष्ट्रभक्ति एवं गौरव के प्रतीक राष्ट्रीय गीत ल्ववन्दे मातरम के 150 वी वर्षगाठ पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिला पंचायत सभागार, गोंडा में ल्ववन्दे मातरम् सजीव प्रसारण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस अवसर पर जिला धिकारी प्रियंका निरंजन तथा मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन ने कार्यक्रम में प्रतिभाग किया।कार्यक्रम में सभी उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने राष्ट्रगीत वन्दे मातरम का सामूहिक गायन किया। इसके पश्चात सजीव प्रसारण के माध्यम से देशभर में आयोजित वन्दे मातरम् के 150 कार्यक्रम का अवलोकन किया गया।इस अवसर पर जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने कहा कि ल्ववन्दे मातरम्ङ्क केवल एक गीत नहीं, बल्कि यह भारत माता के प्रति हमारे अटूट प्रेम, त्याग और समर्पण का प्रतीक है।उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से आह्वान किया कि वे अपने कार्य के प्रति समर्पण,ईमानदारी एवं देशभक्ति की भावना को सदैव बनाए रखें।मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन ने कहा कि यह अवसर हमें हमारी सांस्कृतिक धरोहर और राष्ट्रीय एकता की भावना को सुदृढ़ करने का संदेश देता है।कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी,कर्मचारी एवं शिक्षण संस्थानों के छात्र-छात्राओं व प्रतिनिधि उत्साहपूर्वक उपस्थित रहे।

# रन फ़ॉर यूनिटी को लेकर तैयारी तेज कार्यक्रम रूपरेखा पर हुई बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच । भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में आगामी रन फ़ॉर यूनिटी कार्यक्रम की तैयारी को लेकर नगर में बैठक आयोजित की गई। बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा एवं जनभागीदारी सुनिश्चित करने हेतु रणनीति बनाई गई। बैठक के मुख्य अतिथि भाजपा अवध क्षेत्र लखनऊ के क्षेत्रीय मंत्री राज किशोर मौर्य रहे। जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में नानपारा विधायक रामनिवास वर्मा एवं पूर्व विधायक दिलीप वर्मा मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता भाजपा नगर अध्यक्ष रेखा पाण्डेय ने की। कार्यक्रम के निर्धारित मार्ग के अनुसार यह यात्रा बसेहरी, रुपईडीहा रोड से आरंभ होकर गांधी पार्क, इमामगंज चौराहा, शहीद स्मारक होते हुए कालीकुंडा मंदिर तक पहुंचेगी, जहाँ भोजन हेतु विश्राम रहेगा। इसके बाद यात्रा एसडीएम कोर्ट, तहसील बाईपास तिराहा होते हुए मेहरबान नगर पहुँचेगी। अंत में रामलीला मैदान शिवालय बाग में विशाल जनसभा के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। इस रन फ़ॉर यूनिटी में नानपारा विधानसभा के सभी पाँच मंडलों—नानपारा नगर, रजवापुर, रुपईडीहा, शिवपुर एवं रामपुर—के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता सहभागी होंगे। बैठक में नानपारा विधानसभा संयोजक हरिश्चंद्र गुप्ता, भाजपा विधानसभा संयोजक घनश्याम सिंह, मंडल अध्यक्ष रेखा पाण्डेय, अरविंद चौधरी, राकेश पांडेय, महाराजदीन वर्मा, शालिकराम लोधी, ब्लॉक प्रमुख जे.पी. सिंह राठौर व सुधीर यज्ञसैनी, अपना दल के अमन वर्मा, नगर महामंत्री द्विय आनंद रस्तोगी व विपिन सिंह सहित अन्य पदाधिकारियों ने कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु अपने सुझाव दिए। अंत में अध्यक्षता कर रहीं रेखा पाण्डेय ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# 12 मौत के बाद भी जिम्मेदार अधिकारी सुरक्षा की नहीं निभाते पूरी जिम्मेदारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । गोंडा रेलवे स्टेशन के मुख्य द्वार पर अवैध डग्गामार वाहनो का कब्जा है,ये वाहन शहर की व ग्रामीण क्षेत्र की सड़कों पर इस समय डग्गा मार वाहनों की भरमार हो गई है यह वाहन एक तरफ जहां बिना वैध कागजात के दौड़ रहे हैं। वहीं क्षमता से अधिक भार लेकर चलने से हमेशा दुर्घटना का भय बना रहता है यही नहीं अने कों बार दुर्घटनाएं भी हो चुकी हैं बता दें की अ भी हाल में ही तीन अगस्त रविवार को इटिया थोक क्षेत्र में रविवार को बोलेरो वाहन के नहर में पलटने से बड़ा हादसा हुआ था। इस घटना में 12 लोगो की मौत हुई थी। उसके बाद भी अवैध डग्गा मार वाहनों पर जिले में लगाम नहीं लग रहा है। गोंडा रेलवे स्टेशन के मुख्य गेट पर दर्जनों की संख्या में डग्गामार जीप, ई रिक्शा तथा ऑटो रिक्शा चलते हैं। इसमे अधिकांश वाहनों के कोई भी वैध कागजात नही हैं,इसके बावजूद वाहन संचालक सवारियों के साथ-साथ बेरोकटोक माल की भी ढुलाई कर रहे हैं। सब कुछ जानने के बाद भी जिम्मेदार अधिका री,पुलिस प्रशासन इसे रोकने की जहमत नहीं उठाता है कभी कभार संभागीय परिवहन के अधिकारी जांच कर अपने कर्त्तव्य की इतिश्री करते हैं। जनहित में क्षेत्रीय लोगों ने इस ओर जिम्मेदारों का ध्यान आकृष्ट कराया है।वही इस अवैध डग्गा मार मार्ग वाहनों के बारे में ट्रैफिक इंस्पेक्टर से जानकारी ली गईं तो बताया कि हम कल अभियान चलाते हैं बड़गांव पुलिस चौकी इंचार्ज विपुल पाण्डेय से डग्गामार वाहनों के बारे में जानकारी ली गई तो उन्होंने बताया कि हम लोग जब रेलवे स्टेशन के मुख्य गेट से वाहनों को पकड़ कर लाते हैं तब रेलवे सुरक्षा बल के सिपाही चौकी पर पहुंचते हैं और डग्गा मार वाहनों की तरफ से सिफारिश करते हैं की वाहनों को छोड़ दीजिए।

# डीएम ने खेल मैदान व पार्क का किया निरीक्षण

**लोगों को प्रेरित कर उपयोग में लाया जाय खेल मैदान व पार्क**

**अन्य स्थानों पर भी खेल मैदान विकसित करने के दिये निर्देश**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच । जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र के साथ विकास खण्ड बलहा के ग्राम पंचायत बंजरियां में मनरेगा एवं राज्य वित्त व 15वां वित्त आयोग से लगभग 18.35 लाख रूपये की लागत से निर्मित खेल-कूद मैदान एवं मनरेगा पार्क का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि लोगों को जागरूक कर खेल मैदान व पार्क को उपयोग में लाया जाय। उन्होनें यह भी निर्देश दिया कि खेल मैदान व पार्क का अच्छा निर्माण कराया गया है। इसको माडल मानते हुए इसी प्रकार के अन्य स्थानों पर भी खेल मैदान व पार्क स्थापित किये जाय। साथ ही जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से समन्वय कर परिषदीय विद्यालयों के पास में उपलब्ध भूमि पर भी इस तरह के खेल मैदान व पार्क को विकसित किया जाय। इस अवसर पर उपायुक्त मनरेगा रवि शंकर पाण्डेय, एपीओ विक्रान्त सिंह, एपीओ बलहा आलोक मिश्रा, तकनीकी सहायक फिरोज खान व अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# बिना लाइसेंस बीज का व्यापार करने वालों के विरूद्ध दर्ज होगी एफआईआर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । रबी 2025-26 में बुआई हेतु बीज वितरण कार्य के दृष्टिगत जनपद के कृषकों को उच्च गुणवत्तायुक्त बीज उपलब्ध सुनिश्चित कराये जाने हेतु जिला कृषि अधिकारी डॉ. सूबेदार यादव द्वारा बीज विक्रेताओं को निर्देशित किया गया है कि अपने प्रतिष्ठानों पर डिस्प्ले बोर्ड, रेट बोर्ड, स्टाक बोर्ड को प्रदर्शित करने के साथ-साथ बिक्री एवं स्टाक रजिस्टर, कैशमेमो व अन्य वांछित अभिलेख पूर्ण रखें तथा बीज क्रय करने वाले कृषकों को पक्की रसीद अवश्य उपलब्ध करायें। रसीद पर कृषक का नाम एवं पता, खसरा संख्या, रकबा के साथ बीज आपूर्ति करने वाली संस्था का नाम, बोरी का टैग संख्या तथा लाट संख्या का उल्लेख भी अनिवार्य रूप किया जाय। बीज विक्रेताओं को यह भी निर्देश दिया गया है कि उसी फर्म एवं कम्पनी से स्टाक का क्रय करें जो फर्म कृषि निदेशालय उ.प्र. से पंजीकृत एवं अधिकृत हो तथा उस फर्म का बीज बिकी प्राधिकार पत्र संख्या बिल में अवश्य अंकित करायें अन्यथा की दशा में निरीक्षण के समय समस्त बीज सीज कर दिया जायेगा। सभी बीज विकेताओं को अपने प्रतिष्ठान से बिकी किये जा रहें बीजो का पूर्ण विवरण भी सुरक्षित रखना होगा जिसमें बीज प्राप्ति का स्रोत, बिल एवं कैशमेमो संख्या व दिनांक का पूर्ण विवरण अंकित हो। डॉ. यादव ने बताया कि रिसर्च वैरायटी, जो अधिसूचित नही है अपितु अनुसंधान के अन्तर्गत है, की बिकी प्रतिबन्धित रहेगी। जनपद के बीज विक्रेताओं को निर्देश दिया गया है कि प्राधिकार पत्र (लाइसेंस) में दर्ज स्थान पर ही स्टाक का भण्डारण किया जाये। अन्यथा स्टाक का भण्डारण अवैध माना जायेगा। उन्होंने बताया कि यदि कोई व्यापारी बिना अनुज्ञप्ति (लाइसेंस) प्राप्त किये बीज का व्यवसाय करते पाया जायेगा तो सम्बन्धित व्यापारी के विरुद्ध बीज अधिनियम 1966, बीज नियंत्रण आदेश 1983 तथा आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के प्राविधानों के तहत प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करायी जायेगी। बीज विक्रेताओं को सुझाव दिया गया है कि प्रत्येक माह में बीज प्राप्ति एवं वितरण व अवशेष की सूचना अगले माह की 05 तारीख तक कार्यालय में उपलब्ध कराना सनिश्चित करें।

## बेसिक शिक्षा परिषद का जिलास्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता हुआ सम्पन्न



गोरखपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। बेसिक शिक्षा परिषद गोरखपुर का जिला स्तरीय बेसिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता 2025 – 26 जो क्षेत्रीय क्रीड़ांगन गोरखपुर के मैदान में दो दिनों तक आयोजित किया गया था में ओवरऑल चैंपियनशिप में विगत 3 वर्षों से लगातार प्रथम स्थान पर पिपरौली, द्वितीय स्थान पर कैंपियरगंज व तृतीय स्थान पर भटहट गोरखपुर ब्लॉक पुनः प्राप्त किया । जंगल डुमरी नंबर एक का छात्र सुजीत कुमार मौर्य तथा कुमारी साधना निषाद कक्षा 8 ओवरऑल व्यक्तिगत स्पर्धा में चैंपियन घोषित किए गए। बेसिक शिक्षा परिषद इन छात्र / छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए आशा करता है कि आप समस्त शिक्षक साथियों खेल प्रेमियों का आशीर्वाद इन बच्चों तथा इन बच्चों के प्रेरणा स्रोत हमारे खेल प्रशिक्षक बंधुओ को मिलता रहे । आगामी। 11-12 एवं 13 नवंबर को मंडलीय बेसिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता जनपद देवरिया में आयोजित हो रही है । जनपद के शिक्षकों को पूरी उम्मीद है कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी जनपद गोरखपुर मंडल स्तरीय प्रतियोगिता में भी ओभर ऑल प्रथम चैंपियन रहेगा ।

## उद्योगों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण प्राथमिकता : जिलाधिकारी

गोरखपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकास भवन सभागार में शुक्रवार को जिलाधिकारी दीपक मीणा की अध्यक्षता में उद्योग बंधु बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में स्थापित विभिन्न औद्योगिक इकाइयों की समस्याओं एवं सुझावों पर विस्तार से चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि उद्योग बंधुओं की समस्याओं का त्वरित और पारदर्शी निस्तारण किया जाए, ताकि औद्योगिक विकास की रफ्तार और तेज हो सके। बैठक में गीडा सीईओ अनुज मलिक, जीडीए उपाध्यक्ष आनंद वर्धन, मुख्य विकास अधिकारी शाश्वत त्रिपुरारी, एसपी ट्रैफिक राजकुमार पांडेय, सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारी और उद्योग बंधु उपस्थित रहे। बैठक के दौरान औद्योगिक क्षेत्र से जुड़े बिजली, सड़क, सीवरेज, जलापूर्ति, सुरक्षा, परिवहन जैसी सुविधाओं पर चर्चा हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि उद्योगों से संबंधित सभी विभाग आपसी समन्वय बनाकर कार्य करें, ताकि किसी भी उद्यमी को अनावश्यक परेशानी न हो। डीएम दीपक मीणा ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि उद्योग जगत से जुड़े लंबित प्रकरणों की समीक्षा नियमित रूप से की जाए और सभी विभाग यह सुनिश्चित करें कि उद्यमियों को समयबद्ध सेवाएं मिलें। उन्होंने कहा कि गोरखपुर में निवेश के अनुकूल माहौल बनाए रखना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है, जिससे रोजगार के अवसर बढ़ें और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिले। बैठक के अंत में जिलाधिकारी ने उद्योग बंधुओं से सीधा संवाद करते हुए उनकी समस्याओं और सुझावों को सुना तथा कई मुद्दों पर मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रशासन और उद्योग जगत के बीच बेहतर तालमेल से ही जिले का औद्योगिक विकास नई ऊंचाइयों को छू सकता है।

## संजय सोनकर की हत्या के 48 घंटे बाद भी दोषी पुलिस कर्मियों की गिरफ्तारी नहीं

गोण्डा कैनविज टाइम्स संवाददाता । गोंडा रेलवे सुरक्षा बल ( आरपीएफ ) की हिरासत में संजय सोनकर की मौत के मामले में हत्या का मुकदमा दर्ज होने के 48 घंटे बीत जाने के बावजूद अभी तक दोषी पुलिसकर्मियों की गिरफ्तारी न होने पर परिजनों गाँव के लोगो काफी नाराजगी है,परिजनों के द्वारा दोषी रेलवे सुरक्षा बल के पुलिसकर्मियों की गिरफ्तारी को लेकर के मांग कर रहे है। परिजनों का आरोप है कि हत्या की धारा में मुकदमा दर्ज होने के बा वजूद आरोपी पुलिसकर्मी खुलेआम घूम रहे हैं, जबकि ऐसे मामलों में तत्काल गिरफ्तारी का प्रावधान है। परिजनों ने सवाल उठाया है कि अगर यह घटना किसी आम नागरिक ने की होती तो अब तक उसकी गिरफ्तारी हो चुकी होती। वे दोषी रेलवे पुलिसकर्मियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं,मृतक संजय सोन कर के भाई राजू सोनकर ने सब इंस्पेक्टर सुरेंद्र कुमार, करण सिंह यादव और सिपाही अमित यादव के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज करा या है।इस संबंध में गोंडा नगर कोतवाल विवेक त्रिवेदी ने बताया कि मामले की जांच की जा र ही है,उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट नहीं हुआ है, इसलिए बिसरा को जांच के लिए संरक्षित कर भेजा गया है जां च रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। रेलवे सुरक्षा बल के डीआईजी चंद्र मो हन मिश्रा ने कहा कि नगर कोतवाली पुलिस को पूरा सहयोग किया जाएगा। उन्होंने आश्वा सन दिया कि जो भी दोषी पाए जाएंगे उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी और उन्हें बख्शा नहीं जाएगा।

# युवाओं में बढ़ती नशे की लत चिंता का विषय समाजसेवी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । इसमें युवाओं में बढ़ती नशे की लत को लेकर चिंता व्यक्त की गई है। महानगरों और छोटे शहरों में अवैध मादक पदार्थ बड़ी आसा नी से उपलब्ध हो जाते हैं। युवा पीढ़ी के ऐसे अभिभावक, जो अपनी व्यापारिक व्यस्तताओं में उलझे रहते हैं, अपने बच्चों को समय नहीं दे पाते।वह कहां जाता है, किससे मिलता है उस के मित्रों की आदतों की जानकारी लेने की चिंता नहीं करते हैं।ऐसी लापरवाही से ही युवा पीढ़ी नशे की गिरफ्त में आती चली जाती है। गलत संगत में पड़कर नशा करने की छोटी-छोटी शुरुआत से ही धीरे-धीरे नशे की आदत उसके शरीर पर गहरी पकड़ बना लेती है। ऐसी अवस्था में नशे की भूख उसके लिए असहनीय हो जाती है, तब नशीले पदार्थों का सेवन करने के लिए अपने अभिभावकों पर पैसा लेने के लिए दबाव डालने लगता है। मना करने पर तरह-तरह की धमकियां देने लगता है।पैसा नहीं मिलने पर चोरी जैसी बुराई को अपना लेने में भी शर्म महसूस नहीं करता है।ऐसी परिस्थिति आने पर नशे की लत पर अंकुश लगाने में अभिभावक भी असमर्थ हो जाते हैं। युवाओं की चिंताजनक स्थिति होने के बाद ही नशे के जाल से निकालने के लिए अभिभावकों की चेतना जागृत होती है। पर शायद तब तक देर हो चुकी होती है। नशे की आदत के शिकार युवाओं के मां-बाप सामाजिक बदनामी से डरकर किसी परामर्श आश्रम में भेज कर उसका इलाज कराने से भी हिचकने लगते हैं।

अब सरकारी तंत्र के पुलिस विभाग को युवाओं में बढ़ती नशे की लत पर लगाम लगाने के लिए दृढ़ इच्छाशक्ति का परिचय देना होगा। जिस युवा पीढ़ी के बल पर

# महिला पीजी कॉलेज में एक दिवसीय युवा सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच । युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग द्वारा महिला पीजी कॉलेज में एक दिवसीय युवा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन जिसका विजन विकसित भारत 2047 था जिसके तहत पेंटिंग, कहानी लेखन, कविता लेखन, डिक्लेमेशन, समूह लोकनृत्य, समूह लोकगीत व साइंस मेला इनोवेशन ट्रैक का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के मार्गदर्शन में कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य डॉ0 प्रज्ञा त्रिपाठी जी द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर जनपद के मुख्य विकास अधिकारी श्री मुकेश चंद्र बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहे। कार्यक्रम के उद्घाटन के अवसर पर सरस्वती विद्या मंदिर के बच्चों द्वारा वंदे मातरम गीत गाकर किया गया। विजेता प्रतिभागियों के चयन हेतु जज के रूप में श्रीमती श्रद्धा पांडे, केडीसी के चित्रकला की सविता वर्मा, तस्मीन फातिमा जैदी, आकांक्षा पटेल, रीता शुक्ला सुधा सिंह आदि मौजूद रहे। विजेता प्रतिभागियों में पेंटिंग प्रथम रोली चौरसिया, द्वितीय खुशी गुप्ता, तृतीय स्थान पर महक वाल्मीकि व मो0 अमन संयुक्त रूप में रहे। कहानी लेखन में प्रथम सबा खातून, कविता लेखन ने में प्रथम कृष्ण कांत अवस्थी, डिक्लेमेशन में प्रथम अवंतिका मिश्रा, समूह लोकनृत्य में प्रथम शिखा व टीम द्वितीय सुप्रिया त्रिपाठी व टीम, लोकगायन समूह में काजल व ग्रुप द्वितीय प्रज्ञा शुक्ला व टीम, तृतीय स्थान पर प्रतिमा पाण्डेय व टीम रही, साइंस मेला इनोवेशन ट्रैक में प्रथम मरियम खालिक व टीम, द्वितीय स्थान पर समर्थ त्रिपाठी व टीम, तृतीय स्थान पर निधि सोनी व टीम के साथ अंजली कश्यप व टीम संयुक्त रही। कार्यक्रम का संचालन विकास खंड बलहा के सहायक अनुदेशक अमित पाण्डेय द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला युवा कल्याण अधिकारी सुश्री प्राची पंवार, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी विकास वर्मा जरवल, देवेश शुक्ला चित्तौरा, अजय गुप्ता बलहा, शैलेश मिश्रा मिहिपुरवा, आलोक सिंह, अखिलेश चौधरी व विनम्र शुक्ला मौजूद रहे।

## सम्पादकीय

# बिना छात्र स्कूल

निस्संदेह, शिक्षा मंत्रालय की वह रिपोर्ट परेशान करने वाली है, जिसमें बताया गया है कि बीते शिक्षा सत्र में देश के आठ हजार सरकारी स्कूलों में किसी बच्चे ने दाखिला नहीं लिया। लेकिन विडंबना यह है कि इन स्कूलों में बीस हजार शिक्षक तैनात हैं। वहीं देश में हजारों स्कूल ऐसे हैं, जहां सिर्फ एक शिक्षक के भरोसे सभी कक्षाएं चल रही हैं। वैसे केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार तीस विद्यार्थियों पर एक शिक्षक अनिवार्य रूप से होना चाहिए, लेकिन इसकी अनदेखी करके हर जगह विसंगतियां नजर आती हैं। यही वजह है कि शैक्षणिक सत्र 2024-25 में आठ हजार स्कूलों में एक भी छात्र ने दाखिला नहीं लिया। यहां यह तथ्य उल्लेखनीय है कि बिना दाखिले वाले स्कूलों की सर्वाधिक संख्या पश्चिम बंगाल में है। यह संख्या 3,812 है, जो बेहद चौंकाने वाली बात है। स्थिति का दूसरा परेशान करने वाला तथ्य यह है कि इसी राज्य के बिना दाखिले वाले स्कूलों में बाकायदा करीब अठारह हजार शिक्षक तैनात हैं। कमोबेश तेलंगाना की स्थिति भी चिंताजनक है, जहां 2,245 स्कूल जीरो एडमिशन वाले हैं तथा एक हजार से ज्यादा शिक्षक यहां तैनात हैं। वहीं भाजपा शासित राज्य मध्य प्रदेश, जिसका स्थान इस सूची में तीसरा है, वहां 463 स्कूलों में एक भी छात्र ने दाखिला नहीं लिया। बाकायदा 223 शिक्षक इन जीरो एडमिशन वाले स्कूलों में तैनात हैं। वैसे चौंकाने वाली बात यह है कि शैक्षणिक सत्र 2023-24 में इस बार के मुकाबले पांच हजार स्कूल अधिक ऐसे थे, जहां कोई विद्यार्थी दाखिल नहीं हुआ था। एक विसंगति यह भी है कि स्कूली शिक्षा राज्य सरकारों के अधीन होती है, अतरू केंद्र सरकार का दखल इसमें नहीं होता। लेकिन राज्य सरकार व शिक्षा विभाग की नीतियों पर सवाल तो उठता ही है। इसके बावजूद केंद्रीय शिक्षा विभाग को निर्देश दिए गए हैं कि वे शून्य दाखिले की परंपरा रोकने के लिये यथासंभव प्रयास करते रहें। बहरहाल, यहां एक सवाल यह भी है कि बिना दाखिले वाले स्कूलों के शिक्षक छात्रों को स्कूल में लाने के व्यक्तिगत प्रयास क्यों नहीं करते? वैसे कुछ राज्यों के शिक्षा विभाग ने इस दिशा में कुछ कदम भी उठाए हैं। जहां शिक्षा विभाग ने स्कूलों में छात्रों की कम संख्या को देखते हुए उनका समायोजन अधिक छात्र संख्या वाले स्कूलों में करके संतुलन साधने का प्रयास किया है। यहां हरियाणा, हिमाचल प्रदेश व केंद्रशासित प्रदेश चंडीगढ़ आदि के शिक्षा विभाग की सराहना करनी होगी, जहां एक भी स्कूल जीरो एडमिशन वाला नहीं था। दूसरी ओर उत्तर प्रदेश के शिक्षा विभाग ने राज्य भर के जीरो एडमिशन वाले 81 स्कूलों की मान्यता रद्द करने की प्रक्रिया आरंभ की। इसका मानक यह होगा कि जहां पिछले लगातार तीन शैक्षणिक वर्षों में कोई छात्र दाखिल न हुआ हो। एक परेशान करने वाला आंकड़ा यह भी है कि देश के एक लाख स्कूलों में केवल एक ही शिक्षक सभी कक्षाओं के छात्रों को पढ़ा रहा है, जिसमें करीब तैंतीस लाख छात्र अध्ययनरत हैं। जाहिर है वे छात्र क्या पढ़ रहे होंगे और उनका भविष्य क्या होने जा रहा है। यहां विचारणीय प्रश्न यह भी है कि छात्रों का सरकारी स्कूलों से मोहभंग क्यों हो रहा है? यह समाज विज्ञानियों के लिए अध्ययन का विषय होना चाहिए कि कम फीस व पर्याप्त शिक्षक व शिक्षण व्यवस्था के बावजूद छात्र इन स्कूलों में क्यों पढ़ना नहीं चाहते? यह विडंबना ही है कि जिन संस्थानों में नौकरी सुरक्षित और सुविधाएं पर्याप्त होती हैं, वहां कर्मचारी अपना बेहतर प्रदर्शन करते नजर नहीं आते। जबकि निजी स्कूलों में कम वेतन और कम सुविधाओं के बावजूद कर्मचारी जमकर मेहनत करते हैं। वहां शिक्षकों का खूब दोहन होता है लेकिन कक्षाएं छात्र-छात्राओं से भरी होती हैं। विडंबना यह भी कि अभिभावक ज्यादा फीस देकर भी संतुष्ट नजर आते हैं। अक्सर कहा जाता है कि जिस दिन सरकारी कर्मचारियों, अधिकारियों व नेताओं के बच्चे सरकारी स्कूलों में पढ़ने लगेंगे, उस दिन सरकारी स्कूलों की दशा-दिशा सुधर जाएगी। फिलहाल देश में लाखों स्कूलों की स्थिति असंतोषजनक है और इस दिशा में गंभीर प्रयास की मांग की जाती है।

# अमीरी में अभिवृद्धि विद्रोह एवं संकट का बड़ा कारण

**सन् 2000 से 2024 के बीच विश्व अर्थव्यवस्था में अभूतपूर्व वृद्धि हुई, तकनीकी विकास हुआ, उत्पादन बढ़ा और वैश्वीकरण के नाम पर बाजारों का विस्तार हुआ, लेकिन इस विकास का लाभ समान रूप से नहीं बंटा। अमीर और अमीर होते गए, गरीब और गरीब। सन 2000 में जहां विश्व की कुल संपत्ति का पैंतालीस प्रतिशत हिस्सा शीर्ष एक प्रतिशत लोगों के पास था, वहीं 2024 तक यह बढ़कर तिरेसठ प्रतिशत से भी ऊपर पहुंच गया। इसी अवधि में आधी से अधिक आबादी के हिस्से की संपत्ति घटकर केवल एक प्रतिशत रह गई। यह आंकड़े केवल संख्या नहीं, मानवता की दिशा के संकेत हैं कि हम प्रगति के नाम पर असंतुलन का साम्राज्य खड़ा कर रहे हैं। जो विद्रोह का कारण बन रहा है, हिंसा एवं अलगाव का भी कारण बन रहा है। जी-20 पैनल के अध्ययन के अनुसार, वर्तमान में वैश्विक स्तर पर असमानता भयावह स्तर तक जा पहुंची है। निस्संदेह, भारत भी इस स्थिति में अपवाद नहीं है। देश के सबसे अमीर एक फीसदी लोगों ने केवल दो दशक में अपनी संपत्ति में 62 फीसदी की वृद्धि की है। दुनिया की इस चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में अमीर लगातार अमीर होते जा रहे हैं। वहीं दूसरी ओर गरीब अभाव, तंगी एवं जहालत के दलदल से बाहर आने के लिए छटपटा रहे हैं। इस आर्थिक असमानता का ही नतीजा है कि अमीर व गरीब के बीच संसाधनों का असमान वितरण और बदतर स्थिति में पहुंच गया है।**

विश्व अर्थव्यवस्था पर किए गए हालिया अध्ययन विशेषकर जी-20 पैनल की रिपोर्ट ने एक बार फिर यह स्पष्ट कर दिया है कि धन और संपत्ति के वितरण में असमानता अब चरम पर पहुंच चुकी है। रिपोर्ट के अनुसार आज दुनिया की नई बनी संपत्तियों का लगभग तिरेसठ प्रतिशत हिस्सा मात्र एक प्रतिशत अमीर लोगों के पास है जबकि निचले पचास प्रतिशत गरीब लोगों के हिस्से में केवल एक प्रतिशत संपत्ति आई है। यह असमानता केवल आर्थिक नहीं बल्कि नैतिक, सामाजिक और मानवीय संकट का भी संकेत है। यह स्थिति एक आदर्श विश्व संरचना के लिये भी बड़ी बाधा है। यह ऐसी त्रासद, विद्रोहपूर्ण एवं विडम्बनापूर्ण स्थिति है जिसमें एक तरफ लोग मूलभूत सुविधाओं के अभाव में सड़कों पर उतर रहे हैं तो दूसरी ओर अमीर से और अमीर होते लोगों की विलासिता के किस्से तमाम हैं। उदारीकरण व वैश्वीकरण के दौर के बाद पूरी दुनिया में आर्थिक असमानता रूकने का नाम नहीं ले रही है, इससे एक बड़ी आबादी में विद्रोह एवं क्रांति के स्वर उभर रहे हैं। सन् 2000 से 2024 के बीच विश्व अर्थव्यवस्था में अभूतपूर्व वृद्धि हुई, तकनीकी विकास हुआ, उत्पादन बढ़ा और वैश्वीकरण के नाम पर बाजारों का विस्तार हुआ, लेकिन इस विकास का लाभ समान रूप से नहीं बंटा। अमीर और अमीर होते गए, गरीब और गरीब। सन 2000 में जहां विश्व की कुल संपत्ति का पैंतालीस प्रतिशत हिस्सा शीर्ष एक प्रतिशत लोगों के पास था, वहीं 2024 तक यह बढ़कर तिरेसठ प्रतिशत से भी ऊपर पहुंच गया। इसी अवधि में आधी से अधिक आबादी के हिस्से की संपत्ति घटकर केवल एक प्रतिशत रह गई। यह आंकड़े केवल संख्या नहीं, मानवता की दिशा के संकेत हैं कि हम प्रगति के नाम पर असंतुलन का साम्राज्य खड़ा कर रहे हैं। जो विद्रोह का कारण बन रहा है, हिंसा एवं अलगाव का भी कारण बन रहा है। जी-20 पैनल के अध्ययन के अनुसार, वर्तमान में वैश्विक स्तर पर असमानता भयावह स्तर तक जा पहुंची है। निस्संदेह, भारत भी इस स्थिति में अपवाद नहीं है। देश के सबसे अमीर एक फीसदी लोगों ने केवल दो दशक में अपनी संपत्ति में 62 फीसदी की वृद्धि की है। दुनिया की इस चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में अमीर लगातार अमीर होते जा रहे हैं। वहीं दूसरी ओर गरीब अभाव, तंगी एवं जहालत के दलदल से बाहर आने के लिए छटपटा रहे हैं। इस आर्थिक असमानता का ही नतीजा है कि अमीर व गरीब के बीच संसाधनों का असमान वितरण और बदतर स्थिति में पहुंच गया है। ऑक्सफैम इंडिया की रिपोर्ट बताती है कि देश के शीर्ष दस प्रतिशत लोगों के पास कुल संपत्ति का लगभग सतहत्तर प्रतिशत हिस्सा है जबकि निचले साठ प्रतिशत लोगों के हिस्से में मात्र 4.7 प्रतिशत संपत्ति आती है। बीते दशक में अरबपतियों की संख्या दोगुनी हो गई लेकिन मजदूर, किसान और मध्यम वर्ग की आमदनी स्थिर रही या घटी। एक ओर महानगरों में गगनचुंबी इमारतें, विलासिता और अति उपभोग की चकाचौंध है, तो दूसरी ओर गाँवों और झुग्गियों में रोटी और दवा के लिए संघर्षरत लोग हैं। यही विरोधाभास हमारी विकास यात्रा का सबसे बड़ा प्रश्न बन गया है। निस्संदेह, पैनल की हालिया रिपोर्ट नीति-निर्माताओं को असमानता के इस बढ़ते अंतर को पाटने के तरीके तलाशने और नये साधन खोजने के लिये प्रेरित करेगी। पिछले ही हफ्ते, केरल सरकार ने दावा किया था कि राज्य ने अत्यधिक गरीब तबके की गरीबी का उन्मूलन कर दिया है। हालांकि, कुछ विशेषज्ञों ने इन दावों को लेकर संदेह जताया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के गरीबी मुक्त भारत के निर्माण का संकल्प भी आश्चर्यकारी सफलता के साथ आगे बढ़ रहा है। करीब 25 करोड़ लोगों को गरीब से बाहर लाया गया है। इस साल की शुरुआत में, विश्व बैंक ने भी बताया था कि भारत 2011-12 और 2022-23 के बीच 17 करोड़ लोगों को गरीबी की दलदल से बाहर निकालने में सफल रहा है। मोदी सरकार के जन-केंद्रित विकास और सामुदायिक भागीदारी के लाभों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है।

निस्संदेह, इस पहल ने करोडों अत्यंत गरीब परिवारों को भोजन, स्वास्थ्य सेवा और आजीविका के बेहतर साधनों तक पहुंचने में मदद की है। फिर भी देश में धन-संपत्ति की असमानता केवल आर्थिक नहीं, बल्कि असंतोष और हिंसा की जड़ है। जब परिश्रमी व्यक्ति को उसका उचित मूल्य नहीं मिलता, जब समाज में अवसर और सम्मान का समान वितरण नहीं होता, तब भीतर आक्रोश और विद्रोह जन्म लेता है। प्रसिद्ध अर्थशास्त्री थॉमस पिकेटी ने कहा है कि जब पूंजी की आय दर आर्थिक वृद्धि दर से अधिक हो जाती है, तब समाज में असमानता बढ़ती है और लोकतंत्र की जड़ें हिल जाती हैं। आज यही हो रहा है। आर्थिक असंतुलन से सामाजिक असंतुलन उपज रहा है, अविश्वास और द्वेष का वातावरण बन रहा है। कोरोना महामारी ने इस असमानता को और गहरा किया। जब करोड़ों लोग बेरोजगार और निर्धन हो गए, तब कुछ गिने-चुने उद्योगपतियों और कंपनियों की संपत्ति कई गुना बढ़ गई। इसका अर्थ यह है कि संकट भी अब वर्ग विशेष के लिए अवसर बन गया है। युद्धों, ऊर्जा संकट और बढ़ती महंगाई ने गरीब देशों की स्थिति को और भी कठिन बना दिया। अमीर देशों की बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने इन संकटों से भी मुनाफा कमाया जबकि विकासशील देशों में भोजन, शिक्षा और स्वास्थ्य की उपलब्धता घटती गई। विकास का अर्थ हमने केवल सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि तक सीमित कर दिया है। समाज में नैतिकता, समानता, सहानुभूति और पर्यावरणीय न्याय जैसे तत्व विकास की परिभाषा से गायब हो गए हैं। अमीर देशों की कंपनियां गरीब देशों के संसाधनों का दोहन करती हैं, और गरीब देशों के श्रमिक उनके उत्पादन का आधार बन जाते हैं। यह एक नया आर्थिक उपनिवेशवाद है, जहां अब सत्ता नहीं, पूंजी शासन करती है। गरीबी उन्मूलन की तस्वीर को केवल संख्याएं ही पूरी तरह नहीं उकेर सकती हैं। गरीबी कम करने के प्रयासों के दावों के मुताबिक जमीनी स्तर पर गुणात्मक बदलाव भी नजर आना चाहिए, आम जीवनस्तर उन्नत होता हुआ भी दिखना चाहिए। हालांकि, अर्थशास्त्री आमतौर पर संपत्ति कर लगाने के पक्षधर नहीं होते हैं, लेकिन सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि अति-धनी लोग सरकारी खजाने में अपना उचित योगदान दें। अब चाहे कोई अमीर हो या गरीब, सबका ध्यान विकास पर केंद्रित किया जाना चाहिए। तभी देश उत्पादकता के क्षेत्र में आगे बढ़कर गरीबी उन्मूलन की दिशा में सार्थक प्रगति कर सकता है। यह पहल ही नये भारत, विकसित भारत के सपने को साकार करने में मददगार साबित हो सकती है। गरीबी-अमीरी के असंतुलन की स्थिति से निकलने का एक ही मार्ग है-धन का न्यायपूर्ण पुनर्वितरण, समान अवसर और समाजोपयोगी नीति। कर व्यवस्था ऐसी हो जो अमीरों से अधिक कर लेकर गरीबों की शिक्षा, स्वास्थ्य और जीवन स्तर को सुदृढ़ करे। अवसरों की समानता तभी संभव है जब शिक्षा और स्वास्थ्य सभी के लिए समान रूप से सुलभ हों। लोकतंत्र में पारदर्शिता और जवाबदेही आवश्यक है ताकि नीति पूंजी के लिए नहीं, नागरिक के लिए बने। परंतु केवल नीतियों से नहीं, दृष्टि से परिवर्तन आएगा। स्वामी विवेकानंद ने कहा था-ङ्कगरीब पापी नहीं, जीवित देवता हैं। उनकी सेवा ही ईश्वर की सेवा है।ङ्क दूसरी बड़ी बात है कि जब कुछ लोग सब कुछ पा लेते हैं, तो बाकी सब कुछ खो देते हैं। इसलिये सरकारें वोट बैंक की राजनीति से इतर ईमानदारी से पहल करें तो गरीबी उन्मूलन की दिशा में सार्थक, समता एवं सतुलन के दृश्य स्थापित किये जा सकते हैं। चुनाव से पहले मुफ्त की रेवड़ियां बांटने की तेजी से बढ़ती प्रवृत्ति पर अंकुश लगाया जाना चाहिए। यह एक हकीकत है कि कोई भी सुविधा मुफ्त नहीं हो सकती। इस तरह की लोकलुभावनी कोशिशों से राज्यों का वित्तीय घाटा ही प्रभावित होता है। जिसकी कीमत लोगों को विकास योजनाओं से दूर रहकर ही चुकानी पड़ती है। -ललित गर्ग

# बिहार में अखिलेश से अधिक योगी की डिमांड

**अजय कुमार**

बिहार विधानसभा चुनाव में प्रचार के मैदान में उत्तर प्रदेश के दिग्गज नेताओं की मौजूदगी सबसे प्रमुख ट्रेंड बन चुकी है। इस बार न सिर्फ दोनों राज्यों के सीमावर्ती क्षेत्रों का राजनीतिक समीकरण आपस में गहरे जुड़ गया है, बल्कि कई बड़े नेताओं की डिमांड ने बिहार के चुनावी रण को उत्तर प्रदेश की सत्ता की बिसात से भी जोड़ दिया है। यूपी से सबसे ज्यादा डिमांड वाले नेता योगी आदित्यनाथ हैं, जिनकी सभाओं की मांग लगातार बढ़ती जा रही है। इसके अलावा डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य, सपा प्रमुख अखिलेश यादव और कांग्रेस के अजय राय सहित कई नाम प्रमुख हैं। इनकी डिमांड बिहार के जातीय समीकरणों और राजनीतिक रणनीति के हिसाब से तय हो रही है। उत्तर प्रदेश के नेताओं की बड़ी फौज इस बार बिहार के चुनाव प्रचार में उतरी है। योगी आदित्यनाथ, जिनकी साक्षात्कार और सभाओं के लिए सबसे ज्यादा एप्लिकेशन सभी दलों के उम्मीदवार भेज रहे हैं, लगभग 50 सभाओं की योजना के तहत 100 से 150 सीटों को प्रभावित करने की कोशिश कर रहे हैं। उनकी मांग उन क्षेत्रों में ज्यादा है, जो यूपी बॉर्डर से सटे हैं, जैसे गोपालगंज, सारण, सीवान, पश्चिम चंपारण, कैमूर, रोहतास, बक्सर आदि। इन जिलों की लगभग 32-35 सीटों पर योगी का डायरेक्ट इम्पैक्ट माना जा रहा है, खासकर उन क्षेत्रों में जहां राजपूत, ब्राह्मण और हिंदुत्व की राजनीति प्रमुखियत से मानी जाती है। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य भी चुनाव के दरम्यान बिहार में कैंप किए हुए हैं। जमीन पर प्रचार से लेकर संगठनात्मक कमान उनके हाथ में हैं। बीजेपी के स्वतंत्र देव सिंह, दिनेश प्रताप सिंह, महेंद्र प्रताप सिंह समेत कई नेता लगातार रैलियों व जनसभाओं के जरिए जनता में एनडीए के पक्ष में माहौल बनाने की कोशिश कर रहे हैं। महागठबंधन की ओर अखिलेश यादव अपनी टीम के साथ सक्रिय हैं। वे अपनी रैलियों में यूपी-बिहार के सामाजिक ताने-बाने को जोड़कर युवाओं और पिछड़े वर्ग के मुद्दे भुनाने की रणनीति अपना रहे हैं। बिहार के सीमावर्ती जिलों में यूपी के प्रचारकों की डिमांड सीधा जातीय समीकरण, सांस्कृतिक जुड़ाव और हिंदुत्व के मैसेज से जुड़ी है। बीजेपी की रणनीति है कि योगी को वहां उतारा जाए, जहां पिछली बार पार्टी कमजोर रही या हिंदुत्व की राजनीति प्रभावी हो सकती है। शाबाद और आसपास के रीजन में खासतौर से योगी की सबसे अधिक सभाओं की प्लानिंग है, क्योंकि ये इलाका राजपूत बहुल है और यहां उनकी लोकप्रियता भी अधिक है। अखिलेश यादव की डिमांड भोजपुरी बेल्ट, मुस्लिम बहुल तथा यादव-धानुक-चौहान जैसे वर्गों में ज्यादा मानी जा रही है। वे भारतीय जनता पार्टी के हिंदुत्व एजेंडे के जवाब में सामाजिक न्याय, किसान-मजदूर और गठबंधन के चरित्र पर जोर देते हैं। कांग्रेस ने भी यूपी के अजय राय, अजय कुमार लल्लू, तनुज पुनिया, प्रदीप जैन, संजय कपूर जैसे छह नेताओं को बिहार चुनावी ड्यूटी पर भेजा है, जो अपने क्षेत्रों में पार्टी कार्यकर्ताओं को संगठित कर रहे हैं। पश्चिमी और पूर्वी यूपी की बोली, संस्कृति और जातीय समीकरण बिहार के पश्चिमी जिलों से बहुत मिलते हैं। यूपी से जुड़े जिलों पर इस बार पहले चरण के चुनाव में वोटिंग हो रही है, जिससे यूपी के नेताओं की पोजिशन और भी अहम हो जाती है। उधर, बिहार के महागठबंधन के पक्ष में तेजस्वी यादव की डिमांड युवा मतदाताओं और बदलते राजनीतिक माहौल की वजह से खास बनी है। इनका फोकस बदलाव और नए बिहार के एजेंडे पर रहता है। यूपी के नेताओं के प्रचार से बिहार की राजनीति में ''हिंदुत्व बनाम जातीय गठबंधन'' की लड़ाई और तेज हो गई है। जहां योगी आदित्यनाथ का चेहरा लॉ एंड ऑर्डर, बुलडोजर एक्शन और कट्टर हिंदुत्व के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है, वहीं अखिलेश यादव और तेजस्वी यादव रोजगार, युवाओं की जरूरतें और सामाजिक न्याय की बात आगे रख रहे हैं। ऐसे में बिहार का एजेंडा यूपी के भीतर भी एक संकेत भेजता है कि 2027 के यूपी चुनाव की बुनियाद कितनी मजबूती से तैयार हो रही है। कुल मिलाकर, बिहार में इस बार चुनावी प्रचार सिर्फ पार्टी के सीमित नेताओं पर नहीं, बल्कि पड़ोसी प्रदेश यूपी के चर्चित चेहरों की लोकप्रियता, रणनीति और सामाजिक-सांस्कृतिक समीकरणों पर टिका हुआ है। योगी आदित्यनाथ की सभाओं की जितनी डिमांड है, वह बताती है कि इस बार बिहार की सत्ता की चाबी उसकी सीमा के उस पार से भी तय होगी। वहीं, अखिलेश यादव और कांग्रेस के यूपी नेता महागठबंधन के एजेंडे को धार देने में लगे हैं। यूपी-बिहार का जुड़ाव लोकतांत्रिक राजनीति के गहरे और नए समीकरण की बुनियाद बनता दिख रहा है।

## सेहत मंत्र

# मूंगफली का सीमित मात्रा में सेवन डायबिटीज के मरीजों के लिए भी फायदेमंद

सर्द मौसम में मूंगफली को देखते ही खाने का मन करता है, लेकि डायबिटीज के मरीज इसे खाने से परहेज करते हैं। उन्हें लगता है इसके सेवन से उनका शुगर का स्तर बढ़ जाएगा। डायबिटीज के मरीज अपने खान-पान का विशेष ध्यान रखते हैं, वो कुछ भी खाने से पहले इस बात पर जरूर सोचते हैं कि इससे ब्लड का शुगर लेवल तो नहीं बढ़ जाएगा। बहुत से लोग जो शुगर और किसी पुरानी बीमारियों से पीड़ित हैं, वे किसी भी तरह के नट्स को खाने से परहेज करते हैं। लेकिन सच ये है कि लोगों का ये वहम है कि नट कोलेस्ट्रॉल के स्तर को बढ़ा सकते हैं, और यहां तक कि वजन भी बढ़ा सकते हैं। हालांकि, लोगों की ये सोच सिर्फ एक भ्रम है। मॉडरेशन में नट्स का सेवन करना शुगर के मरीजों के लिए भी अच्छा है। शुगर के मरीजों के लिए मूंगफली विशेष रूप से बेहद लाभदायक मानी जाती है। आहार विशेषज्ञ अक्सर इन मरीजों को सलाह देते हैं कि अपनी डाइट में पोषक तत्वों से भरपूर खाद्य पदार्थों को शामिल करें। आप जानते है मूंगफली भी आपको अखरोट और बादाम की तरह पोषक तत्व प्रदान करती हैं। जो आपकी सेहत के लिए बेहद फायदेमंद है। एंटीऑक्सिडेंट, फाइबर, प्रोटीन, मैग्नीशियम, फास्फोरस, कैल्शियम और अन्य पोषक तत्वों से भरपूर मूंगफली आपको कम खर्च में ज्यादा पोषक तत्व प्रदान करती हैं। मूंगफली ना सिर्फ दिल के मरीजों के लिए मुफीद है बल्कि हाई ब्लड प्रेशर, कोलेस्ट्रोल के मरीजों के लिए भी फायदेमंद है। मूंगफली सेहत के लिए बेहद फायदेमंद है। आप मूंगफली को पीनट बटर के रूप में भी इस्तेमाल कर सकती है, या फिर इसका इस्तेमाल सलाद के साथ कर सकती हैं। दिन में एक मुट्ठी मूंगफली का इस्तेमाल शुगर के मरीजों के लिए बेहद फायदेमंद है। याद रखें की मूंगफली का ज्यादा इस्तेमाल नहीं करें वरना आपको कब्ज की शिकायत हो जाएगी साथ ही आपका वजन भी बढ़ने लगेगा। मूंगफली में कम ग्लाइसेमिक इंडेक्स (जीआई) होता है। ग्लाइसेमिक इंडेक्स आपको यह मापने में मदद करता है कि कोई भी खाना आपके ब्लड शुगर के स्तर को कितनी जल्दी बढ़ा सकता है।

## धर्म मंत्र

# अद्भुत एवं अलौकिक व्यक्तित्व के धनी थे भगवान श्रीकृष्ण

भगवान श्रीकृष्ण का व्यक्तित्व भारतीय इतिहास के लिये ही नहीं, विश्व इतिहास के लिये भी अलौकिक एवम् अद्भुत व्यक्तित्व है और सदा रहेगा। वे हमारी संस्कृति के एक विलक्षण महानायक हैं। एक ऐसा व्यक्तित्व जिसकी तुलना न किसी अवतार से की जा सकती है और न संसार के किसी महापुरुष से। उनके जीवन की प्रत्येक लीला में, प्रत्येक घटना में एक ऐसा विरोधाभास दीखता है जो साधारणतः समझ में नहीं आता है। यही उनके जीवन चरित की विलक्षणता है और यही उनका विलक्षण जीवन दर्शन भी है। अपनी सरस एवं मोहक लीलाओं तथा परम पावन उपदेशों से अन्तः एवं बाह्य दृष्टि द्वारा जो अमूल्य शिक्षण उन्होंने दिया था वह किसी वाणी अथवा लेखनी की वर्णनीय शक्ति एवं मन की कल्पना की सीमा में नहीं आ सकता, यही उनकी विलक्षणता है। ज्ञानी-ध्यानी जिन्हें खोजते हुए हार जाते हैं, जो न ब्रह्म में मिलते हैं, न पुराणों में और न वेद की ऋचाओं में, वे मिलते हैं ब्रजभूमि की किसी कुंज-निकुंज में राधारानी के पैरों को दबाते हुए- यह श्रीकृष्ण के चरित्र की विलक्षणता ही तो है कि वे अजन्मा होकर भी पृथ्वी पर जन्म लेते हैं। मृत्युंजय होने पर भी मृत्यु का वरण करते हैं। वे सर्वशक्तिमान होने पर भी जन्म लेते हैं कंस के बन्दीगृह में। श्रीकृष्ण का व्यक्तित्व एवं कृतित्व बहुआयामी एवं बहुरंगी है, यानी बुद्धिमत्ता, चातुर्य, युद्धनीति, आकर्षण, प्रेमभाव, गुरुत्व, सुख, दुख और न जाने कितनी विशेषताओं एवं विलक्षणताओं को स्वयं में समेटे हैं।

## पर्यटन



# प्राकृतिक सौंदर्य और शांति का प्रवेश द्वार है पोर्ट ब्लेयर

पोर्ट ब्लेयर अंडमान और निकोबार द्वीप समूह की राजधानी है, जो बंगाल की खाड़ी में भारत का एक केंद्र शासित प्रदेश है। यह द्वीपों का स्थानीय प्रशासनिक उप-प्रभाग (तहसील), दक्षिण अंडमान जिले का मुख्यालय भी है और इस क्षेत्र का एकमात्र अधिसूचित शहर है। अंडमान द्वीप समूह की राजधानी, पोर्ट ब्लेयर सुंदरता और शांति का एक प्रवेश द्वार है। यहाँ आप इसके कई संग्रहालयों का अन्वेषण करें, वनस्पतियों और जीवों और समृद्ध समुद्री जीवन की खोज करें या केवल समुद्री हवा का आनंद लेने के लिए मरीना पार्क में टहलें, ये सबकुछ आपको आनंदित और आह्लादित कर देगा। जापानी बंकरों से गुजरें, पानी के खेल में लिप्त हों, द्वीप की ऊंची चोटियों की खोज करें और भूमि की समृद्ध संस्कृति और विविधता से परिचित हों। इन सबके लिए पोर्ट ब्लेयर अंडमान द्वीप समूह का सबसे अच्छा परिचय है। पोर्ट ब्लेयर ऐतिहासिक सेलुलर जेल और अन्य छोटे द्वीपों जैसे कॉर्बिन के कोव, वंडूर, रॉस द्वीप, वाइपर द्वीप आदि के लिए भी प्रसिद्ध है, जो कभी ब्रिटिश उपनिवेशवादियों के घर थे। पोर्ट ब्लेयर को स्मार्ट सिटीज मिशन के तहत स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित किए जाने वाले शहरों में से एक के रूप में चुना गया है। कोलकाता से बंगाल की खाड़ी के पार 780 मील की दूरी पर, अंडमान द्वीपसमूह का यह शहर महात्मा गांधी राष्ट्रीय समुद्री पार्क के लिए स्पलैश-डाउन पॉइंट है। गोताखोरी, स्नोर्कलिंग और ग्लास-बोट नाव यात्राएं दुर्लभ प्रवाल और समुद्री जीवन के दृश्य प्रदान करती हैं। पास के वाइपर और रॉस द्वीपों में ब्रिटिश शासन के ऐतिहासिक अवशेष हैं, जबकि कॉर्बिन कॉव के पास समुद्र तट पर जापानी बंकरों के अवशेष हैं। पोर्ट ब्लेयर दो तरीकों से पहुँचा जा सकता है- हवा से और समुद्र के द्वारा। उड़ानें यात्रा का सबसे तेज़ और सबसे सुविधाजनक तरीका है। दिल्ली, कोलकाता, चेन्नई, बैंगलोर, विजाग और हैदराबाद से सीधी उड़ानें उपलब्ध हैं। यह आपके प्रस्थान स्थान के आधार पर 2 से 3.5 घंटे का समय लेती है।

# शताब्दी वर्ष पर हॉकी मैच का भव्य आयोजन





कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। स्थानीय बालाजी किंगडम ऑफ स्पोर्ट्स में हॉकी इंडिया के 100 वर्ष पूर्ण होने पर वर्षगांठ मनाई गई। जिसमे हॉकी एसोसिएशन बाराबंकी द्वारा हॉकी मैच का आयोजन किया गया मैच के मुख्य अतिथि बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष हरीश अग्निहोत्री एवं बतौर विशिष्ट अतिथि विनय कुमार सिंह सम्मिलित हुए। बालाजी ग्रुप आफ स्कूल की कोषाध्यक्ष श्रीमती प्रिया माथुर ने मुख्य अतिथि को पुष्प गुच्छ भेंटकर सम्मानित किया।

इसी क्रम में बालाजी बचपन स्कूल की प्रधानाचार्य सविता कौर व बालाजी किंगडम ऑफ स्पोर्ट्स की डायरेक्टर श्रीमती भारती माथुर अतिथियों एवं बाराबंकी जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव डॉक्टर चौधरी अहमद जावेद एवं कोषाध्यक्ष श्री राजेश अरोड़ा बब्बू को पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। केडी सिंह बाबू ब्लू एवं केडी सिंह बाबू ऑरेंज के बीच में मैच खेला गया बहुत ही रोमांस कारी मैच में बाराबंकी केडी सिंह बाबू स्टेडियम ब्लू ने चार - तीन से मैच जीता। इस अवसर पर बालाजी ग्रुप आफ स्कूल के प्रबंधक चंद्रशेखर कांडपाल श्रीमती प्रिया माथुर एवं भारती माथुर ने बाराबंकी हॉकी एसोसिएशन के सचिव मजहर अजीज खान को 10 हॉकी स्टेडियम में खेलने वाले बच्चों को दिया जिससे बाराबंकी जिले में हॉकी के स्तर को बढ़ाया जा सके इस अवसर पर बाराबंकी केडी सिंह बाबू स्टेडियम के कोच विवेक, श्रीमती चंदा रानी, एम. बी. सिंह, गौरव तिवारी आदि मौजूद थे।

# अधूरी पड़ी आर सीसी मार्ग ग्रामीणों के लिए मुसीबत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सिद्धौर बाराबंकी। स्थानीय नगर पंचायत सिद्धौर के डोमन गड्ढा वार्ड में 150 मीटर आर सीसी सड़क का निर्माण कार्य किया जाना था। लेकिन ठेकेदार द्वारा सडक निर्माण कार्य बंद पड़ा है।

150 मीटर आर सी सी सडक कस्बा सिद्धौर के डोमन गड्ढा वार्ड में सुरेश राजपूत के घर बंशराज राजपूत के घर तक निर्माण कार्य होना था। जो काफी दिन से अधूरा पड़ा है। ठेकेदार मोनू सिंह द्वारा लगभग चार माह पहले आईसीसी सड़क पर गिट्टी बॉक्सिंग आदि का निर्माण कार्य करवाया था।तब से सड़क पर बॉक्सिंग भी टूट गई है, और टिट्टीया भी वैसे पड़ी हुई है।जिससे स्कूली बच्चों, व नगर के राहगीरों को दिक्कत हो रही है। जिसकी शिकायत नगर वासियों ने अधिशासी अधिकारी से करो कार्यवाही की मांग की है।

# धूम–धाम से निकली कलश यात्रा सैकड़ों महिला पुरूष हुए शामिल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रामसनेही घाट बाराबंकी। तहसील क्षेत्र के पूरे छवि नाथ शुक्ल गांव में जय नारायण शुक्ल के यहां शुक्रवार से शुरू हुई सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के पहले भव्य कलश यात्रा आयोजित हुई। गाजे-बाजे के बीच कथास्थल से निकली यात्रा आदि गंगा गोमती के अवशानेश्वर घाट पहुंची जहां पर कलश में जल भरकर कलश यात्रा पुनः कथास्थल पर समाप्त हुई। डीजे और बैंड बाजों की धुन पर भक्त अबीर-गुलाल उड़ाते हुए झूमते नजर आए। जयघोष से संपूर्ण वातावरण गुंजायमान रहा। कलश यात्रा की तैयारी सुबह से दिखाई दी समय बढ़ने के साथ श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ने लगी विधि-विधान से पूजा अर्चना के बाद यजमान जय नारायण शुक्ल भागवत पुराण रखकर एवं पीला वस्त्र धारण किए सैकड़ों महिलाओं व युवतियों के साथ ही सिर पर कलश धारण किए हुए आगे बढ़ रही थी, यात्रा आदि गंगा गोमती के घाट पहुंची जहां कलश में जल भर कर यात्रा पुनः कथास्थल पहुंची। जौनपुर से से पधारे कथा व्यास प्रकाश चंद्र विद्यार्थी जी व चित्रकूट धाम से पधारे पंडित मनोज शास्त्री जी महाराज के मुखारविंद से श्रद्धालु सात दिनों तक कथा का श्रवण करेंगे। कलश यात्रा में मुख्य रूप से विवेकानंद शुक्ला, ग्राम प्रधान शिवमोहन वर्मा, कमलेश यादव आचार्य जगदीश शुक्ला व सौरभ शिक्षा सदन देवीगंज के छात्राएं व सैकड़ों की संख्या में महिलाएं शामिल हुई। इस मौके पर असंद्रा पुलिस ने अपने उत्तरदायित्व के प्रति समर्पित दिखी और कलश यात्रा में शामिल भक्तो की सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर सजग दिखी।

# एस आई आर, एसडीएम ने की बैठक, निर्देश



कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामनगर बाराबंकी। तहसील सभागार में विशेष पुनरीक्षण एस आई आर के दृष्टिगत उपजिलाधिकारी गुंजिता अग्रवाल की अध्यक्षता में सुपरवाइजरों की बैठक आयोजित की गई।इस बैठक में राजस्व विभाग के अधिकारियों सहित अन्य संबंधित कर्मचारी उपस्थित रहे।इस दौरान एसडीएम ने पुनरीक्षण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की और आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए।

# रुदौली वापसी टोल माफी की मांग अधिवक्ता समूह मैदान में, प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। कभी जनपद का अभिन्न भाग रूदौली तहसील की वापसी की मांग पर बाराबंकी के अधिवक्ता समूह आज भी अडिग है। जिला बार एसोसिएशन के तत्वावधान में वकीलों ने रुदौली वापसी टोल टैक्स माफ करने, जिले को लखनऊ मंडल में शामिल करने तथा अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने संबंधी चार सूत्रीय मांगों का ज्ञापन जिला अधिकारी के माध्यम से उत्तर प्रदेश सरकार व भारत सरकार को दिया है। जिला बार अध्यक्ष नरेंद्र वर्मा, महामंत्री रामराज यादव द्वारा हस्ताक्षरित ज्ञापन में बताया कि मायावती सरकार ने रुदौली तहसील को जिले से अलग कर फैजाबाद में शामिल कर दिया था तब से लगातार जिले के अधिवक्ता मांगों का ज्ञापन दे रहे हैं। जिले को अयोध्या के स्थान पर लखनऊ मंडल में शामिल करने के संबंध में बताया कि जनपद से लखनऊ मंडल की दूरी 30 किलोमीटर है जबकि अयोध्या मंडल 100 किलोमीटर दूरी पर स्थित है। ऐसी दशा में अधिवक्ताओं व वादकारियों को न्याय पाने हेतु काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इसके साथ ही वकीलों ने अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने के संबंध में बताया कि वकीलों के साथ लगातार अपराधिक घटनाएं हो रही हैं तथा उनका उत्पीड़न भी हो रहा है। जबकि अधिवक्ता समाज जनमानस को न्याय दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका तय करते है तथा उन्हें न्यायिक प्रक्रिया का महत्वपूर्ण अंग माना जाता है। इसके बाद भी वह सुरक्षित नहीं है। इसके अलावा वकीलों ने भूतल परिवहन सड़क मंत्री भारत सरकार को दिए गए ज्ञापन में हाईवे टोल टैक्स माफ करने के संबंध में बताया कि जनपद में दो टोल टैक्स संचालित है जनपद में आने वाले अधिवक्ताओं को टोल टैक्स देना पड़ता है जो कि कोर्ट ऑफिसर की श्रेणी में आते हैं। उनसे टोल टैक्स लिया जाना न्याय संगत नहीं है। ज्ञापन देने के दौरान उपाध्यक्ष पवन कुमार मिश्रा, अनुराग शुक्ला, देवराम यादव, नवीन कुमार रस्तोगी, रमेश चंद भारती, ओम प्रकाश श्रीवास्तव, गौरव कुमार गुप्ता, अंशुमान सिंह, सी बी सिंह, रमनलाल द्विवेदी सहदेव मौर्य ज्ञान शुक्ला, दौलता कुमारी समेत सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

# एसडीएम ने की क्राफ्ट कटिंग



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। तहसील क्षेत्र में धान की पैदावार का आंकलन उद्नेदेश्य से एसडीएम प्रीति सिंह ने धान की क्रॉप कटिंग की। इस दौरान उन्होंने अपने सामने खेत में धान कटवाए और उसकी पिटाई करवाकर वजन भी करवाया ।शुक्रवार को एसडीएम प्रीति सिंह राजस्व टीम के साथ किन्तूर गांव पहुंचीं। उन्होंने किसान जियालाल के खेत में 10 गुणा 10 मीटर के क्षेत्र में धान कटवाए। इसके बाद उनकी थ्रेसिंग और कुटाई करवाकर धान का वजन दर्ज किया। इस दौरान उपजिलाधिकारी के साथ लेखपाल महेंद्र जायसवाल और राजस्व टीम के अन्य सदस्य भी मौजूद रहे।उपजिलाधिकारी के निर्देश पर राजस्व टीम ने धान की नाप की और क्रॉप कटिंग प्रक्रिया पूरी कराई।क्रॉप कटिंग के बाद धान का वजन किया गया, जिससे क्षेत्र की औसत पैदावार का आकलन किया जा सके।एसडीएम प्रीति सिंह ने बताया कि क्रॉप कटिंग के माध्यम से धान की फसल पैदावार की जानकारी जुटाई गई है। उन्होंने इस दौरान किसानों से बातचीत भी किया।

## ग्राम चौपाल में सुनी जन समस्याएं, चार का समाधान

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। सिरौलीगौसपुर ब्लाक क्षेत्र की ग्राम पंचायत मुस्काबाद और मीरापुर में शुक्रवार को आयोजित ग्राम चौपाल में ग्रामीणों की समस्याओं को सुना गया।मुस्काबाद पंचायत भवन में ग्राम प्रधान शिव देवी की अध्यक्षता और पंचायत सचिव प्रभारी सहायक विकास अधिकारी पंचायत मनोज मिश्रा के संयोजन में चौपाल संपन्न हुई। वहीं, मीरपुर में ग्राम प्रधान रामसागर की अध्यक्षता तथा सचिव अरविंद कुमार के संयोजन में चौपाल का आयोजन किया गया।इन चौपालों में ग्रामवासी, ब्लॉक स्तरीय अधिकारी मनोज मिश्रा और तीन ग्राम स्तरीय अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित रहे। उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना।चौपाल के दौरान कुल 4 शिकायतें दर्ज की गईं।सभी 4 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। इनमें रामदयाल और रुखसार की शिकायतें प्रमुख थीं। सहायक विकास अधिकारी पंचायत मनोज मिश्रा ने बताया कि शासन के निर्देश पर ब्लॉक सिरौली गौसपुर क्षेत्र की इन दो ग्राम पंचायतों में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया, जिसमें प्राप्त शिकायतों का निस्तारण किया गया।

## कोटवा धाम कार्तिक मेला तीसरे दिन जारी श्रद्धालुओं का आना जाना

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। श्री कोटवाधाम में समर्थ साहेब जगजीवन दास की तपोस्थली पर परंपरागत सात दिवसीय मेला श्रद्धालु से गुलजार है। कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर लगने वाले इस मेले के तीसरे दिन शुक्रवार को भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ साहब के दर्शनार्थ उमड़ी।श्रद्धालु बाबा के दर्शन करने के बाद उनके भजन गाते नाचते–झूमते नजर आ रहे थे। मेले में सर्कस और झूलों का श्रद्धालु भक्त आंनद ले रहे हैं। महंत नरेंद्र स्वामी महंत विशाल दास साहेब के आश्रम पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ है लोग यहां रात निवास कर भोजन प्रसाद पाते हैं। महंत विशाल दास ने आश्रम पर भोजन प्रसाद की व्यवस्था कर रखी है। सुरक्षा व्यवस्थाओं को लेकर सीओ सुश्री गरिमा पंत के निर्देश पर स्थानीय थाना पुलिस मुस्तैद है।अन्य सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं, जिससे मेला शांतिपूर्वक चल रहा है।

## ढाई दर्जन घड़ियाल बच्चे घाघरा में विमोचित

रामनगर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। राजधानी लखनऊ के कुकरैल घड़ियाल पुनर्वास केंद्र द्वारा क्षेत्र की घाघरा नदी में घड़ियाल विमोचन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस अवसर पर कुल 53 घड़ियाल के बच्चों का सफलतापूर्वक नदी में विमोचन किया गया।इस कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख संजय तिवारी सहित वन क्षेत्राधिकारी अल्पना पांडे तथा विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी भी शामिल रहे।जलचारों को नदी में छोड़ने का उद्देश्य नदी पारिस्थितिकी तंत्र के संरक्षण एवं वन्यजीव संतुलन को बनाए रखना बताया गया।अधिकारियों ने बताया कि घड़ियालों की निगरानी हेतु वन विभाग की टीम क्षेत्र में सक्रिय रहेगी।

## ब्लॉक सभागार में मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर बैठक हुई सम्पन्न उपस्थित रहे विधायक एवं ब्लॉक प्रमुख

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। ब्लॉक सभागार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में क्षेत्र के भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और ब्लॉक लेवल अधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह ने की। इस अवसर पर भाजपा विधायक बाबूराम पासवान, ब्लॉक प्रमुख पूरनपुर मानसी अपूर्व सिंह विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम में स्थानीय जनता के साथ भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। बैठक में जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह ने कहा कि मतदाता सूची लोकतंत्र की आधारशिला है। प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम सूची में होना अत्यंत आवश्यक है ताकि वे अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। उन्होंने बीएलओ को निर्देशित किया कि वे घर–घर जाकर नए मतदाताओं के नाम जोड़ें और त्रुटिपूर्ण नामों का संशोधन समय पर करें। विधायक बाबूराम पासवान ने कहा कि युवा वर्ग को मतदाता सूची में जोड़ना हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे लोगों को मतदान के महत्व के प्रति जागरूक करें और सुनिश्चित करें कि कोई भी पात्र नागरिक वंचित न रह जाए।

# पहली ही प्रयास में सीए बनीं अंशिका अग्रवाल, हैदरगढ़ में खुशी की लहर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हैदरगढ़ बाराबंकी। बाबा श्री रामेश्वर की पुण्यभूमि हैदरगढ़ नगर ने एक बार फिर गौरव का स्वर्णिम अध्याय जोड़ा है। मोहल्ला ठकराही वार्ड निवासी श्री सुनील कुमार गोयल की बेटी अंशिका अग्रवाल ने पहली ही बार में प्रतिष्ठित चार्टर्ड अकाउंटेंट की उपाधि प्राप्त कर क्षेत्र का नाम राष्ट्रीय पटल पर रोशन किया है। अंशिका की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर नगर में उत्साह और उमंग का माहौल है। सफलता के बाद आज नगर पंचायत अध्यक्ष आलोक तिवारी स्वयं उनके आवास पहुंचे और परिवार सहित अंशिका का गर्मजोशी से स्वागत किया। अध्यक्ष ने अंशिका को मिठाई खिलाकर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर समाजसेवी राम मिश्रा भी उपस्थित रहे । अंशिका की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए अध्यक्ष आलोक तिवारी ने कहा–हैदरगढ़ की बेटियाँ निरंतर नई ऊँचाइयाँ छू रही हैं। अंशिका ने न सिर्फ अपने परिवार, बल्कि पूरे नगर का मान बढ़ाया है। ऐसी प्रतिभाशाली

### चेयरमैन आलोक तिवारी ने घर पहुंच कर बच्ची को प्रेषित की शुभकामनाएं

बेटियाँ समाज के लिए प्रेरणा स्रोत बनती हैं और आने वाली पीढ़ियों को आगे बढ़ने की दिशा दिखाती हैं।ङ्कउन्होंने यह भी कहा कि ल्लबेटियों में अपार क्षमता है। जब वे आस्था, संस्कार और कठोर परिश्रम को अपना आधार बनाती हैं, तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं रहता। अंशिका ने यह सिद्ध कर दिया है।ङ्कअंशिका ने अपने माता-पिता के संस्कार, बाबा श्री रामेश्वर की कृपा और अपनी निष्ठा को सफलता का आधार बताया। उन्होंने कहा–ल्लबेटियाँ जब आस्था को अपनी शक्ति बनाती हैं, तो ईश्वर स्वयं उनके सपनों को साकार कर देते हैं।ङ्कअंशिका की इस उपलब्धि ने पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ा दी है। पड़ोसियों, समाजसेवियों और स्थानीय गणमान्य लोगों ने परिवार को बधाइयाँ दीं। लोगों का कहना है कि अंशिका ने साबित कर दिया कि दृढ़ संकल्प और सतत परिश्रम से हर मंज़िल पाई जा सकती है । अंशिका की इस उपलब्धि ने हैदरगढ़ नगर को नई पहचान दी है। उनकी सफलता आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरक मार्ग बनेगी और अन्य छात्रों को उच्च लक्ष्य तय करने के लिए प्रोत्साहित करेगी ।

# सामाजिक सेवा संघ ने 458 जरूरतमंदों को बांटा गरम भोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ के स्वयंसेवकों ने सेवा भावना का परिचय देते हुए गुरुवार की शाम बेसहारा, निर्धन और जरूरतमंद लोगों को गरम भोजन उपलब्ध कराया। संघ की ओर से स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, जिला चिकित्सालय और रेलवे स्टेशन परिसर में कुल 458 लोगों को निःशुल्क भोजन वितरित किया गया। भोजन वितरण की शुरुआत मुफ्ती मौलाना इनाम उल्लाह खान ने की। उन्होंने संस्था की पहल को मानवता की सच्ची सेवा बताया और कहा कि ऐसे कार्य समाज में प्रेरणा का स्रोत हैं। संस्था के संस्थापक निजाम खान ने बताया कि हर गुरुवार यह सेवा कार्यक्रम जनसहयोग से निरंतर चल रहा है। उन्होंने कहा, ल्लजब तक सांस है, सेवा भाव का यह कार्य जारी रहेगा।ङ्क मेडिकल कॉलेज में 312 और रेलवे स्टेशन पर 146 जरूरतमंदों को रोटी, दाल, चावल और सब्जी की थालियां वितरित की गईं। इस पुनीत कार्य में मौलाना इजहार अहमद, प्रदीप श्रीवास्तव, नफीसा बानो, जियाउल कमर सिद्दीकी, सरदार गुरुप्रीत सिंह, हाजी मुजतबा अंसारी, राशिद खान, हसीब अहमद, अहसन, राजेश मिश्रा, सद्दाम हुसैन, यूसुफ पठान, बैजनाथ प्रजापति आदि मौजूद रहे।

## अखिल भारतीय किसान संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष बने रामभजन

सुल्तानपुर। पूर्व ब्लाक प्रमुख प्रतापपुर कमैचा (चांदा) राम भजन यादव के कार्य व मेहनत को देखते हुए अखिल भारतीय किसान संघ उत्तर प्रदेश द्वारा इन्हें प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया है। राम भजन यादव पूर्व ब्लाक प्रमुख प्रतापपुर कमैचा चांदा जनपद सुल्तानपुर के निवासी हैं और रोगी कल्याण समिति सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रतापपुर कमैचा चांदा जनपद सुल्तानपुर के अध्यक्ष हैं। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष राजेश सिंह चौहान ने बिस्वास जताया कि ये संगठन की नीतियो कार्यक्रम आदि का प्रचार–प्रसार करते हुए संगठन को मजबूती प्रदान करने का कार्य करते रहेगें।

## सूचना

मैं मो रशीद पुत्र अज़ीमुल्ला मोहे मोहर्रिरान कस्बा व थाना दरियाबाद तहसील राम स्नेहीघाट जनपद बाराबंकी यू पी का मूल निवासी हूं।

I Mohd Rashid s/o AJIMULLAH Resid Moh Moharriran po & Thana Dariyabad Teh Ram Sanehi Ghat Dist Barabanki U P.

## भारतीय बल्लेबाजों से अंतिम टी20 में बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद, ऑस्ट्रेलिया के सामने स्पिन की चुनौती

एजेंसी




ब्रिसबेन। विदेशी सरजमीं पर एक और श्रृंखला जीतने की दहलीज पर खड़ी भारतीय टीम शनिवार को यहां पांचवें और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में अपनी बल्लेबाजी की कमजोरियों को दूर कर ऑस्ट्रेलिया दौरे का अंत प्रभावशाली ढंग से करने की कोशिश करेगी। भारत ने पांच मैचों की श्रृंखला में 2-1 की अजेय बढ़त के साथ ऑस्ट्रेलिया में 17 साल से कोई टी20 श्रृंखला नहीं गंवाने का अपना रिकॉर्ड बरकरार रखा है। सूर्यकुमार यादव की अगुवाई में टीम इस दौरे का अंत जीत के साथ करने के लिए पूरा जोर लगायेगी। मैच में सबसे ज्यादा नजरें शुभमन गिल और सूर्यकुमार की बल्लेबाजी पर होंगी, जबकि ऑस्ट्रेलिया अगले साल भारत और श्रीलंका में होने वाले टी20 विश्व कप से पहले भारत की स्पिन चुनौती का डटकर सामना करना चाहेगा। भारतीय टीम ने पिछले मैच में बेहतर रणनीतिक सूझबूझ दिखाई थी और कैरारा की मुश्किल पिच पर बल्लेबाजों ने अच्छा तालमेल बिठाया था। गिल ने टीम को शानदार शुरुआत दिलाई थी जिससे भारत 14 ओवर में दो विकेट पर 121 रन के स्कोर के साथ मजबूत स्थिति में था। टीम ने हालांकि इसके बाद 15 रन के अंदर चार विकेट गंवा दिये थे। उपकप्तान गिल ने सात पारियों से अर्धशतक नहीं लगाया है लेकिन पिछले मैच में 46 रन के साथ उन्होंने ने लय में वापसी का संकेत दिया था। सूर्यकुमार ने श्रृंखला में कुछ शानदार प्रदर्शन किया है, लेकिन अपनी शुरुआत को बड़ी पारी में बदलने में उन्हें संघर्ष करना पड़ा है। अगले महीने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाली श्रृंखला से पहले कप्तान से और अधिक आजादी के साथ बल्लेबाजी कर मिसाल कायम करने की उम्मीद होगी। तिलक वर्मा भी इस श्रृंखला में अभी तक अपनी लय नहीं पकड़ पाए हैं, उन्होंने अपने पिछले तीन मैचों में 0, 29 और पांच रन बनाए हैं। विकेटकीपर-बल्लेबाज जितेश शर्मा पर भी दबाव होगा क्योंकि पिछले दो मैचों में उन्होंने अनुभवी संजू सैमसन पर तरजीह मिलने के बाद कोई ख़ास प्रभाव नहीं छोड़ा है। अभिषेक शर्मा ने दुनिया के शीर्ष टी20 बल्लेबाज के रूप में अपनी प्रतिष्ठा को बरकरार रखते हुए एक तेज अर्धशतकीय पारी खेली थी और एक अन्य मैच में टीम को आक्रामक शुरुआत दिलाई। भारत का निचला क्रम भी प्रभावी रहा है। अक्षर पटेल ने पिछले मैच में 11 गेंदों में नाबाद 21 रनों की पारी खेली थी। सातवें और आठवें नंबर पर हरफनमौला खिलाड़ियों की मौजूदगी ने टीम को मजबूती प्रदान की है। अर्शदीप सिंह ने गेंदबाजी में एक बार फिर भारत के लिए अपनी उपयोगिता साबित की है, उन्होंने चार विकेट लिए हैं और जसप्रीत बुमराह के साथ नयी गेंद से प्रभावी जोड़ी बनाई है। कुलदीप यादव की अनुपस्थिति के बावजूद वरुण, अक्षर और वाशिंगटन की स्पिन तिकड़ी भारत की एक बड़ी ताकत रही है।

## टी20 विश्व कप भारत में पांच और श्रीलंका में तीन स्थानों पर खेला जाएगा

एजेंसी




नयी दिल्ली। भारत और श्रीलंका में 2026 में होने वाले टी 20 विश्व कप के लिए आईसीसी ने अहमदाबाद, दिल्ली, मुंबई, चेन्नई और कोलकाता को भारत के पांच वेन्यू के तौर पर तय किया है। कैंडी और कोलंबो श्रीलंका के तीन में से दो वेन्यू होंगे जबकि एक अन्य वेन्यू अभी तय नहीं किया गया है। यह टूर्नामेंट संभावित तौर पर 7 फरवरी से शुरू होगा जबकि इसका फ़ाइनल 8 मार्च को अहमदाबाद में खेला जा सकता है। टूर्नामेंट शुरू होने में अब तीन महीनों का समय बचा है और आईसीसी अगले हफ़्ते तक इसका कार्यक्रम जारी कर सकता है। बीसीसीआई और पीसीबी के बीच पहले से तय समझौते के आधार पर पाकिस्तान अभी सभी मुक़ाबले श्रीलंका में खेलेगा। अगर पाकिस्तान फ़ाइनल में पहुंचता है तो फ़ाइनल श्रीलंका में खेला जाएगा। टी20 विश्व कप पिछले संस्करण की तर्ज पर ही खेला जाएगा और सभी टीमों को पांच-पांच के चार ग्रुप में विभाजित किया जाएगा, जिसमें हर टीम अपने ग्रुप की हर दूसरी टीम के खिलाफ़ एक मुक़ाबला खेलेगी। हर ग्रुप की दो टीमें सुपर-8 में प्रवेश करेंगी जिसमें टीमों को चार-चार के दो ग्रुप में विभाजित किया जाएगा। सुपर-8 में दोनों ग्रुप की शीर्ष दो टीमें सेमीफ़ाइनल में प्रवेश करेंगी और दोनों सेमीफ़ाइनल के विजेता फ़ाइनल खेलेंगे। मेज़बान भारत और श्रीलंका के अलावा टी20 विश्व कप 2024 की शीर्ष सात टीमों को आगामी विश्व कप के लिए स्वतः प्रवेश मिला है। यह टीमें अफ़ग़ानिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, इंग्लैंड, दक्षिण अफ़्रीका, संयुक्त राज्य अमेरिका और वेस्टइंडीज हैं। जबकि न्यूज़ीलैंड, पाकिस्तान और आयरलैंड को उनकी टी20 रैंकिंग के आधार पर प्रवेश मिला है। कनाडा ने अमेरिका क्वालिफ़ायर के ज़रिए प्रवेश पाया है। पहली बार टी20 विश्व कप में प्रवेश पाने वाली इटली और नीदरलैंड्स ने यूरोप की पांच टीमों वाले टूर्नामेंट के ज़रिए प्रवेश किया है। वहीं नामीबिया और ज़िम्बाब्वे ने आठ टीमों वाले अफ़्रीका क्वालिफ़ायर के ज़रिए प्रवेश किया है। जबकि नेपाल, ओमान और यूएई ने एशिया ईएपी राउंड के ज़रिए प्रवेश पाया है।

# संक्षिप्त समाचार

### अंगोला के खिलाफ दोस्ताना मैच के लिए लियोनेल मेसी अर्जेंटीना की टीम में शामिल

**फोर्ट लॉडरडेल (फ्लोरिडा)।** इंटर मियामी के स्टार फॉरवर्ड लियोनेल मेसी और उनके साथी रॉड्रिगो डी पॉल को अर्जेंटीना की राष्ट्रीय टीम में शामिल किया गया है। दोनों खिलाड़ियों को अगले हफ्ते अंगोला के खिलाफ होने वाले दोस्ताना मैच के लिए चुना गया है। अर्जेंटीना के मुख्य कोच लियोनेल स्कालोनी ने 14 नवंबर को होने वाले इस फ्रेंडली मुकाबले के लिए 24 सदस्यीय टीम की घोषणा की। मेसी की टीम इंटर मियामी इस समय एमएलएस कप प्लेऑफ़ के पहले राउंड में है, जहाँ उनका मुकाबला नैशविल एफसी से चल रहा है। दोनों टीमों ने शुरुआती दो मुकाबलों में एक-एक जीत हासिल की है, जबकि निर्णायक तीसरा मैच शनिवार को फोर्ट लॉडरडेल में खेला जाएगा। यदि इंटर मियामी जीत दर्ज करता है, तो ईस्टर्न कॉन्फ्रेंस सेमीफाइनल 22 या 23 नवंबर को शुरू होंगे। मेसी और डी पॉल दोनों ने अक्टूबर में अर्जेंटीना की ओर से दो फ्रेंडली मैच खेले थे। उस दौरान मेसी ने एक मैच में भाग लिया था जबकि डी पॉल ने दोनों मुकाबले खेले थे – ये मैच वेनेज़ुएला और प्यूर्टो रिको के खिलाफ हुए थे। कोच स्कालोनी ने इस बार अर्जेंटीना की घरेलू लीग प्रिमेरा डिवीजन के खिलाड़ियों को नहीं चुना है क्योंकि वहां के मैच नवंबर की अंतरराष्ट्रीय विंडो के दौरान भी जारी रहेंगे। अर्जेंटीना फुटबॉल संघ के अध्यक्ष क्लाउडियो टापिया ने ईएसपीएन से कहा, हमने स्कालोनी से बात की और सुनिश्चित किया कि अर्जेंटीनी क्लबों के वे खिलाड़ी जो क्लाउसुरा टूर्नामेंट के निर्णायक मुकाबले खेल रहे हैं, उन्हें इस बार नहीं बुलाया जाए। वहीं, एस्टन विला के गोलकीपर एमिलियानो डिबू मार्टिनेज को इस बार टीम में जगह नहीं मिली है। मेसी, जो इस सीजन में एमएलएस गोल्डन बूट विजेता और एमवीपी (मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर) के प्रबल दावेदार हैं, को लीग के बेस्ट इलेवन में भी चुना गया है। उन्होंने इस सीजन में 29 गोल और 19 असिस्ट किए – यानी कुल 48 गोल योगदान, जो 2019 में कार्लोस वेला के 49 के रिकॉर्ड से बस एक कम है। अर्जेंटीना की पूरी टीम: गोलकीपर: जेरोनिमो रूली (मार्से), वाल्टर बेनिटेज़ (क्रिस्टल पैलेस)। डिफेंडर: नहुएल मोलिना (एटलेटिको मैड्रिड), जुआन फोयथ (विलारियल), क्रिस्टियन रोमेरो (टोटनहम), निकोलस ओटामेंडी (बेनफिका), मार्कोस सेनेसी (बॉर्नमाउथ), निकोलस टैग्लियाफिको (ल्यों), वेलेंटिन बार्को (रेसिंग स्ट्रासबर्ग)। मिडफील्डर: एलेक्सिस मैक एलिस्टर (लिवरपूल), एंजो फर्नांडीज़ (चेल्सी), रॉड्रिगो डी पॉल (इंटर मियामी), जियोवानी लो सेल्सो (रियल बेटिस), थियागो अल्मादा (एटलेटिको मैड्रिड), मैक्सिमो पेरोने (कोमो), निकोलस पाज़ (कोमो)। फॉरवर्ड: लियोनेल मेसी (इंटर मियामी), लाउटारो मार्टिनेज (इंटर मिलान), जूलियन अल्वारेज़ (एटलेटिको मैड्रिड), निकोलस गोंजालेज (एटलेटिको मैड्रिड), जूलियानो सिमियोने (एटलेटिको मैड्रिड), जोस मैनुअल लोपेज़ (पल्मेरास), जियानलुका प्रेस्टियानी (बेनफिका), जोआक्विन पनिचेली (रेसिंग स्ट्रासबर्ग)।

### मुंबई के खिलाड़ी सरफराज खान का आत्मविश्वास बढ़ाने की कोशिश करेंगे: सिद्धेश लाड

**मुंबई।** राष्ट्रीय टीम और यहां तक कि भारत 'ए' टीम से नजरअंदाज किया जाना हतोत्साहित करने वाला हो सकता है लेकिन मुंबई के अनुभवी खिलाड़ी सिद्धेश लाड ने शुक्रवार को यहां कहा कि उनकी टीम 'किसी तरह से' अपने साथी खिलाड़ी भारतीय बल्लेबाज सरफराज खान का समर्थन करती रहेगी ताकि उनका मनोबल बढ़ाया जा सके। सरफराज ने घरेलू प्रतियोगिताओं में लगातार बड़े स्कोर के दम पर भारतीय टेस्ट टीम में जगह बनाई थी। रणजी ट्रॉफी के मौजूदा सत्र में वह हालांकि 50 का आंकड़ा पार नहीं कर पाए हैं। उन्होंने तीन मैचों में 42, 32, एक, 15 और नाबाद पांच रन बनाए हैं। यह 28 वर्षीय खिलाड़ी ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भारतीय टीम का हिस्सा था। हालांकि उन्हें 'ए' टीम के किसी भी मुकाबले के लिए नहीं चुना गया है। लाड ने हिमाचल प्रदेश के खिलाफ रणजी मैच की पूर्व संध्या पर कहा, ''वह भी आखिरकार इंसान है और हर कोई कुछ गलतियां करता है। बड़े खिलाड़ियों के लिए हमेशा एक कठिन दौर आता है। अगर हम पिछले चार-पांच वर्षों पर नजर डालें, तो उसने लगातार रन बनाए हैं। उन्होंने कहा, ''एक खिलाड़ी के तौर पर यह हतोत्साहित करने वाला हो सकता है, लेकिन इस समय एक टीम और सहयोगी स्टाफ के तौर पर यह हम पर निर्भर है कि हम कैसे उसका समर्थन करें। हम उसकी क्षमता जानते हैं और अगर वह अच्छा खेलता है, तो वह बड़ी पारियां खेलेगा। उन्होंने कहा, '' एक टीम के तौर पर हम उसका आत्मविश्वास बढ़ाने की हर संभव कोशिश करेंगे। हैदराबाद, मुंबई और जम्मू-कश्मीर एलीट ग्रुप डी की अंक तालिका में 10-10 अंक के साथ बराबरी पर है लेकिन लाड ने कहा कि 42 बार की चैंपियन टीम अपने घरेलू मैदान पर होने वाले अगले दो दोनों मैचों का पूरा फायदा उठाने की कोशिश करेगी। मुंबई की टीम हिमाचल प्रदेश के बाद इस मैदान पर पुडुचेरी का सामना करेगी।

### वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए न्यूजीलैंड टीम घोषित, मैट हेनरी की वापसी

**वेलिंगटन।** तेज गेंदबाज मैट हेनरी की न्यूजीलैंड वनडे टीम में वापसी हुई है। वे हाल ही में इंग्लैंड के खिलाफ खेले गए अंतिम दो वनडे मैचों से पिंडली की चोट (कैल्फ स्ट्रेन) के कारण बाहर थे। हेनरी इस समय पुनर्वास कार्यक्रम से गुजर रहे हैं ताकि वे वेस्टइंडीज के खिलाफ आगामी तीन मैचों की वनडे और टेस्ट सीरीज के लिए पूरी तरह फिट हो सकें। वहीं, ब्लेयर टिकनर ने इंग्लैंड के खिलाफ शानदार प्रदर्शन के दम पर अपनी जगह बरकरार रखी है। 32 वर्षीय टिकनर ने दूसरे और तीसरे वनडे में लगातार प्लेयर ऑफ द मैच पुरस्कार जीते थे। उन्होंने दो मैचों में 12.25 की औसत से 8 विकेट हासिल किए। यह सीरीज से पहले 2023 के बाद उनका पहला वनडे प्रदर्शन था। हालांकि, न्यूजीलैंड की चोटों की सूची लगातार लंबी होती जा रही है। टीम के प्रमुख खिलाड़ी – मोहम्मद अब्बास (पसलियां), फिन एलन (पैर), लॉकी फर्ग्यूसन (हैमस्ट्रिंग), एडम मिल्ने (टखना), विल ओ'रूर्क (पीठ), ग्लेन फिलिप्स (जांघ), और बेन सियर्स (हैमस्ट्रिंग) – सभी चोट के कारण अनुपलब्ध रहेंगे। वहीं, कप्तान केन विलियमसन को चयन के लिए नहीं माना गया है क्योंकि वे 2 दिसंबर से शुरू होने वाली टेस्ट सीरीज की तैयारी में जुटे हैं। मुख्य कोच रॉब वॉल्टर ने हेनरी की वापसी और टिकनर के प्रदर्शन पर खुशी जताई। उन्होंने कहा, मैट हमारे तेज आक्रमण के सीनियर लीडर हैं, इसलिए उन्हें टीम में वापस देखना शानदार है। वे अब पूरी तरह ताजगी और फिटनेस के साथ लौटेंगे और सफ़ेद व लाल गेंद से अगले पांच हफ्ते हमारे लिए बेहद अहम होंगे। वॉल्टर ने टिकनर की तारीफ करते हुए कहा, इंग्लैंड के खिलाफ टिकनर ने जबरदस्त ऊर्जा और तेजी दिखाई। उनकी गेंदों की उछाल ने विश्वस्तरीय बल्लेबाजों को भी परेशान किया। इतने कम नोटिस पर आकर उस स्तर पर प्रदर्शन करना उनके कठिन परिश्रम का नतीजा है।

## विश्व चैंपियन अमनजोत और हरलीन का चंडीगढ़ में भव्य स्वागत

एजेंसी



चंडीगढ़। विश्व कप विजेता महिला क्रिकेट टीम की सदस्य अमनजोत कौर और हरलीन देओल का शुक्रवार को यहां उनके गृहनगर पहुंचने पर उनके परिवारों और पंजाब की सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) के शीर्ष नेताओं ने मिठाई खिलाकर और ढोल बजाकर स्वागत किया। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम ने रविवार को नवी मुंबई में फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को 52 रनों से हराकर अपना पहला वैश्विक खिताब ( वनडे विश्व कप) जीतकर भारतीय महिला क्रिकेट के लिए इतिहास रच दिया। पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा और आप सांसद गुरमीत सिंह मीत हेयर उन सत्तारूढ़ पार्टी नेताओं में शामिल थे जो दोनों खिलाड़ियों का स्वागत करने के लिए हवाई अड्डे पर मौजूद थे। इस दौरान दोनों खिलाड़ियों के परिवार के सदस्य और कई प्रशंसक भी मौजूद थे, जो उनके आने का बेसब्री से इंतज़ार कर रहे थे। हवाई अड्डे से बाहर आते ही चीमा और हेयर ने दोनों खिलाड़ियों को मिठाई खिलाई और शॉल भेंट करके उनका सम्मान किया। अमनजोत ने यहां मौजूद पत्रकारों से कहा, ''यह जीत पूरे भारत पूरे पंजाब की है। उन्होंने यह भी कहा कि सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया पर जीत के बाद टीम के सदस्य सोए नहीं थे। फाइनल में दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लौरा वोल्वार्ड्ट का शानदार कैच लपकने वाली अमनजोत ने कहा, '' ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल के बाद फाइनल में भी जीत दर्ज करने के बाद हम सोए नहीं थे। देओल ने कहा कि उनके परिवार ने हमेशा उनके सपनों का समर्थन किया। उन्होंने कहा, ''लड़कियां आजादी और अवसर मिलने पर नाम कमा सकती हैं। मेरे परिवार ने हमेशा मेरा साथ दिया। मैं हर माता-पिता को संदेश देना चाहती हूँ कि अपनी बेटियों को आजादी दें३ मैं लड़कियों से कहना चाहती हूं कि उन्हें अपने जुनून को पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत करनी चाहिये। उन्होंने कहा, ''हमें विश्वास था कि हम अच्छा प्रदर्शन करेंगे और कप जीतेंगे। इस मौके पर अमनजोत की रिश्ते की बहन सतविंदर कौर ने उस समय को याद किया जब भारत की यह हरफनमौला खिलाड़ी लडकों के साथ खेलते थी। उन्होंने कहा, ''अमनजोत ने भी खेलते समय आस-पड़ोस की कई खिड़कियों के शीशे भी तोड़े है लेकिन हमारे परिवार ने जीवन में आगे बढ़ने के लिए उनका पूरा साथ दिया। हवाई अड्डे के बाहर परिवार के सदस्यों ने ढोल की थाप पर नृत्य भी किया। दोनों खिलाड़ी यहां से एक खुली गाड़ी में अपने परिवार के सदस्यों, मंत्री हरपाल चीमा और कुछ अन्य लोगों के साथ अपने घरों के लिए रवाना हुए। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्व कप विजेता भारतीय टीम से मुलाकात की थी।

## डब्ल्यूटीए फाइनल्स: सबालेंका ने मौजूदा चैंपियन कोको गॉफ को हराकर सेमीफाइनल में बनाई जगह

रियाद। विश्व नंबर-1 आर्यना सबालेंका ने धीमी शुरुआत के बावजूद शानदार वापसी करते हुए मौजूदा चैंपियन कोको गॉफ को 7-6(5), 6-2 से हराया और सीज़न-एंडिंग डब्ल्यूटीए फाइनल्स के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। इस जीत के साथ ही सबालेंका ने जेसिका पेगुला के लिए भी अंतिम-चार में जगह सुनिश्चित कर दी। तीन साल पहले फाइनल तक पहुंच चुकी बेलारूस की सबालेंका इस टूर्नामेंट में अपना पहला खिताब जीतने की कोशिश में हैं। उन्होंने स्टेफी ग्राफ ग्रुप में शीर्ष स्थान हासिल किया और अब उनका सामना अमेरिकी खिलाड़ी अमांडा अनीसिमोवा से होगा, जो यूएस ओपन फाइनल की पुनरावृत्ति होगी। वहीं, अमेरिकी खिलाड़ी पेगुला का मुकाबला फॉर्म में चल रहीं कज़ाख खिलाड़ी एलेना राइबाकिना से होगा।

## आरबीआई के नियामक सुधारों से एसबीआई 100 अरब डॉलर की कंपनी बनी : संजय मल्होत्रा

एजेंसी




मुंबई। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने शुक्रवार को कहा कि केंद्रीय बैंक सतर्कता के साथ आगे बढ़ रहा है, लेकिन हाल ही में बैंकों की गतिविधियों को नियंत्रित करने वाले नियमों में ढील दी गई है। उन्होंने कहा कि आरबीआई के नियामक सुधारों के कारण एसबीआई 2018 में घाटे से उबरकर 100 अरब डॉलर की कंपनी बन गई है। संजय मल्होत्रा ने आर्थिक राजधानी मुंबई में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) के बैंकिंग बैंकिंग और इकोनॉमिक्स कॉन्क्लेव 2025 को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि नियामकों को ऋण और जमा विस्तार, बेहतर परिसंपत्ति गुणवत्ता और लाभप्रदता के साथ-साथ परिसंपत्तियों और इक्विटी पर रिटर्न में वृद्धि को ध्यान में रखना होगा। उन्होंने आगे कहा कि हमें विनियमित संस्थाओं को प्रत्येक मामले के गुण-दोष के आधार पर निर्णय लेने की अनुमति देनी चाहिए। संजय मल्होत्रा ने कहा कि भारतीय बैंक आज एक दशक पहले की तुलना में कहीं अधिक परिपक्व हैं। उन्होंने कहा कि केंद्रीय बैंक का उद्देश्य चीजों का सूक्ष्म प्रबंधन करना नहीं है। भारत के बैंकिंग क्षेत्र में परिवर्तन एक मजबूत नियामक ढांचे और आरबीआई और सरकार द्वारा शुरू किए गए प्रमुख नीतिगत उपायों से संभव हुआ है। उन्होंने आगे कहा कि किसी भी नियामक को बोर्डरूम के फैसले का स्थान नहीं लेना चाहिए और प्रत्येक मामले को एक विनियमित संस्था द्वारा योग्यता के आधार पर देखा जाना चाहिए।

## क्यूरिस लाइफसाइंसेज का आईपीओ खुला, 14 नवंबर को होगी लिस्टिंग

नई दिल्ली। फार्मास्यूटिकल कंपनी क्यूरिस लाइफसाइंसेज लिमिटेड का 27.52 करोड़ रुपये का आईपीओ आज सब्सक्रिप्शन के लिए लॉन्च कर दिया गया। इस आईपीओ में 11 नवंबर तक बोली लगाई जा सकती है। इश्यू की क्लोजिंग के बाद 12 नवंबर को शेयरों का अलॉटमेंट किया जाएगा, जबकि 13 नवंबर को अलॉटेड शेयर डीमैट अकाउंट में क्रेडिट कर दिए जाएंगे। कंपनी के शेयर 14 नवंबर को एनएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर लिस्ट हो सकते हैं। इस आईपीओ में बोली लगाने के लिए 120 रुपये से लेकर 128 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 1,000 शेयर का है। क्यूरिस लाइफसाइंसेज लिमिटेड के इस आईपीओ में रिटेल इनवेस्टर्स कम से कम 2 लॉट यानी 2,000 शेयरों के लिए बोली लगा सकते हैं, जिसके लिए उन्हें 2,56,000 रुपये का निवेश करना होगा। इस आईपीओ के तहत 10 रुपये फ़ेस वैल्यू वाले कुल 21,50,000 शेयर जारी हो रहे हैं। आईपीओ खुलने से एक कारोबारी दिन पहले 6 नवंबर को क्यूरिस लाइफसाइंसेज लिमिटेड ने 6 एंकर इनवेस्टर्स से 7.8 करोड़ रुपये जुटाए। इन एंकर इनवेस्टर्स में सांशी फंड सबसे बड़ा इनवेस्टर रहा। इसने कंपनी से 1,57,000 शेयर खरीदे। इसके अलावा, मैक ग्रोथ स्कीम, स्ट्रैटेजिक सिक्स्थ सेंस कैपिटल फंड, विनेय ग्रोथ फंड, जेटा ग्लोबल फंड और मनीवाइज फाइनेंशियल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड जैसे प्रमुख नाम भी एंकर बुक में शामिल हुए हैं। इस आईपीओ में क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए 47.37 प्रतिशत हिस्सा रिजर्व किया गया है। इसके अलावा रिटेल इनवेस्टर्स के लिए 33.29 प्रतिशत हिस्सा, नॉन इंस्टीट्यूशनल इनवेस्टर्स (एनआईआई) के लिए 14.32 प्रतिशत हिस्सा और मार्केट मेकर के लिए 5.02 प्रतिशत हिस्सा रिजर्व है।


## सर्राफा बाजार में चमकी चांदी, एक दिन में 2,200 रुपये तक बढ़ी कीमत




नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में लौटी तेजी का असर आज चांदी के भाव में आए उछाल के रूप में भी नजर आ रहा है। आज इस चमकीली धातु की कीमत में 2,200 रुपये प्रति किलोग्राम तक की तेजी आ गई है। आज की इस तेजी के कारण देश के अलग अलग सर्राफा बाजारों में चांदी 1,50,400 रुपये प्रति किलोग्राम से लेकर 1,65,100 रुपये प्रति किलोग्राम तक के भाव पर बिक रही है। दिल्ली में आज चांदी की कीमत उछल कर 1,52,600 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच गई है। इसी तरह मुंबई, अहमदाबाद और कोलकाता में भी चांदी 1,50,400 रुपये के भाव पर कारोबार कर रही है। जबकि जयपुर, सूरत और पुणे में चांदी 1,51,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बनी हुई है। वहीं बेंगलुरु में चांदी 1,52,800 रुपये के स्तर पर और पटना तथा भुवनेश्वर में 1,52,100 प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है। देश में चांदी की सबसे अधिक कीमत अभी भी चेन्नई और हैदराबाद में है, जहां ये चमकीली धातु आज 2,200 रुपये प्रति किलोग्राम महंगी होकर 1,65,100 रुपये के स्तर पर आ गई है। बुलियन मार्केट एक्सपर्ट मयंक मोहन का कहना है कि चांदी की कीमत मे आज आई उछाल की सबसे बड़ी वजह वेडिंग सीजन की मांग में आई तेजी है। इसके साथ ही गुरुवार से चांदी की इंडस्ट्रियल डिमांड में भी तेजी आई है। खासकर, सोलर सेक्टर ने गुरुवार की शाम बल्क पर्चेजिंग करके चांदी की मांग में अचानक तेजी ला दी है।

## सर्राफा बाजार में चार दिन की गिरावट के बाद लौटी तेजी, 1,110 रुपये महंगा हुआ सोना

एजेंसी



नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में पिछले चार दिन से जारी गिरावट के सिलसिले पर आज ब्रेक लग गया। सोना और चांदी के भाव में आज तेजी का रुख नजर आ रहा है। सोने की कीमत में आज 1,020 रुपये से 1,110 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की तेजी आई है। इसी तरह चांदी भी आज 2,200 रुपये प्रति किलोग्राम तक सस्ती हो गई है। कीमत में आए इस उछाल के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 1,22,580 रुपये से लेकर 1,22,730 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,12,360 रुपये से लेकर 1,12,510 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी की कीमत में भी तेजी आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 1,52,600 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,22,730 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,12,510 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,22,580 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,12,360 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,22,630 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,12,410 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,22,580 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,12,360 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,22,580 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,12,360 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,22,730 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,12,510 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,22,630 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,12,410 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,22,730 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,12,510 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# युद्धाभ्यास 'त्रिशूल' में भारत ने पश्चिमी सरहद पर हवा से जमीन तक दिखाई ताकत

एजेंसी



जोधपुर । रेगिस्तान की तपती रेत पर शुक्रवार को भारतीय सेना की शक्ति गरज उठी। जैसलमेर में फैले विशाल मरुस्थल में सेना ने अपने संयुक्त हथियार अभियान का शानदार प्रदर्शन किया। आसमान में उड़ते हेलीकॉप्टर और जमीन पर दौड़ते टैंक एक साथ दिखे -जैसे कोई जंग अभी शुरू होने वाली हो। दरअसल, भारत की तीनों सेनाएं इन दिनों पश्चिमी सीमा पर ऑपरेशन सिंदूर के बाद सबसे बड़ा युद्धाभ्यास कर रही है, जिसका नाम युद्धाभ्यास त्रिशूल दिया गया है। करीब तीस हजार सैनिक इस अभ्यास में अपना दमखम दिखाकर दुनिया को सन्देश दे रहे हैं कि हम किसी से कम नहीं। युद्धाभ्यास में कमांड पोस्ट से हर यूनिट पर नजर रखी जा रही है। ड्रोन और सैटेलाइट से आई रीयल-टाइम तस्वीरें स्क्रीन पर हैं। यह सिर्फ अभ्यास नहीं, बल्कि तकनीकी तैयारी का इम्तिहान है, जहां एक गलती की गुंजाइश नहीं। सेना का कहना है कि यह अभ्यास भविष्य के युद्ध के लिए बेहद अहम है, क्योंकि आने वाले समय में युद्ध सिर्फ बंदूकों से नहीं, बल्कि नेटवर्क, सेंसर और सटीक समन्वय से लड़े जाएंगे। इस मिशन में सेना के भरोसेमंद हेलीकॉप्टर ध्रुव, रुद्र, चेतक और चीता अहम भूमिका निभा रहे है। विमानन विंग और मैकेनाइज्ड यूनिट्स ने अभूतपूर्व समन्वय का प्रदर्शन :अभ्यास के दौरान सेना के विमानन विंग और मैकेनाइज्ड यूनिट्स ने अभूतपूर्व समन्वय का प्रदर्शन किया। हवाई निगरानी, रीकॉन ओवरवॉच और विशेष हैलीबोर्न मिशन को सफलता से अंजाम दिया गया। रैपिड ट्रूप इंसर्शन और क्लोज-सपोर्ट कॉम्बैट मूव्स के जरिए हवाई और जमीनी बलों ने ऑपरेशनल तालमेल का बेहतरीन उदाहरण प्रस्तुत किया। इस अभ्यास में हेलीकॉप्टर यूनिट्स द्वारा अग्रिम पंक्तियों में सैनिकों की त्वरित तैनाती, बख्तरबंद टुकडि़यों के साथ समन्वय और रियल-टाइम डेटा लिंक की मदद से गतिशील युद्धक्षेत्र में निर्णय लेने की क्षमता का प्रदर्शन किया गया।

डिजिटल वॉर.फ़ेयर सपोर्ट सिस्टम्स का प्रयोग :अभ्यास त्रिशूल में अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी, डेटा लिंकिंग और डिजिटल वॉर.फ़ेयर सपोर्ट सिस्टम्स का प्रयोग किया गया है। यह अभ्यास केवल हथियारों या फोर्सेस के तालमेल का प्रदर्शन नहीं, बल्कि टेक्नोलॉजी और मानव संसाधन के बेहतरीन समन्वय का भी प्रतीक है। फ्यूचर बैटलस्पेस की अवधारणा को साकार करने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस-सक्षम डेटा एनालिटिक्स, ड्रोन निगरानी और सेंसर-नेटवर्क आधारित ऑपरेशंस का भी प्रदर्शन किया गया। यह अभ्यास केवल थलसेना तक सीमित नहीं है। ट्राय-सर्विसेज फ्रेमवर्क के तहत भारतीय नौसेना और वायुसेना की भी सक्रिय भागीदारी रही। इससे संयुक्त फोर्सेज की वास्तविक युद्ध क्षमता और इंटर ऑपरेबिलिटी को नई दिशा मिली है।-

# बिहार में महागठबंधन की सरकार बनी तो शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार पर विशेष जोर दिया जाएगा: राहुल गांधी

एजेंसी



भागलपुर। बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान से पहले चुनाव प्रचार चरम पर है। तमाम दलों के नेता रैलियों और जनसभाओं के जरिए मतदाताओं को लुभाने में जुटे हैं। इसी कड़ी में कंग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को भागलपुर के सैंडिस कंपाउंड में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए लोगों से महागठबंधन उम्मीदवारों के लिए समर्थन मांगा। भागलपुर की जनसभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि बिहार में महागठबंधन की सरकार बनने के बाद शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार पर विशेष बल दिया जाएगा। यह सरकार गरीब, पिछड़े, अति पिछड़े, किसान, मजदूर और युवाओं की होगी। राहुल गांधी ने कहा कि बिहार के नालांदा विश्वविद्यालय का प्राचीन गौरव लौटाया जाएगा। इसे विकसित किया जाएगा। यहां पूर्व की तरह विदेशों से लोग शिक्षा ग्रहण करने आएंगे। राहुल गांधी ने कहा कि बिहार के बुनकरों और मखाना किसान के लिए बाजार और अन्य सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी, ताकि उनको उनके उत्पाद का उचित कीमत मिल सके। राहुल गांधी ने यहां एक बार फिर से वोट चोरी का मुद्दा उठाया और कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) वोट चोरी का प्लान पूरे देश में लागू करना चाहती है। इन्होंने हरियाणा, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र में यही काम किया है। अब ये यही काम बिहार में करने की कोशिश कर रहे हैं। भाजपा पर हमला करते हुए राहुल गांधी ने दावा किया कि उनके कई नेताओं ने गुरुवार को बिहार में वोट दिया, उन्हीं नेताओं ने दिल्ली चुनाव में भी वोट दिया था। एक तरफ भाजपा नेताओं को एक से ज्यादा वोट देने दिया जा रहा है, वहीं, दूसरी तरफ उनके वोट काटे जाते हैं, जो कंग्रेस या महागठबंधन को वोट देते हैं।

राहुल गांधी ने कहा कि बिहार में भी फर्जी वोटर लिस्ट आएगी और भाजपा के लोग फर्जी वोट डालने की कोशिश करेंगे, लेकिन बिहार की जनता ऐसा नहीं होने देगी, वो पोलिंग बूथ पर खड़ी होकर वोट चोरी रोकेगी। राहुल गांधी ने कहा कि हमारे संविधान में हिंदुस्तान की जनता की आवाज है, लेकिन भाजपा के लोग अमीरों की मदद करने के लिए, जनता का धन लूटने के लिए और संविधान को कुचलने के लिए वोट चोरी करते हैं।

भागलपुर की जनता से उन्होंने कहा, मैं बस यही कहना चाहता हूं, भाजपा और चुनाव आयोग के लोग बिहार की जनता के बारे में नहीं जानते हैं।? बिहार की जनता यहां किसी कीमत पर वोट चोरी नहीं होने देगी। अंत में राहुल गांधी ने जनसभा में मौजूद लोगों से महागठबंधन के प्रत्याशी को जिताने की अपील की। इस दौरान मंच पर भागलपुर विधानसभा से कंग्रेस प्रत्याशी अजीत शर्मा, कहलगांव विधानसभा से कंग्रेस प्रत्याशी प्रवीण सिंह कुशवाहा, ललन यादव सहित अन्य महागठबंधन के नेता मौजूद थे।

# कालूघाट और हल्दिया टर्मिनल पीपीपी ऑपरेटर को सौंपे गए, कार्गो संचालन शुरू

एजेंसी

नई दिल्ली। बिहार के कालूघाट में भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण के इंटरमॉडल टर्मिनल (आईएमटी) को पीपीपी ऑपरेटर एसएपीएल समिट एलायंस पोर्ट ईस्ट गेटवे इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को सौंप दिया गया। यह टर्मिनल सारण जिले में स्थित है और विभिन्न प्रकार के कार्गो को संभालने के लिए डिजाइन किया गया है। साथ ही विश्व बैंक की वित्तीय और तकनीकी सहायता से आईडब्ल्यूएआई द्वारा निर्मित, पश्चिम बंगाल में हल्दिया मल्टी-मॉडल टर्मिनल में कार्गो संचालन शुरू हो गया, जहां से टाटा स्टील का ग्रेनुलेटेड ब्लास्ट फर्नेस स्लैग असम के पांडु के लिए रवाना किया गया। हल्दिया टर्मिनल की वार्षिक कार्गो हैंडलिंग क्षमता 3.08 मिलियन मीट्रिक टन है। भारतीय बंदरगाह, पोत और जलमार्ग मंत्रालय के मुताबिक, कालूघाट टर्मिनल का संचालन और रखरखाव पीपीपी मॉडल के तहत किया जाएगा। एसएपीएल कुल राजस्व का 38 प्रतिशत आईडब्ल्यूएआई को देगा, जिससे सार्वजनिक हित और व्यावसायिक दक्षता में संतुलन सुनिश्चित होगा। हल्दिया टर्मिनल की वार्षिक कार्गो क्षमता 3.08 मिलियन मीट्रिक टन है। आईडब्ल्यूएआई के अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने कहा कि कालूघाट और हल्दिया टर्मिनल का पीपीपी ऑपरेटर को हस्तांतरण टर्मिनल संचालन और माल ढुलाई की दक्षता बढ़ाने में अहम है। यह कदम राष्ट्रीय जलमार्ग एक पर एकीकृत मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स नेटवर्क के दृष्टिकोण के अनुरूप है।

# सीबीआई ने झारखंड में सीसीएल के मैनेजर को रिश्वत लेते हुए किया गिरफ्तार

नई दिल्ली । केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने झारखंड के सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) के डाकरा प्रोजेक्ट ऑफिस के मैनेजर और पर्सनल-एचआर दीपक गिरी को रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया। आरोपित ने शिकायतकर्ता से 50 हजार रुपये की रिश्वत स्वीकार की। सीबीआई के मुताबिक एजेंसी ने गुरुवार को इस मामले में प्राथमिकी दर्ज की थी। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि आरोपी ने सहानुभूतिपूर्ण आधार पर नियुक्ति की प्रक्रिया के लिए 1 लाख 50 हजार रुपये की रिश्वत मांगी थी। आरोपित ने 50 हजार रुपये की पहली किस्त स्वीकार करने पर सहमति जताई। सीबीआई ने जाल बिछाकर आरोपी को रंगे हाथ शिकायतकर्ता से पहली किस्त की रिश्वत स्वीकार करते गिरफ्तार कर लिया।

# इंदौर की एक और गौरवपूर्ण उपलब्धि, अंतरराष्ट्रीय पैरा एथलीट पूजा गर्ग राष्ट्रीय पुरस्कार 2025 के लिए चयनित

एजेंसी



इंदौर । मध्य प्रदेश के इंदौर शहर को एक और गौरवपूर्ण उपलब्धि प्राप्त हुई है। इंदौर की बेटी और अंतरराष्ट्रीय पैरा एथलीट पूजा गर्ग (अग्रवाल) का चयन भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा घोषित ल्लराष्ट्रीय पुरस्कार 2025ङ्क के लिए किया गया है। उन्हें यह सम्मान ल्लश्रेष्ठ दिव्यांगजनङ्क श्रेणी में प्रदान किया जाएगा। यह पुरस्कार दिसंबर 2025 में नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु प्रदान करेंगी।

जनसम्पर्क अधिकारी महिपाल अजय ने शुक्रवार को जानकारी देते हुए बताया कि पूजा गर्ग की जीवन यात्रा साहस, संघर्ष और प्रेरणा का प्रतीक है। वर्ष 2010 में एक गंभीर दुर्घटना में रीढ़ की हड्डी (स्पाइनल कॉर्ड) में चोट लगने के बाद भी उन्होंने हार नहीं मानी। कठिन पुनर्वास और 13 सर्जरियों के बाद उन्होंने न केवल सामान्य जीवन की ओर वापसी की, बल्कि कैंसर जैसी गंभीर बीमारी को भी मात दी। आज वे भारत की अंतरराष्ट्रीय पैरा कैनो खिलाड़ी हैं और एशियन पैरा कैनो चैंपियनशिप 2025 (थाईलैंड) में दो कांस्य पदक जीतकर देश का गौरव बढ़ा चुकी हैं। वर्ष 2024 में उन्होंने 14 हजार 400 फीट ऊँचे नाथुला पास (सिक्किम) पर मोटरबाइक से पहुँचकर भारतीय तिरंगा लहराया, जिसके लिए उनका नाम ल्लवर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स ऽ लंदनङ्क में दर्ज किया गया।

जनसम्पर्क अधिकारी के अनुसार खेलों के साथ-साथ वे एक सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में भी सक्रिय हैं। अपनी संस्था ल्लपंखों की उड़ान चैरिटेबल फाउंडेशनङ्क के माध्यम से वे देशभर में गुड टचऽबैड टच, आत्मरक्षा, कैंसर जागरूकता और खेल प्रेरणा अभियानों का संचालन कर रही हैं, जिससे हजारों बच्चों और युवाओं में आत्मविश्वास और जागरूकता का संचार हुआ है। पूजा गर्ग को जिला प्रशासन द्वारा दिव्यांगजनों के लिए सुगम मतदान सुनिश्चित करने हेतु गठित ल्लडिस्ट्रिक्ट मॉनिटरिंग कमेटी ऑन एक्सेसिबल इलेक्शनङ्क की सदस्य के रूप में भी नामांकित किया गया है।

# पेज एक का शेष

## वंदे मातरम...

कोशिश करेंगे । इस सोच से निपटने के लिए हमें आनंदमठ के प्रकरण को ध्यान में रखकर कदम उठाना होगा। उन्होंने कहा भारत माता की 140 करोड संतान और उनकी 280 करोड भुजाएं हैं । हमारे लिए कुछ भी असंभवन नहीं है। आत्मनिर्भर भारत का संकल्प पूरा करना सबका संकल्प होना चाहिए।

वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने पर देशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए श्री मोदी ने कहा कि हर रचना एक मूल संदेश होता है मूल भाव होता है और वंदे मातरम का मूल भाव भारत और मां भारती है। भारत की शाश्वत संकल्पना है। भारत ने इसी के आधार पर अपनी एक सांस्कृतिक पहचान बनाई ए ताकत और नैतिकता के बीच संतुलन बनाया। भारत की यह संकल्पना उसकी वैचारिक शक्ति है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि वंदे मातरम के हर एक शब्द का अपना महत्व है और यह हर दौर हर कालखंड में प्रासंगिक है इसने अमरत्व प्राप्त किया है। उन्होंने कहा कि कुछ शताब्दी पूर्व वैश्विक जीडपी का एक चौथाई हिस्सा भारत के पास था और बंकिम बाबू ने इसके माध्यम से समृद्ध भारत का आह्वान किया। उनका मानना था कि भारत अपने स्वर्णिम दौर को पुनर्जीवित कर सकता है।

श्री मोदी ने कहा कि वंदे मातरम केवल आजादी का गान ही नहीं बना बल्कि इसने आजाद भारत का सपना भी प्रस्तुत किया। वंदे मातरम ने हर भारतीय की भावना को व्यक्त किया। आजादी की लड़ाई में नयी चेतना भरी। उन्होंने कहा किमौजूदा भू राजनीतिक परिस्थितयों में भारत की चेतना अलग है और उसकी अवधारणा भी अलग है। उन्होंने कहा भारत में मां जननी भी है और पालनहारिणी और संहारकारिणी भी है। नया भारत आतंक के विनाश के लिए दुर्गा भी बनना जानता है।

उन्होंने कहा कि वंदे मातरम आजादी के परवानों का तराना होने के साथ ही यह भी बताता है कि इस आजादी की रक्षा कैसे करनी है। यह बताता है कि देश ज्ञान ए विज्ञान और प्रौद्योगिकी में शीर्ष पर हो और सुरक्षा के लिए आत्मनिर्भर भी हो। उन्होंने उम्मीद जताई कि वंदे मातरम का मंत्र इस अमृत यात्रा में निरंतर शक्ति और प्रेरणा देगा।

## वंदे मातरम...

अमित शाह ने कहा कि वंदे मातरम ने भारत के विभाजन, गदर पार्टी, आजाद हिंद फौज और रॉयल इंडियन नेवी विद्रोह में भी लोगों में साहस और एकता पैदा की। महात्मा गांधी ने भी माना कि इस गीत में इतनी शक्ति है कि यह सबसे सुस्त रक्त को भी झकझोर सकता है। उन्होंने बंकिम चंद्र के शब्दों का उल्लेख करते हुए कहा कि यह गीत आज भी हमें अपने इतिहास, संस्कृति, मूल्य और परंपराओं के महत्व का स्मरण कराता है।

गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 26 अक्टूबर को मन की बात में वंदे मातरम की गौरवशाली विरासत की याद दिलाई थी। इस गीत के 150 वर्ष पूरे होने पर केंद्र सरकार ने पूरे देश में एक साल तक कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया है। इन कार्यक्रमों के माध्यम से वंदे मातरम् का पूर्ण संस्करण देशभर में गूंजेगा और युवाओं में सांस्कृतिक राष्ट्रवाद और देशभक्ति की भावना को मजबूत करेगा। यह गीत केवल अतीत की याद नहीं बल्कि भविष्य की प्रेरणा भी है और यह हमें विकासशील भारत 2047 के लिए आत्मविश्वास, आत्मनिर्भरता और नए भारत की दिशा में मार्गदर्शन करता रहेगा। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम आज भी देशवासियों को एकजुट करने, राष्ट्रीय गौरव और सामूहिक चेतना जगाने का कार्य करता है। यह गीत हर भारतीय के हृदय में देशभक्ति और जिम्मेदारी की भावना पैदा करता है और आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बने रहेगा।

## भारत...

की शिक्षा में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। उन्होंने छात्रों से अपने प्रयासों पर ध्यान केंद्रित करने, हार और सफलता को संतुलित दृष्टिकोण से लेने और कठिन परिश्रम के माध्यम से सफलता पाने की सलाह दी। इस अवसर पर हरियाणा के पंचायत और विकास मंत्री कृष्ण लाल पंवार, एसआरएम यूनिवर्सिटी चेन्नई के संस्थापक और कुलाधिपति डॉ. टी. आर. पारिवेन्धर, एसआरएम यूनिवर्सिटी सोनीपत के कुलाधिपति डॉ. रवी पचमुथु और कुलपति प्रो. परमजीत सिंह जसवाल मौजूद रहे।

## दिल्ली....

निकालने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रही है। लेट हुई उड़ानों में सवार यात्रियों से धैर्य बनाए रखने का अनुरोध किया गया है। एयर इंडिया एयरलाइंस की ओर से यात्रियों को बताया गया कि जल्द ही परिचालन सामान्य हो जाने की उम्मीद है। बयान में कहा गया है कि दिल्ली में एटीसी सिस्टम में आई एक तकनीकी समस्या सभी एयरलाइनों के उड़ान संचालन को प्रभावित कर रही है, जिससे हवाई अड्डे और विमान में देरी और लंबा इंतज़ार हो रहा है। इस अप्रत्याशित व्यवधान के कारण हुई असुविधा के लिए हमें खेद है, जो हमारे नियंत्रण से बाहर है और हम आपके धैर्य की सराहना करते हैं। हमारे केबिन क्रू और हवाई अड्डे पर मौजूद कर्मचारी यात्रियों की असुविधा को कम करने के लिए तत्काल सहायता प्रदान कर रहे हैं। साथ ही अनुरोध किया गया है कि हवाई अड्डे पर जाने से पहले https://airindia.com/in/en/manage/flight-status.html पर अपनी उड़ान की स्थिति जांच लें।

## मैं भारत...

भारत द्वारा रूस से तेल आयात किए जाने के कारण भारत और अमेरिका के बीच महीनों से बाधित व्यापार वार्ता हाल ही में बहाल हुई है। हालांकि भारत ने अभी तक रूस से तेल ना खरीदने के राष्ट्रपति ट्रंप के दावे की स्पष्ट तौर पर पुष्टि नहीं की है। भारत चीन के बाद रूसी तेल का दूसरे सबसे बड़ा आयातक देश है। इस बीच ट्रंप प्रशासन भारत को बाध्य कर रहा है कि वह रूस की बजाय अमेरिका से तेल और गैस का आयात करे। पिछले साल तक दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार 190 अरब डालर तक पहुंच गया था जिसने अमेरिका को भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझीदार बना दिया था। प्रधानमंत्री मोदी और ट्रंप इसे 500 अरब डालर तक पहुंचाने का लक्ष्य रखते हैं। इस बीच नई दिल्ली में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की भारत यात्रा को लेकर बयान के बारे में प्रतिक्रिया पूछे जाने पर कहा कि उन्हें इस संदर्भ में किसी भी प्रकार की जानकारी नहीं है। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, ''मैं इस समय आपकों इस बारे में कोई जानकारी नहीं दे सकता। इस बाबत जानकारी मिलने पर मैं आप सबके साथ इसे साझा करूंगा।''

## हिन्दू एकता...

बल्कि विचारों में हिंदू राष्ट्र चाहते हैं, इसलिए दिल्ली की शक्तिपीठ से वृन्दावन की भक्ति नगरी यह पदयात्रा निकल रही है। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और दिल्ली के मंत्री कपिल मिश्रा इस यात्रा की शुभारंभ में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने एक्स पर पोस्ट पर इसे साझा करते हुए कहा कि यह पदयात्रा सनातन संस्कृति की आत्मा को पुनः जाग्रत करते हुए पूरे देश में एकता, श्रद्धा और आध्यात्मिक चेतना का संदेश देगी। उन्होंने कहा कि इस आध्यात्मिक यात्रा के माध्यम से हमारे आस्था और एकत्व के संस्कार पुनः पुष्ट हो रहे हैं। इसमें शामिल होना एक अत्यंत अलौकिक और भावनात्मक अनुभव रहा। मुख्यमंत्री ने श्री बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर धीरेंद्र शास्त्री को दिल्ली से ब्रजभूमि तक इस पावन 'सनातन हिन्दू एकता पदयात्रा' के सफल संपादन के लिए शुभकामनाएं दी। कपिल मिश्रा ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि बाबा बागेश्वर धाम सरकार के पावन सानिध्य में दिल्ली से वृंदावन तक आरंभ हुई सनातन एकता पदयात्रा- यह केवल कदमों की चाल नहीं, आस्था और विश्वास की पुकार है, संस्कृति के संरक्षण और सनातन एकता के पुनर्ज़ागरण का महायज्ञ है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का इस पदयात्रा में सम्मिलित होना, यह प्रमाण है कि जब शासन और सनातन संस्कार एक पथ पर चलते हैं, तब संस्कृति अमर होती है, और राष्ट्र मजबूत बनता है।

## वायु सेना...

हो गया है, इसलिए अब उत्पादन में तेजी आएगी। जीई ने अगले साल 20 इंजन देने का वादा किया है, जिसके लिए शीर्ष प्रबंधन के साथ एक बैठक की है।

## राजद ...

तक सबसे बड़ी जीत होगी। महिलाओं का सम्मान करना राजग जानती है। पहले नगर निकाय व पंचायत चुनाव में 50 प्रतिशत आरक्षण दिया, फिर नौकरी में 35 प्रतिशत और अब रोजगार के लिए एक करोड़ 40 लाख बहनों के खाते में 10-10 हजार रुपये दिए गए। रोजगार के लिए उन्हें दो लाख रुपये दिए जाएंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने याद दिलाते हुए कहा, '' मैंने जो कहा वही किया। कश्मीर से धारा-370 समाप्त कराया। अगड़े वर्ग के गरीबों को आर्थिक सुधार के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण दिया। मैं जो कहता हूं वहीं करता हूं। बिहार में 60 लाख गरीब परिवारों को पक्का घर दिया। इसमें सभी वर्ग के लोग शामिल हैं। घर-घर मुफ्त बिजली के साथ किसानों को सम्मान राशि दी जा रही है। इस बार सरकार बनी, तो किसानों के सम्मान राशि में तीन हजार की बढ़ोतरी होगी। प्रत्येक वर्ष किसानों को नौ हजार रुपये मिलेंगे।'' प्रधानमंत्री ने मंच से राजग उम्मीदवारों को विजयी बनाने और बिहार में एक बार फिर से राजग की सरकार बनाने का आह्वान किया।

## स्वर्णिम बिहार...

नीतीश कुमार के नेतृत्व में एलईडी की दूधिया रोशनी में सुशासन की सुदृढ़ नींव बनाने की ओर अग्रसर हुआ है। राजग ने पिछले 20 वर्ष में राजद और कंग्रेस के पापों के गड्ढों को भरने, अराजकता-भ्रष्टाचार को नियंत्रित करने व सुशासन की आधारशिला को सुदृढ़ करने में लगाया। समृद्ध बिहार की नींव पुख्ता करने के लिए प्रदेश बढ़ चुका है, इसलिए राजग सरकार बिहार में फिर से आवश्यक है।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भोजपुरी की मिठास दुनिया में हर जगह पहुंची है। भोजपुरिया लोगों ने बंजर दीपों को भी उपजाऊ बनाने का कार्य किया है। भोजपुरी संस्कृति जहां भी गई, उस क्षेत्र को उपजाऊ बनाया। बिहार, मैथिली और भोजपुरी छठ गीतों के माध्यम से वैश्विक पहचान दिलाने वाली शारदा सिन्हा की भी धरा है। उन्हें पद्म पुरस्कार राजग सरकार ने ही दिया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कलाकार भगवान की अनमोल धरोहर होते हैं। कला का सम्मान होना चाहिए। राजग ने भोजपुरी के बड़े कलाकार को लौरिया से मैदान में उतारा है। हमने भी यूपी में भोजपुरी के दो कलाकारों को चुनाव लड़ाया। मैंने गोरखपुर से अपनी संसदीय सीट छोड़कर भोजपुरी कलाकार रवि किशन को दी। भोजपुरी कलाकार दिनेश लाल यादव को भी हमने आजमगढ़ से सांसद बनवाया था। सुशासन की सुदृढ़ नींव में ही स्वर्णिम बिहार की संकल्पना साकार होगी। लौरियावालों को अर्जुन की तरह एकटक निशाना केवल कमल के फूल पर रखकर ईवीएम का बटन दबाना है।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राजग के समर्थन में पहले चरण में बिहार की माताओं, किसानों, नौजवानों का उत्साह दिखा। बिहार की धरती पर 65 फीसदी मतदान बताता है कि 14 नवंबर को ईवीएम खुलेगी, तो फिर एक बार राजग सरकार का नारा साकार होगा।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने कहा कि आज राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' के 150 वर्ष पूर्ण हुए हैं। 1875 में बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय ने भारत की स्वाधीनता के लिए नौजवानों के मन में आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और राजनैतिक चेतना को नया स्वर देने के लिए जिस कृति की रचना की, 'वन्दे मातरम्' उसका अमर गीत बन गया। इसे गाते-गाते भारत का नौजवान फांसी के फंदे पर झूल जाता था, लेकिन स्वाधीनता के मंत्र से कभी भटका नहीं।

सीएम योगी ने कहा कि कंग्रेस कहती है कि राम-कृष्ण हुए ही नहीं। मोदी जी के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार आई तो अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण हुआ। मां जानकी भी वहां विराजमान हुई हैं। महर्षि वाल्मीकि के नाम पर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट, रैन बसेरा निषादराज के नाम पर, जबकि रसोई मां शबरी के नाम पर है। यह सामाजिक न्याय है। सीतामढ़ी में मां जानकी के भव्य मंदिर का निर्माण हो रहा है।

योगी को देखने उमड़ा जनसैलाब

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को देखने और सुनने के लिए जनसैलाब उमड़ पड़ा। खचाखच भरे मैदान के साथ ही विभिन्न भवनों की छतों, दीवारों व पेड़ों पर लोग खड़े रहे। पूरा जनसमुदाय बुलडोजर बाबा जिंदाबाद की गूंज से गुंजायमान हो उठा। जयश्री राम, बुलडोजर बाबा लिखी पट्टी लेकर युवाओं ने जनसभा स्थल पर योगी आदित्यनाथ का अभिनंदन किया।

## जंगल राज ...

समय में बिहार में उद्योग का प्रयास किया जाएगा। श्री शाह ने विपक्ष के महागठबंधन राहुल गांधी तेजस्वी यादव एवं लालू यादव पर करारा प्रहार किया।

उन्होंने कहा की फिर से जंगल राज नहीं चाहिए तो एनडीए के भाजपा प्रत्याशी इंजीनियर कुमार शैलेंद्र भारी मतों से विजई बनाकर भेजने का कार्य करें। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दावा किया है कि आधे बिहार में लालू यादव की पार्टी राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) का सुपड़ा साफ हो गया है।

उन्होंने बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के पहले चरण की वोटिंग का जिक्र करते हुए यह बात कही। उन्होंने आरोप लगाया कि जंगलराज भेस बदलकर फिर से बिहार में लाने का प्रयास किया जा रहा है। महागठबंधन पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि इनका ना कोई नेता है और ना नीति है। विपक्षी पार्टियां आमने-सामने ही चुनाव लड़ रही हैं। उन्होंने कहा ?कि लालू जी बीमार हैं, साथ में बेटा है। वह शहाबुद्दीन के बेटे को टिकट दे रहे हैं। लालू का बेटा नारा लगा रहा है कि शहाबुद्दीन अमर रहे। भागलपुर वाले दंगों को नहीं भूले हैं। फिर से शहाबुद्दीन का समय वापस नहीं लाना है। ओसामा मैदान में है, अगर वो चुनाव जीतता है, शहाबुद्दीन के कल्चर वाले चुनाव जीतते हैं, तो भागलपुर में फिर से दंगे होंगे।

अमित शाह ने कहा कि भाजपा और एनडीए के पांच पांडव की तरह मजबूती के साथ चुनाव लड़ रहे हैं। नरेंद्र मोदी और नीतीश कुमार के नेतृत्व में एकजुट होकर एनडीए चुनाव लड़ रहा है। मंच के संचालन प्रो.फ़ेसर गौतम कुमार कर रहे थे। मौके पर केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने भी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि पहले बच्चियों को स्कूल ड्रेस नहीं था, साइकिल नहीं थे। आज शिक्षा में सुधार हुआ है नीतीश सरकार ने बच्चियों को पढ़ने के लिए काफी व्यवस्था किए हुए हैं। प्रत्येक महिला को स्वरोजगार करने के लिए एवं आत्मनिर्भर करने के लिए जो राशि दिया गया है वह राशि वापस नहीं करना है। मौके पर सभी प्रखंडों के प्रखंड अध्यक्ष जिला अध्यक्ष आदि लोग मौजूद थे।

## बिहार ...

में जनसभा की। जनसभाओं को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विपक्ष पर हमला किया। उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों ने अब तक कुछ नहीं किया है, सिर्फ अफवाह फैलाने का काम किया है। उन्होंने महिलाओं को आश्वस्त करते हुए कहा कि जो 10-10 हजार रुपए दिए गए हैं, उन्हें वापस नहीं लिया जाएगा, अफवाहों में न पड़ें। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने हिंदू और मुस्लिम दोनों समुदायों के हित में कार्य किया है। हमने मदरसों का सरकारीकरण किया है, वहीं मंदिरों की सुरक्षा भी बढ़ाई है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद देते हुए नीतीश कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री बिहार के लिए लगातार काम कर रहे हैं और समय-समय पर यहां आकर जनता से पूछते हैं कि कोई परेशानी तो नहीं है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने जनता से दोनों उम्मीदवारों को जीताने की अपील की। सभा में मौजूद महिलाओं से उन्होंने अपने परिचित अंदाज़ में हाथ उठाकर समर्थन मांगा और कहा कि बिहार में विकास और शांति बनाए रखने के लिए राजग को वोट दें। जदयू प्रत्याशी शालिनी मिश्रा ने कहा कि आज मुख्यमंत्री ने फिर साफ कर दिया कि महिलाओं को जो 10-10 हजार रुपए मिले हैं, वे वापस नहीं लिए जाएंगे। विपक्ष की फैलाई अफवाहों को महिलाएं समझ चुकी हैं, इसलिए पहले चरण में उन्होंने बढ़-चढ़कर मतदान किया है।

# बिहार में पहले चरण का चुनावी रण खत्म होने के साथ दूसरे चरण के 122 सीटों के लिए तैयारी तेज

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



पटना। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के पहले चरण का मतदान गुरुवार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया। इस चरण में 18 जिलों की 121 विधानसभा सीटों पर वोट डाले गए। पहले चरण में हुए बंपर वोटिंग के बाद सभी दलों की नजर अब राज्य के बाकी बचे 122 सीटों पर केंद्रित हो गया है। सभी राजनीतिक दल अपने उम्मीदवारों और वोट बैंक को मजबूत करने के लिए एक्टिव मोड में नजर आ रहे हैं। इस क्रम में आज बिहार के कई जिलों में प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री से लेकर केन्द्र मंत्रियों और बड़े नेताओं का कार्यक्रम तय है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज औरंगाबाद और भभुआ में एनडीए प्रत्याशी के समथन में चुनावी सभा करेंगे। शिवहर में केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान का कार्यक्रम पुरनहिया में होगा, जबकि केंद्रीय मंत्री ललन सिंह का प्रचार डोर-टू-डोर कार्यक्रम के रूप में आयोजित किया जाएगा। वहीं, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समाहरणालय मैदान में चुनावी सभा करेंगे। कार्यक्रम के जानकारी शिवहर से जदयू प्रत्याशी स्वेता गुप्ता ने दी। दरअसल बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के चुनाव में सीधा मुकाबला भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) की अगुवाई वाले महागठबंधन के बीच माना जा रहा है।हालांकि इन दोनों के बीच जनसुराज पार्टी ने भी अपनी पूरी ताकत लगा दी है। दूसरे चरण का मतदान 11 नवंबर को होगा। इस चरण में 122 विधानसभा सीटों पर मतदान होना है। दूसरे चरण में इन विधानसभा क्षेत्रों में होना है मतदानः दूसरे चरण में वाल्मीकिनगर, रामनगर (एससी), नरकटियागंज, बगहा, लौरिया, नौतन, चनपटिया, बेतिया, सिकटा, रक्सौल, सुगौली, नरकटिया, हरसिद्धि (एससी), गोविंदगंज, केसरिया, कल्याणपुर, पिपरा, मधुबन, मोतिहारी, चिरैया, ढाका, शिवहर, रीगा, बथनाहा (एससी), परिहार, सुरसंड, बाजपट्टी, सीतामढ़ी, रून्नीसैदपुर, बेलसंड, हरलाखी, बेनीपट्टी, खजौली, बाबूबरही, बिस्फी, मधुबनी, राजनगर (एससी), झंझारपुर, फुलपरास, लौकहा, निर्मली, सुपौल, त्रिवेणीगंज (एससी), छातापुर, नरपतगंज, रानीगंज (एससी), फारबिसगंज, अररिया, जोकीहाट, सिकटी, बहादुरगंज, ठाकुरगंज, किशनगंज, कोचाधामन, अमौर, बैसी, कसबा, बनमनखी (एससी), रुपौली सीट के लिए चुनाव होंगे। इसके अलावा धमदाहा, पूर्णिया, कटिहार, कदवा, बलरामपुर, प्राणपुर, मनिहारी (एसटी), बरारी, कोरहा (एससी), बिहपुर, गोपालपुर, पीरपैंती (एससी), कहलगांव, भागलपुर, सुलतानगंज, नाथनगर, अमरपुर, धोरैया (एससी), बांका, कटोरिया (एसटी), बेलहर, रामगढ़, मोहनिया (एससी), भभुआ, चैनपुर, चेनारी (एससी), सासाराम, करगहर, दिनारा, नोखा, डेहरी, काराकाट, अरवल, कुर्था, जहानाबाद, घोसी, मखदुमपुर (एससी), गोह, ओबरा, नबीनगर, कुटुम्बा (एससी), औरंगाबाद, रफीगंज, गुरुआ, शेरघाटी, इमामगंज (एससी), बाराचट्टी (एससी), बोधगया (एससी), गया टाउन, टिकारी, बेलागंज, अत्रि, वजीरगंज, रजौली (एससी), हिसुआ, नवादा, गोबिंदपुर, वारसलिगंज, सिकंदरा (एससी), जमुई, झाझा और चकाई सीटों पर वोट डाले जाएंगे।

# वन्दे मातरम गीत केवल शब्दों का संयोजन नहीं, बल्कि यह गीत भारत की आत्मा की आवाजः सतपाल महाराज

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

हरिद्वार। राष्ट्रगीत वन्दे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने के उलक्ष्य में ऋषिकुल आर्वेदिक महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका जनपद के प्रभारी एवं कैबीनेट मंत्री सतपाल महाराज ने दीप जलाकर किया। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह द्वारा राष्ट्रीय गीत वन्दे मातरम गाया गया। इसके पश्चात दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम को बड़ी एलईडी स्क्रीन पर लाइव देखते हुए प्रधामनंत्री जी के ओजस्वी भाषण को सुना। जनपद के विभिन्न संस्थानों, विद्यालयों तथा कार्यालयों में वन्दे मातरम कार्यक्रम का आयोजन किया गया तथा राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी सुना गया। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में एक साल तक मनाए जाने वाले स्मरणोत्सव की दिल्ली से शुक्रवार को शुरुआत की। इस अवसर पर प्रधानमंत्री द्वारा एक स्मारक डाक टिकट और सिक्का भी जारी किया। देश के स्वतंत्रता आंदोलन को प्रेरित करने और राष्ट्रीय गौरव एवं एकता को बनाए रखने में अहम भूमिका निभाने वाले राष्ट्रगीत के 150 वर्ष पूरे होने का जश्न मनाया जा रहा है,जोकि तीन चरणों में एक वर्ष तक चलेगा। इस अवस पर जनपद प्रभारी एवं कैबीनेट मन्त्री सत्पाल महाराज ने स्वतंत्रता संग्राम में ऐतिहासिक भूमिका निभाने वाले राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने पर सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने 01 अक्टूबर, 2025 को निर्णय लिया कि वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने पर देशभर में भव्य उत्सव आयोजित किए जायें। उन्होंने इस दूरदर्शी निर्णय के लिए देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी को धन्यवाद देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री की प्रेरणा से इस गौरवमय उत्सव का आयोजन पूरे देश में किया जा रहा है। उन्होंने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि 07 नवंबर 1875 को पुनर्ज़ागरण काल के प्रमुख साहित्यकार बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा रचित वंदे मातरम् गीत आज 150 वर्ष पूर्ण कर रहा है। उन्होंने कहा कि यह गीत केवल शब्दों का संयोजन नहीं है बल्कि यह गीत भारत की आत्मा की आवाज है। इस गीत ने आजादी की लड़ाई में राष्ट्र को एकसूत्र में पिरोने का काम किया है। इस गीत ने ब्रिटिश हुकूमत की चूलें हिला कर रख दी थीं। उन्होंने कहा कि यह वह गीत है जिसे आजादी के दिवानों ने गाते हुए फांसी के फंदों को चुमकर गले लगाया था। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम स्वदेशी आंदोलन और आजादी की लड़ाई का प्रेरक नारा भी रहा है। उन्होंने कहा कि बाल गंगाधर तिलक, लाला लाजपत राय, अमर शहीद भगत सिंह और सुभाषचंद्र बोस जैसे क्रांतिकारियों ने इसे अपनी प्रेरणा बनाया। यह हर देशवासियों के हृदय में बस गया। उन्होंने कहा कि ब्रिटिश सरकार ने इसके प्रभाव से भयभीत होकर इस गीत के प्रयोग पर प्रतिबंध भी लगाया था।

# बैंक चोर गिरोह का सरगना 'मामू' गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने बैंक चोरी की वारदातों में सक्रिय अंतरराज्यीय गिरोह 'मामू गैंग' के सरगना को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान बदायूं (उप्र) निवासी कमरुल उर्फ मामू (51) के रूप में हुई है। आरोपित के खिलाफ कर्नाटक राज्य में दर्ज तीन बैंक चोरी के मामलों में गैर-जमानती वारंट जारी था। क्राइम ब्रांच के पुलिस उपायुक्त हर्ष इंदौरा ने शुक्रवार को बताया कि जांच में खुलासा हुआ कि कमरुल उर्फ मामू एक संगठित अंतरराज्यीय गिरोह का सरगना है, जो कई राज्यों में बैंकों को निशाना बनाता था। यह गिरोह खासतौर पर कर्नाटक और महाराष्ट्र में सक्रिय था। गिरोह के सदस्य बैंकों की रेकी करने के लिए फलों के ठेले लगाकर आम लोगों के बीच घुलमिल जाते थे और फिर रात के अंधेरे में वारदात को अंजाम देते थे। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि पांच नवंबर को एसआई रवि भूषण को पुख्ता सूचना मिली कि कर्नाटक और महाराष्ट्र पुलिस को वांछित बैंक चोर कमरुल उर्फ मामू दिल्ली के महावीर एन्क्लेव-क्रक्रक इलाके में फल विक्रेता बनकर रह रहा है। सूचना को पुख्ता कर पुलिस टीम ने 60 फूटा रोड, उत्तम नगर स्थित महावीर एन्क्लेव इलाके में घेराबंदी कर छापा मारा और आरोपित को धर दबोचा। पूछताछ में आरोपित ने खुलासा किया कि वह स्वयं मामू गैंग का सरगना है। यह गैंग दिन में फलों के ठेले लगाकर बैंक के आसपास रेकी करता था। गिरोह के सदस्य बैंक में आने-जाने वालों की गतिविधियों पर नजर रखते, सुरक्षा व्यवस्था को परखते और रात में वारदात को अंजाम देते थे। वारदात के बाद गिरोह के सदस्य शहर छोड़कर दूसरे राज्यों में चले जाते थे और फिर वहीं से नई जगह रेकी शुरू कर देते थे। इस तरह वे लंबे समय तक पुलिस की पकड़ से बचते रहे। जांच में पता चला है कि कमरुल उर्फ मामू का आपराधिक रिकॉर्ड बेहद लंबा है।

# असम-दिल्ली के बीच चल रहे अंतरराज्यीय सिगरेट तस्करी गिरोह का भंडाफोड़, चार गिरफ्तार

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने असम से दिल्ली तक चल रहे प्रतिबंधित सिगरेट तस्करी गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने इस संबंध में चार आरोपितों को गिरफ्तार कर करीब 31 लाख मूल्य की अवैध सिगरेट जब्त की है। पकड़े गए आरोपितों की पहचान सुल्तानपुरी निवासी संतोष (53), नरेला निवासी मंतोष (43), गुवाहाटी असम निवासी किशोर (44) और नया बांस, दिल्ली निवासी वसीम उर्फ बादशाह (46) के रूप में हुई है। क्राइम ब्रांच के पुलिस उपायुक्त हर्ष इंदौरा ने शुक्रवार को बताया कि 28 अक्टूबर को एएसआई तरुण सिंह रावत को गुप्त सूचना मिली थी कि असम से दिल्ली अवैध सिगरेट की बड़ी खेप आ रही है। सूचना को पुख्ता कर टीम ने मोरी गेट इलाके में छापा मारकर एक ट्रक को रोका। जिसकी तलाशी लेने पर बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित सिगरेट बरामद हुई। ब्लैक ब्रांड के पैकेटों पर अनिवार्य स्वास्थ्य चेतावनी व पैकेजिंग विवरण नहीं था, जबकि गोल्ड फ्लैक ब्रांड के दस्तावेज अधूरे पाए गए। इस पर एफआईआर दर्ज कर ट्रक चालक संतोष सिंह को मौके से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में संतोष ने बताया कि वह करोल बाग स्थित एम/एस शिव शक्ति ट्रांसपोर्ट का मालिक है। उसे असम से फोन और मैसेंजर के जरिये ट्रांसपोर्ट के ऑर्डर मिलते थे। प्रतिबंधित सिगरेट असम से लाकर बवाना इंडस्ट्रियल एरिया में स्कूटी सवार मंतोष की मदद से उतारी जाती थी और आगे मोरी गेट भेजी जाती थी। तकनीकी जांच और सीसीटीवी फुटेज से स्कूटी का नंबर मिला और पुलिस ने मंतोष कुमार को भी दबोच लिया। मंतोष ने पूछताछ में बताया कि वह एम/एस डबल डायनमिक एसआर ट्रांसपोर्टेशन नामक गुवाहाटी स्थित फर्म के दिल्ली ऑफिस में सुपरवाइजर है और सीधे असम के सप्लायर किशोर से संपर्क में था। किशोर ही अवैध सिगरेट के ट्रक दिल्ली भेजता था। ट्रांजेक्शन रिकॉर्ड और चैट से दोनों के बीच का संपर्क स्पष्ट हुआ। पुलिस ने तकनीकी जांच से असम का ट्रक मुरथल टोल प्लाजा (सोनीपत) के पास से बरामद किया और चालक मोहम्मद इरशाद से पूछताछ की, जिसने बताया कि उसे केवल माल लाने के निर्देश दिए गए थे। बाद में पुलिस ने असम जाकर किशोर को भी गिरफ्तार कर लिया। वहीं किशोर ने पूछताछ में खुलासा किया कि यह सारा माल दिल्ली निवासी वसीम उर्फ बादशाह को भेजा गया था। पुलिस ने वसीम को नया बांस इलाके से गिरफ्तार किया। उसने कबूला कि वह प्रति कार्टन 5,000 से 8,000 तक कमाता था। उसके मोबाइल से मैसेंजर चैट, पेमेंट डिटेल और वॉयस नोट बरामद हुए हैं।

## 'वंदे मातरम' भारत के राष्ट्रीय चरित्र की आत्मा हैः अनुराग रस्तोगी

चंडीगढ़। राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' की 150वीं वर्षगांठ हरियाणा में देशभक्ति के जोश के साथ मनायी गयी। हरियाणा सिविल सचिवालय, चंडीगढ़ में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी मुख्य अतिथि रहे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और भारत माता को पुष्प अर्पित कर की गयी। इसके बाद अधिकारियों, कर्मचारियों और केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के जवानों ने सामूहिक रूप से 'वंदे मातरम' का गायन किया। श्री रस्तोगी ने कहा कि यह गीत केवल शब्द नहीं, बल्कि भारत के राष्ट्रीय चरित्र की आत्मा है, जिसने स्वतंत्रता संग्राम को नयी दिशा दी। उन्होंने कहा कि 1857 के संग्राम के बाद 'वंदे मातरम' ने देश में एकता और स्वाभिमान की भावना जगायी। कार्यक्रम में बंकिमचंद्र चटर्जी को समर्पित प्रदर्शनी लगायी गयी, जिसमें उनके जीवन से जुड़ी झलकियां प्रदर्शित की गयीं। मुख्य सचिव ने बच्चों के साथ मिलकर राष्ट्र गीत का सामूहिक गायन भी किया।

## दिव्यांग व्यक्तियों को वित्तीय सहायता के रूप में 287.95 करोड़ रुपये जारीः डॉ. कौर

चंडीगढ़। पंजाब की सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास मंत्री डॉ बलजीत कौर ने शुक्रवार को कहा कि राज्य सरकार द्वारा अब तक दिव्यांग व्यक्तियों को वित्तीय सहायता के रूप में 287.95 करोड़ रुपये जारी किये जा चुके हैं, जिनका लाभ 2,76,175 योग्य लाभार्थियों को प्राप्त हुआ है। डॉ. कौर ने कहा कि इस योजना को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए सरकार ने चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान 495 करोड़ रुपये का बजट प्रावधान किया है। उन्होंने कहा कि दिव्यांग व्यक्तियों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ना पंजाब सरकार की प्रमुख प्राथमिकता है। इस दिशा में सरकार न केवल वित्तीय सहायता प्रदान कर रही है, बल्कि उन्हें रोज़गार के अवसर, कौशल विकास प्रशिक्षण और सुविधाजनक बुनियादी ढांचे के माध्यम से सशक्त बनाने के कदम भी तेजी से उठा रही है।

# मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने नकदी, शराब और बीज मुफ्त बाँटने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई के आदेश दिए

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

चंडीगढ़। पंजाब के मुख्य निर्वाचन अधिकारी सिबिन सी ने 11 नवंबर को होने वाले तरन तारन सीट के उपचुनाव की अंतिम तैयारियों का जायज़ा लेने के लिए शुक्रवार को जिले के अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक की। बैठक में उपायुक्त-सह-जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) डॉ. रवजोत गरेवाल और चुनाव अधिकारी गुरमीत सिंह उपस्थित थे। बैठक के दौरान सिबिन सी ने चुनाव प्रक्रिया पूरी होने तक चौकसी बढ़ाने के आदेश दिये। उन्होंने कहा कि यदि मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए नकदी, शराब या किसी भी प्रकार की मुफ्त वस्तु बांटने की शिकायत मिलती है, तो उसके विरुद्ध तुरंत और सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाये। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि नौ नवंबर की शाम को चुनाव प्रचार समाप्त होने के बाद किसी भी राजनीतिक दल से जुड़े बाहरी व्यक्ति को तरन तारन क्षेत्र में प्रवेश न करने दिया जाये। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने वास्तविक समय में निगरानी के लिए सभी मतदान केंद्रों की 100 प्रतिशत लाइव वेबकास्टिंग सुनिश्चित करने के आदेश दिये। उन्होंने मतदान बूथों, स्ट्रांग रूमों और मतगणना हॉल में उपयुक्त व्यवस्थाएं करने को कहा ताकि मतदाताओं और चुनाव कर्मियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन पर चुनाव आयोग के निर्देशों के अनुसार समयबद्ध कार्रवाई की जाये। सिबिन सी ने कहा कि पुलिस नाकों पर सीसीटीवी और पेट्रोलिंग टीमों के माध्यम से 24 घंटे निगरानी सुनिश्चित की जाये ताकि शराब, नकदी, नशीले पदार्थ और अन्य वस्तुओं की अवैध तस्करी को रोका जा सके। जिला निर्वाचन अधिकारी और एसएसपी ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को बताया कि उपचुनाव के लिए सभी प्रकार की तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं और चुनाव आयोग के निर्देशों और नियमों के अनुसार चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि निर्वाचन क्षेत्र में कुल 114 स्थानों पर 222 (60 शहरी और 162 ग्रामीण) मतदान केंद्र बनाये गये हैं। इनमें से 100 मतदान केंद्रों को संवेदनशील घोषित किया गया है, जहां सुरक्षा के विशेष प्रबंध किये गये हैं। इसके अलावा नौ मॉडल मतदान केंद्र और महिलाओं के लिए विशेष रूप से समर्पित तीन मतदान केंद्र स्थापित किये गये हैं। साथ ही, दिव्यांग मतदाताओं और युवा मतदाताओं के लिए एक-एक विशेष मतदान केंद्र भी बनाया गया है। सभी मतदान केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे लगाये गये हैं और 100 प्रतिशत वेबकास्टिंग सुनिश्चित की गयी है। एसएसपी ने बताया कि चुनाव आयोग के निर्देशों के अनुसार जिले में नौ नवंबर शाम छह बजे से 11 नवंबर शाम छह बजे तक 'ड्राई डे' घोषित किया गया है। इस दौरान पुलिस और आबकारी विभाग की टीमें अवैध शराब की आवाजाही पर कड़ी नजर रखेंगी।

## जग्गू भगवानपुरिया गैंग के दो सदस्य होशियारपुर से गिरफ्तार, चार पिस्तौल बरामद

होशियारपुर। पंजाब में एंटी-गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) ने होशियारपुर पुलिस के साथ संयुक्त कार्रवाई में जग्गू भगवानपुरिया गैंग के दो सक्रिय सदस्यों को चार आधुनिक हथियारों सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने शुक्रवार को बताया कि गिरफ्तार किये गये आरोपियों की पहचान सविंदर सिंह उर्फ बोधी और सुखमन उर्फ जशन, दोनों निवासी कलानौर, जिला गुरदासपुर के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि बरामद हथियारों में दो ग्लॉक पिस्तौल, एक जिगाना पिस्तौल और एक पीएक्स-30 पिस्तौल शामिल है। पुलिस टीमों ने उनकी मोटरसाइकिल भी जब्त कर ली। श्री यादव ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि दोनों आरोपी जग्गू भगवानपुरिया गैंग के सक्रिय सदस्य थे और अपने विदेशी हैंडलर अमृत दालम के निर्देशों पर काम कर रहे थे। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार दोनों व्यक्ति कलानौर के वडाला बांगर गांव में डॉक्टर हरी सिंह पर मेडिकल दुकान में की गयी गोलीबारी के मामले में वांछित थे। यह गोलीबारी उन्होंने अपने हैंडलर के आदेश पर की थी। उन्होंने कहा कि मामले के आपराधिक नेटवर्क और इसके पिछले-पिछले संबंधों को उजागर करने के लिए आगे की जांच जारी है। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एजीटीएफ) प्रमोद बान ने बताया कि विश्वसनीय सूचना के आधार पर डीएसपी एजीटीएफ जालंधर रेंज जतिंदरजीत सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीमों ने होशियारपुर पुलिस के सहयोग से दसूहा के गांव बोधला में गुरुद्वारा श्री गरना साहिब के पास टी-प्वाइंट से दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। होशियारपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संदीप मलिक ने बताया कि दोनों आरोपी आपराधिक पृष्ठभूमि वाले हैं और उनके खिलाफ हत्या, अपहरण तथा बाल तस्करी से संबंधित कई मामले दर्ज हैं।

# प्रशांत किशोर ने नवादा में डॉ अनुज के पक्ष में रोड शो कर मांगे वोट, कहा बनेगा नया बिहार

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



नवादा। जन स्वराज पार्टी के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने शुक्रवार को नवादा जिले में रोड शो कर जिले के सभी पार्टी प्रत्याशियों के साथ ही नवादा के शिक्षाविद व जनसुराज प्रत्याशी प्रत्याशी डॉ अनुज सिंह को भारी मतों से विजय बनाने का आह्वान किया। गया के रास्ते पहुंचे प्रशांत किशोर को नवादा के प्रत्याशी डॉक्टर अनुज सिंह ने नवादा विधानसभा क्षेत्र की सीमा नारदीगंज प्रखंड के दयाली बीघा मोड़ के पास सैकड़ो वाहनों के काफिले के साथ स्वागत किया। 50 जगहो पर जेसीबी से प्रशांत किशोर के ऊपर फूल बरसाए गए। नारदीगंज , कहुआरा बाजार,नवादा के गोंदापुर चौक ,नवादा के सद्भावना चौक,रजौली बस स्टैंड ,प्रजातंत्र चौक पर प्रशांत किशोर ने भारी संख्या में जुटे मतदाताओं से नवादा के प्रत्याशी डॉक्टर अनुज सिंह को भारी मतों से विजय बनाने का आह्वान किया है। बातचीत करते हुए प्रशांत किशोर ने कहा कि इस बार अपने बेटे की शिक्षा ,अपने बेटों के रोजगार ,बिहार से पलायन रोक कर विकसित बिहार बनाने के उद्देश्य से जात-पात की भावना से ऊपर उठकर मतदान करें। तभी आप अपने बच्चों को बेहतर बना सकते हैं ।उन्होंने कहा कि आज तक जितने सरकार बनी, सब अपने परिवार व अपने लोगों के लिए काम किया। लेकिन बिहार के गरीबो के लिए किसी ने नहीं सोचा ।उन्होंने कहा कि एनडीए तथा महागठबंधन के नेताओं के भरम जाल में नहीं रहे ।महागठबंधन ने 15 वर्षों तक तथा एनडीए ने बिहार में 20 वर्षों तक शासन किया है। तब भी बिहार की बदहाली खत्म नहीं हुई । उन्होंने कहा कि लाखों लोग पलायंनकर रोजगार के लिए दूसरे राज्यों में मार खाने को मजबूर हैं ।इसीलिए नवादा के बेटा डॉक्टर अनुज सिंह को वोट देकर जीतना जरूरी है ।उन्होंने कहा कि राजनीति में प्रशांत किशोर पैसा कमाने नहीं आया है। बल्कि बिहार में जन्म लेने के कारण बिहार का कर्ज चुकाने आया है। उन्होंने कहा कि नवादा में उनका रोड शो ऐतिहासिक रहा। नवादा के लाखों लोगों ने फूल बरसा कर जो स्वागत किया इसे कभी भुला नहीं जा सकता है। उन्होंने नवादा के प्रत्याशी डॉ अनुज सिंह को बेहतर शिक्षाविद के साथ बेहतर राजनेता करार देते हुए कहा कि आप बुलंदी से चुनाव लड़ रहे हैं ।भारी मतों से चुनाव जीतकर आप नवादा वासियों की सेवा करेंगे । सैकड़ों मोटरसाइकिल तथा चार पहिया वाहनों के काफिले के साथ प्रशांत किशोर को नवादा में रोड से ले जाकर खराठ मोड पर विदाई दी गई। निश्चित तौर पर आज का रोड शो को राजनीतिक क्षेत्र में ऐतिहासिक माना जा रहा है।

## राय बहादुर नारायण सिंह शुगर मिल में गन्ना पेराई सत्र का शुभारंभ

हरिद्वार। शुक्रवार को लक्सर स्थित राय बहादुर नारायण सिंह शुगर मिल में हवन-पूजन और तोल काटों की विधिवत पूजा के साथ गन्ना पेराई सत्र 2025-26 का शुभारंभ किया गया। शुभारंभ अवसर पर क्षेत्र के किसानों के साथ-साथ कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। इस मौके पर मिल परिसर में आयोजित कार्यक्रम में हवन यज्ञ के बाद मिल में गन्ने की पेराई शुरू की गई। कार्यक्रम में खानपुर विधायक उमेश कुमार, पूर्व विधायक कुंवर प्रणव सिंह चैंपियन, प्रदेश स्तरीय गन्ना विकास सलाहकार समिति के उपाध्यक्ष (राज्य मंत्री) श्यामवीर सिंह सैनी, गन्ना विकास परिषद के अध्यक्ष अनुराग चौधरी, सचिव सूरजभान सिंह, और मिल के महाप्रबंधक एसपी सिंह, एजीएम बीएस तोमर समेत भारतीय किसान यूनियन क्रांति के राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास सैनी जिला अध्यक्ष अनिल चौधरी प्रदेश प्रभारी पंकज सैनी आदि उपस्थित रहे। इस दौरान मिल में सबसे पहले गन्ना लेकर पहुंचे किसान का सम्मान किया गया। मिल प्रबंधन की ओर से किसान को कंबल और नकद पुरस्कार प्रदान किया गया। मिल के महाप्रबंधक एसपी सिंह ने कहा कि मिल प्रबंधन और किसानों के बीच हमेशा सौहार्दपूर्ण संबंध रहे हैं। किसानों की सुविधा के लिए गन्ना यार्ड में सभी आवश्यक इंतजाम किए गए हैं।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063